फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 324 प्रभात जयपुर, बुधवार 29 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Hemingway & his Wanderlust** What made his writing so real was that he immersed himself in the societies in which he lived. He was not a correspondent nor a tourist or a traveller.

**How Animals See The World**

**Sologamy: Salf love, PR stunt or a way to stall traditional marriage?**

## पी.सी.आई.

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। प्रैस क्लब ऑफ इंडिया (पी.सी.आई.) ने मंगलवार को "ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मुहम्मद ज़ुबेर की गिरफ्तारी की भर्त्सना की। तथ्यों पर नजर रखने वाली (फैक्ट चैंकिग) इस वैबसाइट के सह-संस्थापक को दिल्ली पुलिस ने 2018 के उस ट्वीट के लिये सोमवार को गिरफ्तार किया था, जो, कथितरूप से, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला था।

पी.सी.आई ने कहा कि, यह कितना विडम्बनापूर्ण है कि ज़ुबेर की गिरफ्तारी उसी दिन हुई, जिस दिन

- **प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया ने पत्रकार मोहम्मद जुबेर की गिरफ्तारी की निंदा की तथा तुरन्त रिहाई की मांग की।**

प्रधानमंत्री मोदी, जी-7 में वैश्विक नेताओं तथा चार अन्य देशों के साथ, स्वयं को उस अच्छी घोषणा के साथ जोड़ रहे थे जो, "ऑन लाइन तथा ऑफ लाइन" होने वाले भाषणों की स्वतन्त्रता के संरक्षण से सम्बन्धित थी।

पी.सी.आई ने कहा है कि ज़ुबेर की, यह खुल्लम खुल्ला गिरफ्तारी, वैश्विक मंच पर स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा किये गये देश के संकल्प के खुले उल्लंघन को दर्शाती है।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को उनका 5 दिन का पुलिस रिमांड माँगा। पटियाला हाउस कोर्ट ने पुलिस की दलील पर अपने आदेश को सुरक्षित रख लिया, बाद में अदालत ने उन्हें 4 दिन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# उदयपुर में अतिवादियों ने दर्जी की वीभत्स हत्या की

## मृतक को कुछ दिन पूर्व ही धमकियां मिली थीं, उसने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी

जयपुर, 28 जून (का.प्र.)। भाजपा की ओर से हटाई जा चुकी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। टेलर का काम करने वाले एक युवक की हत्या करने के लिए हमलावर मंगलवार को दिन दहाड़े उसकी दुकान में घुसे और तलवार से कई वार कर उसका गला काट दिया। इसके बाद हत्यारों ने इस पूरे हमले का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर हत्या की जिम्मेदारी भी ली है। आरोपियों ने वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को धमकी दे डाली। इस जघन्य हत्याकांड के बाद दोनों आरोपी रियाज अंसारी और मोहम्मद गौस को राजसमंद जिले के भीम से शाम 7 बजे गिरफ्तार किया गया। उसके बाद पुलिस टीम उन्हें लेकर उदयपुर के लिए रवाना हो गई। घटना के तुरंत बाद उदयपुर पुलिस की 10 टीमों ने पीछा कर दोनों हत्यारों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। राजसमंद से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर भीम थाना इलाके मैं नाकेबंदी के दौरान दोनों की गिरफ्तारी हुई है।

राज्य सरकार ने उदयपुर के धानमंडी थाने का एएसआई भंवरलाल को निलंबित कर दिया है क्योंकि इसने ही आरोपी और मृतक के बीच समझौता कराया था। वहीं मृतक के परिवार को 31 लाख का मुआवजा और दो लोगों को संविदा पर नौकरी की घोषणा के बाद शव उठा लिया गया है।

इधर इस घटना के बाद में शहर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने उदयपुर के 7 थाना क्षेत्रों धानमंडी, घंटाघर, हाथीपोल, अंबामाता, सूरजपोल, भुपालपुरा और सवीना कर्फ्यू लगा दिया है। साथ ही शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसी के साथ शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए 24 घंटे के लिए इंटरनैट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वारदात के विरोध में उदयपुर के हाथीपोल, घंटाघर, अश्विनी बाजार, देहली गेट और मालदास स्ट्रीट का बाजार बंद हो गए। पूरे राजस्थान में अलर्ट जारी किया गया है। शव अब भी दुकान के बाहर ही पड़ा है। मृतक के परिवार वालों ने सरकार से 50 लाख

- **हत्यारों ने पूरे हमले का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया।**
- **नाकाबंदी के दौरान दोनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया।**
- **घटना को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों के नेतृत्व में एस.आई.टी. का गठन।**
- **धानमण्डी थाना ए.एस.आई. निलंबित, मृतक के परिजनों को 31 लाख का मुआवज़ा और परिवार के दो सदस्यों को संविदा नौकरी की घोषणा।**

रुपए और सरकारी नौकरी की डिमांड की थी।

बताया जाता है कि हत्यारे नाप देने के बहाने कन्हैयालाल तेली (40) की धानमंडी के भूतमहल के पास स्थित सुप्रीम टेलर्स नाम से दुकान में घुसे। कन्हैयालाल कुछ समझ पाता उससे पहले ही बदमाशों ने हमला बोल दिया और तलवार से कई वार कर दिए। इसके बाद टेलर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना पर धानमंडी समेत घंटाघर और सूरजपोल थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारी और एस एस एल टीम मौके पर पहुंची और मौके से सबूत जुटाए। घटना के बाद नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने पुलिस अधीक्षक को फोन कर घटना की जानकारी ली। घटना की खबर लगते ही कलैक्टर तारा चंद मीणा, एसपी मनोज चौधरी मौके पर पहुंचे। शव समझौता होने तक मौके पर ही पड़ा रहा और परिजन हंगामा करते रहे।

जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल गोर्वधन विलास इलाके का रहने वाला था। उसने बीजेपी से हटाई गई नुपूर शर्मा के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। इसके बाद से एक समुदाय विशेष के लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इन धमकियों से परेशान कन्हैयालाल ने अपनी दुकान 6 दिन से नहीं खोली थी। उसने धमकियां देने वालों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने उसे थोड़े दिन संभलकर रहने को कहा, लेकिन आरोपियों की धरपकड़ में गंभीरता नहीं दिखाई। उसके 2 बेटे यश (19) और तरुण (17) हैं।

शहर में तनाव के हालात को देखते हुए खेरवाड़ा से पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियों को बुलाया गया है। शहर के 5 इलाकों में बाजार बंद कर दिए गए हैं। लोग मौके पर प्रदर्शन करने भी पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक उदयपुर मनोज चौधरी ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया गया है। जो भी अपराधी हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट के बाद मिल रही धमकियों की शिकायत के सवाल पर एसपी बोले कि मृतक से जुड़े सभी रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। इस घटना के विरोध में हाथीपोल चौराहे पर कुछ युवाओं और पुलिस की झड़प हुई। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा का एक कार्यकर्ता घायल हो गया है।

कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों में आमजन का आवागमन बंद रहेगा, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु नियोजित अधिकारी, कार्मिक, आवश्यक सेवाओं में नियोजित व्यक्ति, परीक्षाओं के परीक्षार्थी एवं परीक्षा आयोजन में नियुक्त स्टाफ के लिए कर्फ्यू के दौरान छूट रहेगी।

कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्पूर्ण जिले में धारा 144 लगा दी है। धारा 144 के तहत उदयपुर जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में पांच या इससे अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। इस प्रतिबंध से रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, चिकित्सकीय संस्थान, राजकीय एवं सार्वजनिक कार्यालय, तथा विद्यालय एवं महाविद्यालयों को मुक्त रखा गया है। कलैक्टर ने बताया कि इन स्थानों के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## दुष्कर्म पीड़िता पलटी!

जयपुर, 28 जून (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रतिराम गुर्जर को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने मामले में एक अन्य आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि भले ही नाबालिग ने अपने बयानों में दुष्कर्म की घटना से इनकार किया है, लेकिन डीएनए जांच और एफएसएल में पीड़िता के साथ दुष्कर्म साबित है। इसके अलावा नाबालिग की सहमति भी कानून की नजर में कोई महत्व नहीं

- **पर न्यायालय ने डी.एन.ए. की जांच के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनायी।**

रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 23 दिसंबर 2019 को नाबालिग पीड़िता खेत में जा रही थी। रास्ते में अभियुक्त अपने एक पूर्व परिचित के साथ पीड़िता से मिला और उसे घुमाने के बहाने जयपुर ले आया। यहां उसने उसे एक गैस्ट हाउस में रखा। वहीं बाद में अन्य जगह घूमते हुए 28 दिसंबर को दोनों वापस गांव चले गए। इसी बीच पीड़िता के पिता ने 24 दिसंबर को प्रागपुरा थाने में अभियुक्त सहित अन्य के खिलाफ पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दो एडीजी, डीआईजी व आरएससी की 5 कम्पनी सहित 600 पुलिसकर्मियों को उदयपुर भेजा

## उदयपुर हत्याकांड के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी

जयपुर, 28 जून (कासं)। उदयपुर में हुए वीभत्स हत्याकांड के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऐतिहातन तौर पर उदयपुर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। दो एडीजी तथा दो डीआईजी के साथ आरएसी की पांच कंपनी और 600 पुलिसकर्मियों का जाप्ता उदयपुर भेजा गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय से पूरे प्रदेश के आईजी और एसपी को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए हैं तथा उन्हें अपने अपने इलाकों में गश्त बढ़ाने के लिये कहा गया है।

उधर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से प्रदेशभर में आगामी 24 घण्टे के लिए इंटरनेट बंद किये जाने व सभी जिलों में आगामी एक माह तक धारा 144 लागू करने के निर्देश दिए हैं। उधर घटना की

- **पुलिस महानिदेशक ने घटना का वीडियो वायरल करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।**
- **पुलिस अधिकारियों व जवानों के अवकाश निरस्त करने के साथ ही सभी रेंज प्रभारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को संबंधित रेंज मुख्यालय पर रहने को कहा गया है।**

जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़, एटीएस के आईजी प्रफुल्ल कुमार और एक एसपी तथा एडिशन एसपी को शामिल किया गया है।

पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ने बताया कि घटना में शामिल दो आरोपियों को राजसमंद के भीम क्षेत्र से डिटेन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उदयपुर में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस स्थिति से निपटने के लिए जयपुर से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस जंगा श्रीनिवास राव और एमएन दिनेश, डीआईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल और एसपी राजीव पचार को रवाना किया गया है। इनके अतिरिक्त करीब 30 आरपीएस के साथ आर एस सी की 5 कंपनी के अलावा 600 पुलिसकर्मियों का जाब्ता भी भेजा गया है। स्थिति के अनुसार रात तक और भी जाब्ता भेजा जा सकता है। महानिदेशक पुलिस लाठर ने सभी रेंज प्रभारी, अतिरिक्त महानिदेशक को अग्रिम आदेश तक संबंधित रेंज मुख्यालय पर रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस अधिकारियों व जवानों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक ने आमजन से उदयपुर हत्याकांड के वीडियो को वायरल करने से बचने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस वीडियो को वायरल करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सभी रेंज आईजी और जिला एसपी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## प्री-प्राइमेरी कक्षाओं में प्रवेश

जयपुर, 28 जून (का.सं.)। राज्य सरकार ने प्री प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई से प्रवेश देने के राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने 23 मई को मौजूदा शिक्षा सत्र में अल्प आय वर्ग के बच्चों को प्री-प्राइमरी कक्षाओं में निःशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षा का

- **सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार पर नाराज़गी दिखायी कि, मनमाने तरीके से इस संबंध में दिये गये आदेश की विवेचना कर राज्य सरकार ने प्री-प्राइमरी में निःशुल्क शिक्षा का क्रम शुरू नहीं किया।**

अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश की व्यवस्था जारी रखने का आदेश दिया था। कोर्ट ने पिछले सत्र में आदेश की पालना में खामियों को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। वहीं मामले पर मंगलवार को हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाकर्ताओं को तीन दिन में आदेश की पालना नहीं करने के संबंध में विस्तृत जानकारी के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# क्या अमेरिका में संसद व न्याय पालिका में टकराव अब नहीं टल पायेगा?

## गर्भपात को गैर कानूनी करार देने वाले अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने कई "लिबरल" कानूनों में बदलाव लाने की संभावना प्रबल की

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। अमेरिका में संसद व न्याय पालिका के बीच कड़े संघर्ष की स्थितियां बन रही हैं।

बर्ट्रैण्ड ने एक बार एक बेहद पठनीय पुस्तक "रीक्रूडैसैन्स ऑफ प्यूरिटनिज़्म" लिखी थी, जिसमें धार्मिक रूढ़िवाद और कट्टर प्रथाओं का जिक्र किया गया था।

इस समय, रसल दुनिया के सबसे सशक्त एवं सर्वाधिक अमीर देश में कठोर नैतिकतावाद की पुनरावृत्ति के 21वीं सदी के अनुभव को लिख सकते थे। ऐसे समय में जबकि अमेरिका अपने सुप्रीम कोर्ट द्वारा महिलाओं के गर्भपात के अधिकार को निरस्त करने के निर्णय

- **उदाहरण के लिये, धर्म और शिक्षा को अलग-अलग "वॉटर टाइट" खानों को रखने की व्यवस्था अब टूट सकती है। अब कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्कूल खोल सकेगा तथा उसे स्कूल चलाने के लिये सरकारी खजाने से धन दिया जा सकेगा।**
- **समलैंगिक संबंधों को भी "लिबरल दृष्टिकोण" से देखने का सोच भी खत्म होगा।**
- **अब तक न्यायालयों में पुराने निर्णयों को आधार बनाकर, न्याय करने की व्यवस्था (प्रेसिडैंस) चलती थी, शायद अब इस पुराने सिस्टम में तब्दीली आयेगी।**

से उबरने की कोशिश कर रहा है, वहीं कुछ अन्य "आधारभूत फैसले" देश में क्रांतिकारी परिवर्तन करने जा रहे हैं।

एक निर्णय कहता है कि कोई भी स्कूल टीचर खेल प्रतिस्पर्धा के बाद

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अमेरिका में ट्रक में 46 लाशें मिलीं

वाशिंगटन, 28 जून (वार्ता)। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सेंट एंटोनियो शहर में एक ट्रैक्टर-ट्रेलर में कम से कम 46 लोग मृत पाए गए हैं।

सिटी काउंसिल की प्रमुख एड्रिना रोचा गार्सिया के मुताबिक सभी मृतक प्रवासी थे। सी.एन.एन. ने सेंट एंटोनियो के पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस के

- **ये लोग प्रवासी हैं जो जबरन अमेरिका में प्रवेश करना चाह रहे थे, लेकिन ट्रक के अंदर भारी गर्मी और घुटन के कारण बीच रास्ते ही इनकी मौत हो गई।**

हवाले से कहा कि अधिकारियों को इसकी सूचना शाम के ठीक छह बजे से पहले मिली, जब घटनास्थल के पास स्थित एक बिल्डिंग से मदद के लिए एक मजदूर के चीखने-चिल्लाने की आवाज मिली थी।

दरअसल, इस मजदूर की नजर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# उद्धव के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के भविष्य के बारे में सस्पैंस बरकरार

## कानूनी व राजनीतिक विशेषज्ञों की राय की विवेचना व विश्लेषण में हो रही देरी के कारण अभी स्पष्ट रणनीति तैयार नहीं हो पायी है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। जहाँ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आज विद्रोही विधायकों से वापस आने तथा बातचीत करने के लिये भावनात्मक अपील की है। वहीं, तीन पार्टियों वाली महाविकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) सरकार के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति यथावत बनी हुई है, क्योंकि कानूनी तथा राजनैतिक विशेषज्ञों द्वारा किये जा रहे मूल्यांकन में हो रहे विलम्ब के कारण, अभी तक पूरी तरह यह तय नहीं हो पाया है कि, अगला कदम क्या होगा।

- **बहरहाल विशेषज्ञों व केन्द्रीय नेताओं से मिलने व उनके सोच से वाकिफ होने के लिये नेता लोग दिल्ली पहुंच रहे हैं।**
- **महाराष्ट्र के पूर्व मु.मंत्री देवेन्द्र फड़नविस इसी संदर्भ में दिल्ली जाकर भाजपाध्यक्ष नड्डा से मिले।**
- **विद्रोही शिव सेना नेता भी गौहाटी से दिल्ली आये और परामर्श किया कि, राज्यपाल कोशियारी से कब मिलना चाहिये, विश्वास मत के बारे में।**
- **महाराष्ट्र एसेम्बली के सभी भाजपा विधायकों को निर्देशित किया गया है कि, अगले चौबीस घंटों में मुम्बई पहुंचें तथा इसके बाद प्रदेश के बाहर न जायें**
- **साथ ही यह भी देखा गया कि, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की छवि को धूमिल करने का प्रयास और तेज किया गया है। नयी अफवाह यह फैलायी गयी है कि, उद्धव ठाकरे का खुद का कोई "कैलिबर" या सोच नहीं है, वे पूर्णतया शरद पवार द्वारा समझाये रास्ते परह चलते हैं। इसीलिये हालांकि, उन्होंने प्रारंभ में ही यह भांप लिया था कि, उनके साथ विधायक नहीं है, और वे इस्तीफा देने का मन बना चुके थे, पर शरद पवार की राय के कारण इस्तीफा नहीं दिया और लड़ते रहने का निर्णय लिया।**

सूत्रों ने कहा कि एम.वी.ए. सरकार को गिराने की कोशिश के पीछे खड़ी ताकतें इस बार कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहती हैं तथा देरी का यही कारण है। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नविस दिल्ली बुलाये गये थे, जहाँ भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ उनकी मीटिंग हुई।

इस बीच, भाजपा के सभी विधायकों से कहा गया है कि, वे अगले 24 घंटे में मुम्बई पहुँचें तथा राज्य से बाहर नहीं जायें।

असम की राजधानी गुवाहाटी के एक पांचसितारा होटल में डेरा डाले बैठे शिवसेना के विद्रोही नेता एकनाथ शिन्दे भी आगे की रणनीति के बारे में विचार-विमर्श करने के लिये दिल्ली आ गये, ताकि विधानसभा में शक्ति परीक्षण की माँग करने के लिये राज्यपाल मंगलसिंह कोश्यारी के पास जाने के अगले कदम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## मुंबई तट पर हैलिकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत

मुंबई, 28 जून। मुंबई तट पर अरब सागर में पवनहंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान हादसे से चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन ओ.एन.जी.सी. के कर्मचारी बताए गए हैं। इन्हें नानावती अस्पताल ले गया था, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल पांच अन्य लोगों का ओ.एन.जी.सी. की मैडिकल यूनिट

- **ओ.एन.जी.सी. का यह हैलिकॉप्टर समुद्र तल पर क्रैश हो गया, इस हादसे में छह अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हुए हैं।**

में इलाज चल रहा है। मरने वालों की पहचान मुकेश पटेल, विजय मंडलोई, सत्यंबद पात्रा और संजू फ्रांसिस के रूप में हुई है। यह चारों अलग-अलग राज्यों से आए थे।

बता दें कि हेलीकॉप्टर में ओ.एन.जी.सी. के छह कर्मचारियों के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

मनुष्य का कर्तव्य है कि वह उदार बनने से पहले त्यागी बने। –डिकेंस

# ऑनलाइन गेमिंग कारोबार का प्रपंच

इन दिनों हर कहीं बस यही शिकायत मिलती है कि बच्चे स्मार्टफोन से चिपके रहते हैं। उनका मोबाइल फोन से इतना चिपका रहने का कारण भी सभी को मालूम है। वह है ऑनलाइन गेम जिन्हें खेलते हुए वे इतने मगन रहते हैं कि आस-पास की दुनिया से बेखबर हो जाते हैं। थोड़े समय बाद ऑनलाइन गेम खेलना बच्चे की लत बन जाती है जिसके परिणाम आये दिन समाचार माध्यमों के जरिये हमारे सामने आते हैं। समय के साथ यह लत मनोवैज्ञानिक व्याधि में भी तब्दील हो सकती है। इस लत के शिकार बच्चे और किशोर ही नहीं बड़े भी होते हैं। गेम खेलने के लिए ललचाने के वास्ते नये नये गेम बनाने और उन्हें चलाने का बड़ा वैश्विक कारोबार चल निकला है। कंप्यूटर गेमिंग उद्योग इस समय कमाई का तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन गया है। यह बाज़ार की ताकतों को तो बहुत रास आ रहा है मगर मनोचिकित्सकों और समाजशास्त्रियों के लिए गंभीर चिंता का सबब बन रहा है। गेमिंग साइटें चलाने वाले बड़ी चालाकी से ग्राहक के मनोविज्ञान पर काम करते हैं। वे यह कह कर गेम खेलने के लिए आकर्षित करते हैं कि वह मुफ़्त है। गेम भी ऐसे होते हैं कि उन्हें खेलने वाला आसानी से जीत जाता है। यह जीत खेलने वाले को आगे का अधिक जटिल गेम खेलने के लिए प्रेरित करती है। जब खेलने वाला ऐसे अनेक सरल स्तर को पार कर लेता है तब उसे कहा जाता है कि उससे ऊपर का जटिल गेम खेलने के लिए अमुक राशि का भुगतान करना पड़ेगा। यह राशि इतनी कम होती है कि खेलने वाले को भुगतान करके खेलने में भी मजा आने लगता है। इस सारे खेल में गेमिंग कंपनियों की यह रणनीति रहती है कि ऑन लाइन गेम खेलने वालों की संख्या जबरदस्त प्रलोभनों से बढाई जाय। इसके लिए वे खूब विज्ञापन भी करते हैं। इस तरह वे ऑनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या में अकूत इजाफा कर रहे हैं। उनका व्यवसायिक मॉडल यह है कि इतने मुफ़्त खेलने वाले हों कि उनमें से थोडी संख्या भी पैसा देने लगे तो ऐसे ग्राहकों की संख्या ही इतनी हो जायेगी कि वे करोड़ों रुपया कमा सकेंगे। कारोबार करने वाले यह हमेशा जानते आये हैं कि भले ही प्रति ग्राहक कम मुनाफे पर काम किया जाय तो भी ग्राहकों की बढ़ी हुई संख्या से कुल मुनाफा बड़ा कमाया जा सकता है।

बहुतों को यह जान कर अचरज होगा कि भारत में ऑनलाइन गेमिंग का मार्केट हर साल क़रीब 30 फ़ीसदी बढ़ रहा है। इसके चलते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में यह सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला क्षेत्र बन गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस उद्योग के क़रीब 40 करोड़ उपभोक्ता हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फ़ैडरेशन (एआईजीएफ) का आकलन है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री की सालाना आय 7,500 करोड़ रुपए से अधिक है। इस कारोबार को स्वीकार्यता दिलाने के लिए फ़ैडरेशन यह भी जोड़ देती है कि यह 2025 तक क़रीब 50 हज़ार नई नौकरियां पैदा कर सकती है। फ़ैडरेशन का कहना है कि तेज़ी से बढ़ रहे गेमिंग उद्योग को अपने ग्राहकों की बढ़ती संख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए गेम डेवलपर्स, आईटी सपोर्ट और बड़ी कस्टमर केयर टीमों की आवश्यकता है। इन नौकरियों के लिए कितने करोड़ लोग फांसे जाएंगे इसका अंदाजा इस कारोबार की भावी आय के अनुमानों से लगाया जा सकता है। व्यापक प्रचार अभियानों के लिए इस उद्योग ने कई क्रिकेटरों तथा फिल्मी नायकों की सेवाएं ली है। अपने पसंदीदा क्रिकेटर या सिने स्टार को जब लोग किसी पसंदीदा गेम का प्रचार करते देखते हैं तो वे उसे आज़माना भी चाहते हैं। टीवी चैनलों पर ऐसे विज्ञापनों से समाजशास्त्री खासे चिंतित हैं। कुछ क्षेत्रों से यह मांग भी उठने लगी है कि ऑनलाइन गेमिंग जो उनकी दृष्टि में जुआ है के कारोबार पर रोक लगनी चाहिए।

भारत में इस तरह के क़ानून बनाना कभी आसान नहीं रहा है। इंटरनेट से संबंधित कोई भी कानून केंद्र सरकार बना सकती है, लेकिन गैंबलिंग यानी जुए से संबंधित क़ानून बनाने का काम राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर भारतीय संसद कोई क़ानून तभी बना सकती है, जब सारे राज्य इस पर सहमत हो जाएं। मगर दिक़्क़त ये है कि गैंबलिंग से संबंधित क़ानून इंटरनेट पर लागू किए जाने हैं, ऐसे में इस बारे में क़दम उठाएगा कौन? केंद्र सरकार या राज्य सरकारें? मगर दोनों में से कोई भी क़दम नहीं उठा रहाहै। विधि विशेषज्ञ मानते हैं कि तेजी से बढ़ रहे इस क्षेत्र को नियंत्रित किए जाने की सख़्त ज़रूरत है। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को बचाने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भी नियंत्रण बहुत ज़रूरी है। हालांकि फेडरेशन जैसी संस्थाएं तो मानती हैं कि ख़ुद को बचाने की ज़िम्मेदारी इसे खेलने वालों की है। किन्तु सभ्य समाज के लोग जो गेमिंग कंपनियों को और अधिक जवाबदेह बनने के लिए कानून के जरिए मज़बूर किए जाने की मांग करते हैं का कहना है कि खेलने वालों के लिए यह एक दुष्चक्र है।

**ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर भारतीय संसद कोई क़ानून तभी बना सकती है, जब सारे राज्य इस पर सहमत हो जाएं। मगर दिक़्क़त ये है कि गैंबलिंग से संबंधित क़ानून इंटरनेट पर लागू किए जाने हैं, ऐसे में इस बारे में क़दम उठाएगा कौन? केंद्र सरकार या राज्य सरकारें? मगर दोनों में से कोई भी क़दम नहीं उठा रहा है।**


अभी यह मुद्दा भी सुलटना है कि ऑनलाइन गेम जुआ है या स्किल-गेमिंग है। ख़ुद को ऑनलाइन स्किल-गेमिंग में देश की शीर्ष संस्था होने का दावा करने वाली संस्था ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन है का मानना है कि गैंबलिंग और ऑनलाइन स्किल गेमिंग के बीच अंतर करना ज़रूरी है। फेडरेशन का दावा है कि इस तरह के गेम में स्किल की भूमिका इसमें मिलने वाले चांस से बड़ी होती है। इसके प्रमुख इस बात को क्रिकेट के उदाहरण से समझाते हैं। वे कहते हैं, "क्रिकेट में जो टॉस होता है, वो चांस का खेल है। लेकिन उसके अलावा बाकी का क्रिकेट पूरी तरह स्किल पर आधारित है। वैसे गेमिंग ऐप में खेलने वालों को दांव पर लगाए जाने वाले पैसे को सीमित रखने की चेतावनी जरूर दी जाती है।" गेमिंग कारोबारियों का तर्क है कि इसे खेलने वालों द्वारा किए जाने वाले भुगतान एंट्री फ़ीस की तरह हैं। वे कहते हैं, "सिर्फ़ इसलिए कि मनोरंजन (गेमिंग) के एक प्रकार के लिए कोई एंट्री फ़ीस दे रहा है, तो इसका मतलब ये नहीं कि वो जुआ जैसा है। इस गेम को दुनिया के सबसे बड़े मनोरंजनों में से एक माना जाना चाहिए। वे कहते हैं कि किसी फलते-फूलते उद्योग की ज़बरदस्त कारोबारी संभावनाओं को नज़रअंदाज़ करना महंगा पड़ सकता है। दूसरी तरफ इसके खतरे गिनाने वालों का जवाब है कि स्किल का गेम वो हो सकता है, जिसे खेलने के लिए बड़ी एथलेटिक या मानसिक क्षमता चाहिए होती है। वैसी क्षमता के विकास के लिए सालों के प्रशिक्षण, अभ्यास और लगन की ज़रूरत होती है। मगर ऑन लाइन गेम के लिए ऐसा कुछ नहीं होता। ई-गेमिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (ईजीएफ़) का मानना है कि देश में तेज़ी से पनप रहे इस उद्योग पर ही छोड़ दिया जाना चाहिए कि वह सेल्फ-रेगुलेशन करे। मगर आलोचक कहते हैं कि इस कारोबार में सेल्फ-रेगुलेशन बहुत ख़तरनाक चीज़ है क्योंकि वह उपभोक्ताओं के अनिवार्य शोषण पर निर्भर है।

ईजीएफ़ जैसे समूह ऑनलाइन गेम खेलने वालों के बारे में इस बात पर तो सहमत हैं कि गेम खेलने वाले दांव लगाते हैं। लेकिन आलोचक ऐसे गेम के लिए कठोर शब्द जुआ का इस्तेमाल करते हैं। ऑनलाइन गेम की वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाकर उसे ब्लॉक कराने की कोशिश करने वाले वकील लोग कहते हैं कि "चाहे कोई भी ऑनलाइन गेम हो, उसमें अंततः किसी घटना के होने या न होने पर पैसा लगाया जाता है, जो खेलने वालों के हाथ में नहीं होती। चूंकि चीज़ें अनिश्चित होती हैं, इसलिए स्वभाव से यह जुआ है।" भारत में जुआ ग़ैर क़ानूनी चीज़ है। मानसिक स्वास्थ्य और लत से जुड़ी समस्याओं का हवाला देते हुए ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे कई राज्यों ने ऑनलाइन गैंबलिंग जैसे गेम पर प्रतिबंध लगाये हैं। हालांकि केरल और कर्नाटक जैसे राज्य की अदालतों ने सरकार के प्रतिबंधों को रद्द कर दिया है। वैसे सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे से जुड़ी कई याचिकाएं अभी लंबित हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री इस तरह के गेम पर प्रतिबंध लगाने की बार-बार मांग करते रहे हैं और उनकी सरकार का कहना है कि वो ऑनलाइन गैंबलिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस साल मार्च में तमिलनाडु के क़ानून मंत्री ने विधानसभा को बताया, "हम सरकार के बनाए क़ानून को बरक़रार रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट गए हैं। हमें आशा है कि सुप्रीम कोर्ट हमारी अपील पर अच्छा फ़ैसला सुनाएगा।"

फ़ैडरेशन का कहना है कि वह इस तरह के गेम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बजाय वह क़ानून बनाने वालों के साथ मिलकर उचित नियम बनाने के लिए काम करना चाहती है। उसके प्रमुख का प्रस्ताव है कि इस इंडस्ट्री को होने वाली आय पर अलग से कर लगाया जा सकता है। वे कहते हैं कि इस कर से होने वाले राजस्व से कोरोना महामारी के बाद पैसे से जूझ रही दुनिया को काफ़ी मदद मिल सकती है। उनके वक्तव्य का सीधा मतलब है कि इस कारोबार को इतनी भारी आय की संभावना है कि वह कर चुका कर भी भारी मुनाफा कमा सकता है। बाज़ार की ताकतें ऑन लाइन गेमिंग कारोबार के समर्थन में खुल कर खड़ी हैं ऐसे में केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए किसी सर्वसम्मति पर पहुंच इस उद्योग को किसी वैधानिक नियंत्रण व्यवस्था के तहत लाने में देर नहीं करनी चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# बच्चों पर भारी पड़ता बस्ते का बोझ



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**यह** हमारी शिक्षा व्यवस्था का ही कमाल है कि बच्चों पर पढ़ाई के बोझ से ज्यादा बस्ते का बोझ होता जा रहा है। स्कूलों में बस्ते का बोझ दिन-प्रतिदिन ज्यादा ही होता जा रहा है जबकि 16 साल पहले ही तमिलनाडु सरकार ने बस्ता हल्का करने का नियम बना दिया था। इसके लिए तमिलनाडु सरकार ने कक्षाओं के हिसाब से बस्ते का वजन तय किया था तो बाद में मद्रास हाईकोर्ट ने भी मई 2018 में इन नियमों को लागु करने के निर्देश दिए थे। हालांकि बस्ते के बढ़ते बोझ को कम करने की चिंता सभी को रही है यही कारण है कि एनसीईआरटी ने भी 2018 में ही देश भर के प्राइवेट स्कूलों में इन नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए पर आज भी वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। एनसीईआरटी के बिहार में मार्च महिने में किए गए सर्वे के जो परिणाम आए हैं कमोबेस वही हालात समूचे देश के हैं। बच्चे पढ़ाई के बोझ से ज्यादा बस्ते के बोझ से त्रस्त हैं। बिहार में कक्षा एक से 12 वीं तक के बच्चों के बस्ते के बोझ का अध्ययन किया गया तो सामने आया कि बच्चों को तीन से चार किलो अधिक वजन लेकर जाना पड़ता है। दसवीं बारहवीं के बच्चों के स्कूल बैग का वजन दस से 12 किलो तक हो जाता है। इसका दुस्प्रभाव सीधे सीधे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। बच्चों की रीढ़ की हड्डी पर असर पड़ने के साथ ही उनके पोस्चर पर प्रभाव पड़ने लगा है। आदर्श स्थिति यह है कि बच्चे के वजन का 10 प्रतिशत वजन ही स्कूल बैग का वजन होना चाहिए पर ऐसा हो नहीं रहा है। इसके लिए स्कूलों को अपने सिस्टम में सुधार करना होगा।

दरअसल बच्चों को स्कूल आते समय कितनी किताबें व नोटबुक लाना चाहिए यह स्कूल तय नहीं कर पा रहे हैं। एक समय था जब बच्चों को स्कूल में ही पीने का पानी मिल जाता था पर करीब एक लीटर की पानी की बोटल और लंच बॉक्स का बोझ तो इसलिए बोझ नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह बच्चे के लिए जरूरी है। पर किताबों और नोटबुक के बोझ को आसानी से कम किया जा सकता है। स्कूल यदि यह तय कर ले कि अमुख दिन यह किताब लानी है तो दूसरी ओर बच्चों को स्कूल में किताबों को शेयर करने की आदत ड़ाल कर भी समस्या का कुछ समाधान हो सकता है। इसी तरह से सभी विषयों की नोट बुक के स्थान पर बच्चों को एक या दो नोट बुक या खाली कागज लाने की आदत डाली जाए तो उससे भी बस्ते का बोझा काफी हद तक कम हो सकता है। इसके अलावा केन्द्रीय विद्यालयों की तर्ज पर लॉकर सुविधा हो तो भी बच्चे स्कूल में किताब रख कर जा सकते हैं। यह कोई नए सुझाव या नई बात नहीं है अपितु कमोबेस एनसीईआरटी के सुझावों में यही कुछ बातें हैं।

हमें बच्चें की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों में ही तालमेल बैठाना होगा। स्कूल बैग के बोझ को लेकर बच्चे और पैरेंट्स दोनों ही चिंतित हैं तो दूसरी ओर शिक्षाविद और मनोविज्ञानी भी इसे लेकर गंभीर हैं। सरकार द्वारा भी इसे लेकर गंभीर चिंतन मनन होता है पर नतीजा वहीं का वहीं बना हुआ है। होने यह तक लगा है कि पीठ पर बस्ते के बोझ के चलते बच्चों की पीठ का अनावश्यक झुकाब बढ़ता जा रहा है तो स्पाइनल प्रोब्लम आम होती जा रही है यह अलग बात है। बच्चे तो बच्चे बच्चों के पेरेन्ट्स को भी स्कूल बैग उठाते हुए पसीना आ जाता है तो इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। एक समय था जब रफ नोटबुक मल्टीपरपज नोटबुक होती थी। इस रफ नोटबुक को अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में चिंतन कर बस्ते की नोटबुकों के बोझ का काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी तरह से टाइम टेबल इस तरह से तैयार किया जाए ताकि पीरियड्स की किताबों और बस्ते के वजन में संतुलन बनाया जा सके। एक समय था जब काउंटिग, अल्फावेट, ककहरा आदि की खुली कक्षाएं होती थी और बच्चों को बोल-बोल कर रटाया जाता था। इस तरह के प्रयोग के पीछे वैज्ञानिक कारण भी रहा है। ऐसे में कुछ विषयों की कक्षाएं दिन विशेष को इस तरह से भी आयोजित करने पर विचार किया जा सकता है। पहले शनिवार को आधे दिन लगभग इसी तरह की खुली कक्षाएं व रचनात्मक गतिविधियां होती थी। आज कितने स्कूलों में शनिवार को यह होता है, विचारणीय है।

हालात साफ-साफ है। हमें बच्चों के स्कूल बैग के बोझ के साथ साथ बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ के प्रति भी सजग होना पड़ेगा। पहले चरण में यदि एनसीईआरटी के अनिवार्य आदेशों, दिशा-निर्देशों और सुझावों को ही ईमानदारी से लागू कर दिया जाए तो समस्या का काफी हद तक हल निकल सकता है। प्राइवेट स्कूलों को भी इस दिशा में आगे आकर सरकार के सामने ठोस प्रस्ताव रखने चाहिए ताकि समस्या का समाधान खोजा जा सके। आखिर बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं और उनकी शारीरिक और मानसिक स्थितियों को हमें समझना होगा और कोई ना कोई व्यावहारिक हल खोजना होगा ताकि पढ़ाई और बस्ते के बोझ के बीच एक समन्वय बन सके। नया शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है कमोबेस एनसीईआरटी की गाइड लाइन को तो लागू किया ही जा सकता है।

**– डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# प्रशासन की मुस्तैदी के बावजूद देवली में अवैध तौर पर शराब का कारोबार पनप रहा

**देवली,** (निसं)। क्षेत्र में सरकारी तंत्र के जिम्मेदार प्रशासन की मुस्तैदी के बीच अवैध तौर पर शराब का कारोबार पनप रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि गहलोत सरकार की बनाई गई आबकारी नीति यहां सांठ-गांठ के फेरे में पूरी तरह फेल हो गई है। ऐसे में संबंधित विभाग एवं पुलिस विभाग के तैनात अधिकारी शराब की अवैध ब्रांचों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।



**क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की अनेक ब्रांच संचालित हो रही हैं।**

निकटवर्ती कुचल वाडा माताजी ग्राम पंचायत और ऊंचा ग्राम पंचायत (जिला भीलवाडा) क्षेत्र में एक-एक शराब की दुकानें आवंटित की गई हैं। इनके बीच शराब की अवैध रूप से अनेक ब्रांचें संचालित हो रही हैं। उक्त अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस को लंबे समय से मिलने के बाद भी दोनों विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शराब माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर यहां अवैध शराब संरक्षण का बड़ा खेल चल रहा है। यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र में शराब की अवैध ब्रांचों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्रवासियों में राज्य सरकार की आबकारी नीति पर से भरोसा उठता जा रहा है। आबकारी विभाग के अधिकारी और पुलिस अधिकारी आबकारी नीति की पालना कराने में पूरी तरह नाकाम होते चले आ रहे हैं। यहां दोनों ही महकमे के अधिकारियों की अनदेखी के कारण भीलवाडा जिले के कुचल वाडा पंचायत और ऊंचा पंचायत क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर अवैध रूप से शराब बेचे जाने की ब्रांचे लगी हुई है।

यहां पनप रहे ऐसे हालातों की जानकारी जिला आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी और जहाजपुर सर्किल पुलिस उपाधीक्षक महावीर शर्मा तक पहुंचाई गई है परंतु उक्त अधिकारियों से अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो सकी। यहां बने ऐसे हालातों के बीच बेखौफ शराब माफिया आबकारी नीति का उल्लंघन करते हुए पुलिस की मुस्तैदी को ठेंगा दिखा रहे हैं। शराब की अवैध ब्रांच को लेकर मामला यह भी जानकारी में आया है कि ऊंचा, मोरला चौराहा रोड पर स्थित निजी जनाना अस्पताल के करीब अवैध तौर पर शराब बेचने की शिकायत मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर भी दी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर शिकायत दिए जाने के बाद समाधान हेतु संपर्क पोर्टल विभाग ने जाहजपुर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय को अवैध शराब बिक्री रोकने की कार्रवाई करने के लिए सूचित किया था परंतु जनाना हॉस्पिटल के पास अवैध रूप से शराब बेचे जाने के मामले में पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण हालात ज्यों के त्यों ही बने हुए हैं।

# जान से मारने की धमकी देकर सरपंच ने एक परिवार को गांव से निकाला

- **पीड़ित परिवार ने एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई**
- **पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग भी पाड़ित ने एसपी को पेश की**

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की ग्राम पंचायत पाडली गुजरेश्वर के सरपंच पर एक परिवार को गांव से बाहर करने और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीडित परिवार ने इसे लेकर एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है, फिलहाल पुलिस पूरे घटना को लेकर जांच कर रही है।

चौरासी थाना क्षेत्र के पाडली गुजरेश्वर गांव के गडारोडा निवासी जितेंद्र कुमार ने एसपी को परिवाद सौंपकर घटना के बारे में बताया। जितेंद्र कुमार ने बताया कि गांव के तालाब के पास उसका पुश्तैनी खेत है। गांव का सरपंच लीलाराम गमेती और उसका सहयोगी नारायणलाल गमेती खेत पर कब्जा करने के लिए पिछले 4 सालों से उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। आए दिन जान से मारने की धमकियां देते हैं।

26 जून की रात को भी करीब 11 बजे सरपंच बडी संख्या में सहयोगियों के साथ उनके घर आया। उसके परिवार को गांव से बेदखल करने का फैसला सुनाया। पीडित परिवार के विरोध करने पर गांव से निकाल देने और सभी को जान से मार देने की धमकियां दी। इसके बाद से परिवार डरा और सहमा हुआ है।


पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग भी पाड़ित ने एसपी को पेश की है। साथ ही बताया है कि आरोपी धनबल के कारण कहीं भी कारवाई नहीं होने देते हैं और उनके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। साथ ही आरोपियों के बाहुबली होने से गांव में कोई भी उनके खिलाफ बोलने को तैयार नहीं है। पीड़ित परिवार ने मामले में जानमाल की सुरक्षा के साथ आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# देवयानी सरोवर से सिवानिया तक बारिश के पानी का रास्ता जाम

- **साफ सफाई का अभाव, प्रशासन की अनदेखी**
- **बारिश के पानी को लिफ्ट कर तीन बार लोगों ने ही भरा था कुण्ड**


**सांभरझील,** (निसं)। यहां नावां रोड की तरफ देवयानी सरोवर में बारिश के पानी का बना प्राकृतिक रास्ता कई वर्षों से कचरे के ढेर में दब चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब डेढ दशक पहले पचास लाख रूपये खर्च कर बनवायी गयी पक्की कैनाल आधे रास्ते तक ही बन सकी वह भी अब कचरे से अटी पडी है। बारिश के पिछले कई दौर निकल चुके लेकिन प्रशासन का नकारा सिस्टम इस दिशा में काम करने का इच्छुक नहीं है। देवयानी सरोवर प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शुमार है। इसमें वर्ष 2012 के बाद से तीन चार दफा यहां जन सहयोग से जागरूक लोगों की टीम ने देवयानी सरोवर के दूसरी तरफ से जमा बारिश के पानी को लिफ्टिंग कर भरने का कारनामा किया था। यह बताना जरूरी है कि देवयानी सरोवर में बारिश के पानी के लिये बनी हुयी प्राकृतिक सिरे अब बंद पडी है। सरकार करोडों रूपये खर्च करके भी देवयानी सरोवर में एक बूंद पानी तक नहीं पहुचा सकी। लिखने योग्य है कि सरकार के आला तकनीकी अधिकारियों ने भी देवयानी सरोवर का मौका मुआयना किया लेकिन आज तक उनकी भी यह समझ में नहीं आ सका है कि देवयानी सरोवर में बारिश का पानी कैसे पहुंचाया जाये। देवयानी सरोवर के उत्तर दिशा की तरफ से बने कच्चे रास्ते को ही यहां के लोगों ने कैनाल का रूप दिया लेकिन प्रशासन के स्तर से ऐसा कोई आज तक काम नहीं हो सका जिससे इस कैनाल को स्थायी रूप दिया जा सके। बारिश के मौसम में इस कच्ची कैनाल में इतना बारिश का पानी जमा होता है कि देवयानी सरोवर में आगामी दो वर्षों तक पानी स्टोरेज किया जा सकता है लेकिन इस दिशा में शासन व प्रशासन की ओर से आज भी कोई कवायद नहीं की गयी है। गतवर्ष बारिश के पानी को लिफ्टिंग कर भरवाया गया था, उसका स्तर भी इतना कम हो गया है कि हजारों की संख्या में मछलियों का जीवन संकट में पडने से इंकार नहीं किया जा सकता है।



**सांभर देवयानी के उत्तर दिशा की लोगों की ओर से एक वर्ष पहले बनायी गयी कच्ची कैनाल अब सिवानिया तक बंद पड़ी है।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 29 जून, 2022**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, बुधवार, विक्रम संवत 2079, आर्द्रा नक्षत्र रात्रि 10:08 तक, वृद्धि योग प्रातः 8:44 तक, नाग करण प्रातः 8:22 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

कुमार योग दिन 10:08 से सूर्योदय तक है। आज आषाढ़ी अमावस्या, देव कार्य अमावस्या है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:05 तक। शुभ 10:47 से 12:30 तक, चर 3:55 से 5:38 तक, लाभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आएंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। आर्थिक मामलों में परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिचितों के सहयोग से व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। वाणी की कटुता के कारण परिवार में आपसी अनबन बढ़ सकती है।

# ई.आर.सी.पी. की बैठक में करौली, धौलपुर के लिए पानी की मांग उठी

## कैनाल प्रोजेक्ट के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित

**करौली,** (निंस.)। करौली धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने मंगलवार को पूर्वी राजस्थान से संबंधित महत्वपूर्ण ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ई.आर.सी.पी.) के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। सांसद डॉ. राजोरिया ने बैठक में अपने संसदीय क्षेत्र करौली, धौलपुर की जल संबंधी मांगों को रखा तथा जो क्षेत्र ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट में सम्मिलित नहीं किये गये हैं। उन्हे भी इसमें शामिल करने की मांग उठायी।

सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने बताया कि इस बैठक में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री एवं जोधपुर सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इन्होंने इस परियोजना को उलझाने के उद्देश्य से इसके उचित प्रस्ताव केन्द्र को नहीं भेजे है। देश में अभी तक किसी भी परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए उसके लिए 75 प्रतिशत जल निर्भरता के प्रस्ताव राज्य द्वारा केन्द्र को भेजे जाते हैं। इसके बाद ही राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जा सकता है। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने राजस्थान सरकार को लिखित में पूर्व में ही अवगत भी करा रखा है। परन्तु राज्य सरकार द्वारा इसके संशोधित प्रस्ताव नहीं भेजे जा रहे हैं। सांसद डॉ. राजोरिया ने बैठक में अपने संसदीय क्षेत्र करौली, धौलपुर की जल संबंधी मांगों को रखा तथा जो क्षेत्र ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट में सम्मिलित नहीं किये गये हैं। उन्हे भी इसमें शामिल करने की मांग उठायी।



करौली धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने ईआरसीपी प्रोजेक्ट की बैठक में भाग लिया।

# खेतों में हेरोइन के दो पैकेट फेंक वापस पाकिस्तान लौटा ड्रोन

## बीएसएफ ने निशाना साधा लेकिन ड्रोन सुरक्षित पाकिस्तान सीमा में चला गया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। इलाके में देर रात एक बार फिर पाकिस्तान की ओर हेरोइन की खेप डाली गई। एक ड्रोन के जरिए दो किलो हेरोइन श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर इलाके में डाली गई। यहां देर रात ग्रामीणों ने अंधेरे में एक ड्रोन देखा। सीमा पर मौजूद बीएसएफ जवानों को भी ड्रोन का अनुमान होते ही उन्होंने इस पर निशाना साधा लेकिन ड्रोन सुरक्षित पाकिस्तान सीमा में निकल गया। बाद में बीएसएफ ने इस इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान उन्हें हैरोइन के दो पैकेट मिले। ये हेरोइन के पैकेट लेने के लिए सीमा के इस पार किसी व्यक्ति के होने की जानकारी अब तक नहीं मिली है।

बीएसएफ सूत्रों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि देर रात बीएसएफ की शेखसरपाल सीमा चौकी के पास यह घटना हुई। देर रात ग्रामीणों को इस इलाके में एक ड्रोन नजर आया। उन्होंने इस बारे में बीएसएफ जवानों को सूचना दी। बीएसएफ जवानों ने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ड्रोन को डैमेज करने का प्रयास किया। इस दौरान ड्रोन पैकेट भारतीय सीमा में डालकर वापस पाकिस्तान की

- **श्रीकरणपुर इलाके में देर रात एक बार फिर पाकिस्तान की ओर हेरोइन की खेप डाली गई**

तरफ लौट गया। इस संबंध में श्रीकरणपुर के बॉर्डर एरिया में सर्च अभियान चलाया गया। इस सर्च अभियान में अब तक नशे की खेप लेने आए किसी तस्कर की कोई जानकारी नहीं मिली है। इस बारे में जांच की जा रही है। अनूपगढ़ इलाके में पहले भी हेरोइन के पैकेट मिले हैं। करीब डेढ से दो माह पहले अनूपगढ़ इलाके के गांव 32 ए की रोही में करीब साढ़े छह किलो हेरोइन मिली थी। इस मामले में स्थानीय और पंजाब के तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। इन तस्करों के साथियों में श्रीगंगानगर जिले के सीमा क्षेत्र के खेत मालिक थे तथा इनसे हेरोइन ले जाने पंजाब के दो तस्करों को पकड़ा गया था।

## मंडफिया क्षेत्र में जमकर बारिश

**मंडफिया,** (निसं)। मंडफिया क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को जमकर बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। कुछ दिनों पूर्व मामूली वर्षा हुई थी। जिससे भारी गर्मी की उमस बढ़ गई थी। इसके बाद मंगलवार को एक घंटे से भी अधिक समय तक जमकर बारिश हुई, इससे लोगों को उमस से भारी राहत मिली। इस वर्षा के साथ तेज हवाओं के झोंकों ने कई घर एवं दुकानों के बाहर लगे हार्डिंग एवं लोहे के चद्दर उड़ा दिए। इस बारिश से बाजार एवं मोहल्ले में सड़कें एवं नालिया पानी से तरबतर हो गई। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।

# सहायक नगर नियोजक 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



एसीबी की गिरफ्त में रिश्वत का आरोपी।

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड में मंगलवार को एसीबी की लगातार दूसरी कार्यवाही हुई। सोमवार को कृषि उपज मंडी में तो मंगलवार को चौमूं नगर पालिका में एसीबी की कार्रवाई हुई। एसीबी मुख्यालय के निर्देशन पर एसयू प्रथम जयपुर इकाई द्वारा कार्रवाई करते दिवाकर शर्मा सहायक नगर नियोजक नगर पालिका चौमूं को परिवादी से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

- **पट्टा जारी करने की एवज में मांगी रिश्वत, चौमूं में एसीबी की लगातार दूसरी कार्रवाई**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक बीएल सोनी ने बताया कि एसीबी की जयपुर एस यू प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी भूमि का आबादी का पट्टा जारी करने की एवज में दिवाकर शर्मा सहायक नगर नियोजन नगर पालिका चौमूं द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर एस यू प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र सिंह नेन के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को पुलिस निरीक्षक अर्चना मीणा एवं उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुई दिवाकर शर्मा निवासी 19 विजय सिंह पथिक नगर भीलवाडा हाल किराएदार व्यास मार्केट चौमूं ऑल सहायक नगर नियोजन नगर पालिका चौमूं जिला जयपुर को परिवादी से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक नगर नियोजन द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से 5 हजार रुपये की रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# जेईई-मेन 2022 आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2022 में दूसरे अटेम्प्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून रात 9 बजे तक है। दूसरे अटेम्प्ट की परीक्षा 21 से 29 जुलाई के मध्य संपन्न होगी। पहले अटेम्प्ट की परीक्षा 29 जून को समाप्त होने जा रही है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट के लिए करीब 1 लाख 19 हजार से अधिक नए विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। परन्तु इनमें से ऐसे विद्यार्थी कितने हैं, जिन्होंने पूर्व में जेईई-मेन परीक्षा के जून अटेम्प्ट के लिए भी आवेदन किया और जुलाई के लिए नए कैंडिडेट की तरह रजिस्ट्रेशन कर आवेदन किया, यह स्थिति स्पष्ट नहीं है। क्योंकि पूर्व में प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रुटिवश जेईई-मेन जुलाई अटेम्प्ट के लिए ऐसे विद्यार्थी भी नए कैंडिडेट की तरह रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जो जून में परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, जबकि उनकी आवेदन संख्या जून अटेम्प्ट की आवेदन संख्या से अलग है।

## गर्मी ने तपाया तो उमस ने किया बेहाल

**राजसमंद,** (निसं.)। राजसमंद में मौनसून की दस्तक तो दी है लेकिन विगत चार-पांच दिनों से दिनभर गर्मी की तपन व उमस से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सोमवार को गर्मी व उमस के बाद के बाद शाम को मुख्यालय सहित आस-पास में बादल मंडराते रहे। दोपहर बाद मुख्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में तो जमकर बादल बरसे लेकिन मुख्यालय सुखा रहा। इसी प्रकार मंगलवार को भी धुप निकलने के साथ दिन की शुरुआत हुई। लेकिन दोपहर बाद आसमां में बादल छा गए जिससे धुप से राहत तो मिली लेकिन उमस व गर्मी ने बेहाल कर दिया। ऐसे में कुलर व पंखों से राहत पाने का प्रयास किया गया।

# दो ट्रेनों में एक-एक स्लीपर कोच बढ़ाया

**कोटा,** (निसं)। गाड़ी संख्या 22981 कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में 22 जुलाई 2022 22982 श्रीगंगानगर-कोटा एक्सप्रेस में 25 जुलाई 2022, 22997 झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में 24 जुलाई 2022 तथा 22998 श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी एक्सप्रेस में 23.07.2022 से 01 स्लीपर कोच बढ़ाया जा रहा हैं। जिससे यात्रियों को भीड़ का सामना न करना पड़े।

गर्मी के सीजन में बढ़ते यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन के कोटा मंडल ने 01 स्लीपर कोच बढ़ाने का निर्णय किया है। उपरोक्त गाड़ी में पहले 6 थ्री टियर एसी कोच के स्थान पर 5 थ्री टियर एसी कोच एवं 8 स्लीपर के कोच के स्थान पर अब 9 स्लीपर कोच सहित उक्त गाड़ी में कुल 22 कोच होंगे। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस संबंध में सर्व संबंधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# मालपुरा पालिका में करोड़ों के टेंडरों में धांधली की जांच करने पहुंची टीम

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा नगरपालिका प्रशासन द्वारा अध्यक्ष व ईओ के हस्ताक्षरों से बीते दिनो ऑनलाइन लगाये 24 करोड़ से अधिक के टेण्डरों में धांधली व अनियमितताओं को लेकर पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर से की शिकायत के बाद कलेक्टर के आदेशों पर एडीएम द्वारा गठित जांच टीम ने मंगलवार को मालपुरा पालिका पहुंच शिकायतों से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर जेईएन व अन्य कार्मिकों से पूछताछ की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष का उसी कमरे में मौजूद होना तथा अध्यक्ष के चैम्बर में उनके पति का उपस्थित रहना जांच को प्रभावित किये जाने का अंदेशा जताकर शिकायतकर्ता पार्षदों ने कड़ी नाराजगी जताई।

16 जून को नगरपालिका पार्षद सौरभ कनोजिया रमेश पारीक सहित अन्य पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पालिका अध्यक्ष आशा नामा व कर्मचारियों द्वारा नियमों के विरुद्ध वित्तीय स्वीकृति जारी कर पालिका बजट को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी द्वारा शहर में अतिआवश्यक कार्य पूर्ण करवाने के लिए बजट आरक्षित रखा गया था लेकिन वर्तमान पालिका अध्यक्ष आशा नाम व कर्मचारियों द्वारा विकास के नाम पर 24 करोड़ से अधिक के टेण्डर ऑनलाइन लगा दिये जबकि कोष में 6 करोड़ रुपये मौजूद हैं। साथ ही इस वर्ष का नगरपालिका बजट कंडीशनल पास होने के बावजूद इतनी बड़ी राशि के टेण्डर नियमों के विरुद्ध जारी कर दिये गये जो कि पार्षदों व आमजन को गुमराह कर मीडिया की सुर्खियां बटोरने तथा नगरपालिका व विभाग की छवि धूमिल कर रहा है। पार्षदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 17 जून को जिला कलेक्टर के आदेशों पर एडीएम परशुराम धानका ने मालपुरा पीडब्ल्यूडी एक्सईएन व टोंक कोषाधिकारी सहित तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर 7 दिवस में जांच रिपोर्ट देने के आदेश जारी किये जाने के बाद मंगलवार को जांच टीम पालिका कार्यालय तो पहुंची लेकिन टीम से पीडब्ल्यूडी एक्सईएन आरडी मीणा नदारद रहे तथा एओ हजारी लाल, कनिष्ठ लेखाकार सुरेश कुमार, लेखाधिकारी रमेश चन्द मीणा ने जेईएन देशराज मीणा सहित अन्य कार्मिकों से मामले को लेकर की गई पूछताछ के दौरान कमरे में पालिका अध्यक्ष आशा नामा मौजूद रही तो उनके चैम्बर में उनके पति महावीर नामा मौजूद रहे।

सम्बन्धित कर्मचारियों से पूछताछ के दौरान मंगवाई गई दर्जनों फाइलें जांच टीम के पास जाने से पूर्व उनके पति के हाथों से होकर गुजरी। सारा माजरा शिकायतकर्ता पार्षदों व मीडियाकर्मियों के सामने आने के बाद टीम प्रभारी हजारी लाल व अन्य ने मामले को लेकर मीडिया के सामने आने के बजाय मीडिया से दूरियां बनाकर रवाना हो गये।



नगरपालिका कार्यालय में पूछताछ के दौरान चैम्बर में मौजूद रही पालिका अध्यक्ष।

- **सम्बन्धित कर्मचारियों से पूछताछ के दौरान मंगवाई गई दर्जनों फाइलें जांच टीम के पास जाने से पूर्व उनके पति के हाथों से होकर गुजरी**
- **जांच के दौरान पालिका अध्यक्ष आशा नामा व उनके पति की मौजूदगी पर पार्षदों ने कड़ी नाराजगी जताई**
- **नियमों के विरुद्ध वित्तीय स्वीकृतियां जारी कर पालिका बजट को खुर्द-बुर्द करने की पार्षदों ने की थी शिकायत**

# उदयपुर में हुई हत्या के मामले में सीएम गहलोत की आमजन से अपील

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर में हुई युवक की जघन्य हत्या की भर्त्सना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं पुलिस अपराध की पूरी तह तक जाएगी। उन्होंने सभी पक्षों से शान्ति बनाए रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध में लिप्त हर व्यक्ति को कडी से कडी सजा दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की है कि इस घटना का वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने का प्रयास ना करें। वीडियो शेयर करने से अपराधी का समाज में घृणा फैलाने का उद्देश्य सफल होगा। इसी प्रकार जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कानून अपना काम रहा है, अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, प्रकरण में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी मनोज कुमार ने कहा है कि अपराधी कोई भी हो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **'शांति बनाए रखें, भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर न करें'**

# पुलिस ने 15 लाख रुपये और 10 किलो नकली सोना बरामद किया

## ठगी की अंतर राज्य गैंग का मुख्य सरगना चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गुलाबपुरा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने असली सोने का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले अंतर राज्य गैंग का खुलासा किया।15 लाख रुपए की बड़ी राशि बरामद की व 10 किलो के लगभग नकली सोना बरामद कर मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया।

गुलाबपुरा पुलिस थाना जिला साइबर सेल टीम के द्वारा सैनिक कार्रवाई के दौरान असली सोने की आड़ में लोगों को झांसे में लेकर लाखों की ठगी कर नकली सोना पकड़ा। अंतर राज्य टकलू गैंग के मुख्य सरगना मसरा राम बागरी निवासी बोकडा जिला जालौर को गिरफ्तार करते हुए 15 रुपए की राशि जब्त की तथा उससे लगभग 10 किलो नकली सोना बरामद किया।

थानाधिकारी गजराज चौधरी ने बताया कि पुलिस थाना में दर्ज प्रार्थी प्रभात वैष्णव निवासी गुलाबपुरा ने रिपोर्ट पेश कर मामला दर्ज कराया कि प्रार्थी की मां जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबपुरा में एएनएम के पद पर कार्यरत है के संपर्क में काफी दिनों से इलाके में मजदूरी के नाम पर रहने वाले अनजान व्यक्ति जो इलाज के नाम पर आता जाता है रहता है ने प्रार्थी की मां को विश्वास में लेकर बातों में उलझा कर मकान की खुदाई में सोना निकलने एवं आधी कीमत में कार्तिक की मां को नकली सोना बेचकर 20 लाख की ठगी करने की घटना के बारे में मामला 17 मई को प्रकरण दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने जिला साइबर सेल के साथ एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर मानवीय एवं तकनीकी सर्विलांस, अनेक सीसीटीवी एवं कॉल डिटेल्स का अवलोकन कर तकनीकी आधार पर दिल्ली, यूपी, गुजरात, जालौर व बांसवाड़ा आदि से आज सूचनाओं का संकलन एवं तलाश कर उक्त प्रकरण का खुलासा किया।



पुलिस की गिरफ्त में ठगी गैंग का सरगना।

## युवक की हत्या पर पूर्व मंत्री कृपलानी ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**निम्बाहेड़ा,** (निसं)। मंगलवार को उदयपुर में दिनदहाड़े एक युवक की दुकान में घुस कर धारदार हथियार से हत्या की घटना ने कांग्रेस राज में राज्य की कानून व्यवस्था की कलाई खोल कर रख दी है। इस घटना के बाद पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने भी राज्य की गहलोत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कड़े शब्दों में इसकी भर्त्सना की है। पूर्व मंत्री कृपलानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देना तथा उदयपुर में दिन मे हुई हत्या के पश्चात हत्यारों द्वारा जिस प्रकार हत्या के पूर्व व बाद का वीडियो जारी कर पूरे देश में अराजकता फैलाने का प्रयास हुआ है, यह कतई आतंकवाद से कम नही है।

इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी से इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। कृपलानी ने यह भी कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल साहू की निर्मम हत्या से राज्य की कानून व्यवस्था की दशा का पता चलता है, जहां इस व्यक्ति की दिन दहाड़े हुई हत्या राज्य में जंगलराज जैसी स्थिति को दर्शाती है। इस घटना की पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर मण्डल अध्यक्ष नितीन चतुर्वेदी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष गब्बर सिंह अहीर, प्रधान बगदीराम धाकड़, उपप्रधान जगदीश, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह आदि ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की है।

# खेत में चर रहीं 15 बकरियां मरी, बचाने आये नौ लोग अचेत हुए

## खेत मालिक ने बकरियों को मारने के लिए खेत में जहरीली दवा छिड़की थीः ग्रामीण

**धौलपुर,** (निसं)। खेत में चरने गई 15 बकरियों की अचानक मौत होने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वहीं बकरियों को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे नौ लोग भी अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है। बकरियों की मौत का कारण प्रथम दृष्टया जहरीला चारा खाना माना जा रहा है।

धौलपुर जिले के मनियां थाना इलाके के गांव खेरली में सोमवार को 60-70 बकरियों का झुंड खेतों में चरने के लिए गया था। शाम के समय घर वापस लौटते समय बकरियों का झुंड गांव के सुरेश के खेत में चरने के लिए घुस गया। कुछ देर बाद ही एक के बाद एक बकरी बेहोश होकर जमीन पर गिरने लगी जिससे बकरी चरा रहे लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने अचेत हुई बकरियों सहित सभी बकरियों को जल्दी-जल्दी खेत से बाहर निकाला लेकिन तब तक 15 बकरियों की मौत हो गई। वहीं बकरियों को खेत से निकालने के दौरान 3 नाबालिग बच्चियां, 2 महिला एवं 4 पुरुष अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मनिया अस्पताल से सीएससी प्रभारी डॉ. संगीता गुप्ता के निर्देशन में चिकित्सा टीम एवं 108 एंबुलेंस गांव के लिए रवाना की गई। जिसने ग्रामीणों को मौके पर प्राथमिक उपचार देकर 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल धौलपुर भेजा, जहां सभी का उपचार चल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खेत मालिक सुरेश ने जानबूझकर बकरियों को मारने के लिए खेत में जहरीली दवा का छिड़काव किया था। जानकारी के अनुसार 10 वर्षीय ललिता जाटव, 20 वर्षीय सीता देवी, 22 वर्षीय दीपक जाटव, 22 वर्षीय धर्मेंद्र जाटव, 17 वर्षीय खुशबू जाटव, 35 सुनीता जाटव, 18 वर्षीय मोहित जाटव, 16 वर्षीय विनीता जाटव एवं 52 वर्षीय द्वारिका जाटव की तबीयत बिगड़ी है जिन्हें जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है। जहां इनका उपचार चल रहा है। वहीं कुछ लोगों का गांव में ही सीएचसी मनियां की मेडिकल टीम ने उपचार किया।



धौलपुर जिले के मनियां थाना इलाके के गांव खेरली में मौके पर मृत पड़ी बकरियां।

# सुखानी बिल्डर्स ने 1114 वर्गमीटर जमीन पर खोदा 45 फीट गहरा तहखाना, नोटिस के बाद भी नहीं थमा निर्माण

## मानसून में मिट्टी खुदाई पर कलेक्टर की रोक; इसके बावजूद बापू नगर के भूखंड़ एस-बी 56 पर अवैध बेसमेंट निर्माण कार्य जारी, पडौसी के घर में दरारें आई तो महिला ने ग्रेटर नगर निगम और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सुखानी बिल्डर्स ने टोंक रोड स्थित निगम मुख्यालय के सामने बापू नगर के भूखंड़ एस.बी.-56 की 1114 वर्गमीटर जमीन पर 45 फीट गहरा बेसमेंट खोद डाला। इस कारण पडौसियों के मकान में दरारें तक आ गई। जबकि मानसून के दौरान 15 जून से 15 सितंबर तक खुदाई कार्य पर कलेक्टर की रोक रहती है।

सूत्रों के मुताबिक मालवीय नगर जोन उपायुक्त मुकेश कुमार मूंड ने 22 जून को बिल्डर को नोटिस भी थमाया था, जिसमें 24 घंटे के भीतर गड्ढ़ा भरकर तहखाना निर्माण बंद करने को कहा था, लेकिन न तो उपायुक्त मुकेश कुमार मूण्ड ने बिल्डर पर कार्रवाई करने की जहमत उठाई और न ही तहखाना निर्माण बंद कराया। उल्टा 27 जून को ग्रेटर निगम में हुई एम्पावर्ड कमेटी की बैठक में भूखंड़ मालिक को निर्माण कार्य की परमिशन तक दे दी गई। जबकि प्लॉट सी-33 में रहने वाली महिला सुशीला राजवंशी ने उपायुक्त मुकेश कुमार मूण्ड से लेकर कमिश्नर महेन्द्र सोनी तक शिकायतें की थी।

अब पीड़िता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र भेजकर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी, उपायुक्त मुकेश कुमार मूण्ड और सेठाराम बंजारा की शिकायत की है, साथ ही इन पर भू-माफियाओं को पनपाने का आरोप लगाते हुए खुद की जान को खतरा भी बताया है।



सवाई मानसिंह स्टेडियम के सामने मुख्य टोंक रोड पर खोदा गया तहखाना।

स्थानीय निवासी सुशीला राजवंशी ने अपने पत्र में मार्मिक अपील करते हुए कहा है कि पिछले 3 महीने से भूखंड़ संख्या एस-बी-56 पर बेसमेंट खुदाई और तहखाना निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण मेरे मकान में जगह-जगह दरारें आ गई है, शिकायत करने पर सुखानी बिल्डर्स और मंगलम ग्रुप के लोग धमकाते है। मैं इन भू-माफियाओं से लड़ने में सक्षम नहीं हूं। इस प्लॉट से लगते हुए मेरे मकान में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी है, जिससे मेरा मकान कभी भी ध्वस्त हो सकता है, इस कारण मेरा और मेरे परिवार का जीवन तक खतरे में आ चुका है।

अगर मुझे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को इस निर्माण कार्य के कारण को क्षति पहुंचती है तो उसके जिम्मेदार भी बिल्डर, ग्रेटर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी, उपायुक्त मुकेश मूण्ड और सेठाराम बंजारा होंगे। इसलिए यह शिकायत पहले ही मुख्यमंत्री के समक्ष भेज रही हूं।

सुशीला ने पत्र में बताया कि मालवीय नगर जोन उपायुक्त मुकेश मूण्ड ने 22 जून को बिल्डर को नोटिस जरूर थमाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रेटर निगम कमिश्नर से लेकर उपायुक्त तक सुखानी बिल्डर्स को संरक्षण देने में लगे है।

- **मालवीय नगर उपायुक्त ने 22 जून को बिल्डर को नोटिस थमाकर 24 घंटे में गड्ढ़ा भरकर तहखाना निर्माण बंद करने को कहा था, इसके बावजूद 27 जून की एम्पावर्ड कमेटी में महापौर और कमिश्नर को गुमराह करके बिल्डर को निर्माण कार्य की परमिशन दिलवा दी**

> **टोंक रोड पर बारिश में जमकर पानी भरता है। बापू नगर की निवासी सुशीला राजवंशी ने मुझे भी अपने मकान में आई दरारें दिखाई है। सुखानी बिल्डर्स और मंगलम ग्रुप द्वारा प्लॉट एस-बी-56 पर बनाया जा रहा तहखाना अवैध है। निर्माण कार्य की परमिशन देने से पहले ही बिल्डर ने आखिर कैसे 45 फीट गहरा बेसमेंट खोदकर निर्माण कर लिया। महापौर कहती है, ''ना खाऊंगी और न खाने दूंगी'', फिर अवैध निर्माण कैसे हो गया।**
>
> संजीव शर्मा, पूर्व पार्षद
> नगर निगम जयपुर

> **27 जून को एम्पावर्ड कमेटी की बैठक जरूर हुई थी, लेकिन बापू नगर में सुखानी बिल्डर्स द्वारा अवैध निर्माण करने और उसे निर्माण कार्य की परमिशन देने की जानकारी मुझे नहीं है। बुधवार सुबह ऑफिस पहुंचते ही इस पूरे मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाऊंगी। अगर जोन उपायुक्त मुकेश कुमार मूण्ड ने नोटिस देने के बावजूद बिल्डर पर कार्रवाई नहीं की तो गलत है, अगर बिल्डर को गलत परमिशन दी गई है तो उसे भी रद्द करेंगे।**
>
> सौम्या गुर्जर, महापौर
> ग्रेटर नगर निगम जयपुर

# महारानी कॉलेज की छात्राओं ने जेएलएन मार्ग पर जाम लगाया

- **छात्राओं से कॉलेज के बाहर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठाई**

**जयपुर (कासं)**। महारानी कॉलेज में छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को परेशान छात्राओं ने शैक्षिणक कार्य बंद कर राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर सड़क रोककर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने समझाइश कर मामला शांत करवाया।

प्रदर्शनकारी छात्राओं का कहना था कि अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने हमारी सुरक्षा की मांग को 7 दिन में पूरी नहीं किया तो उठा आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए सिर्फ यूनिवर्सिटी प्रशासन जिम्मेदार होगा।

दरअसल, 4 जून को महारानी कॉलेज के बाहर एक युवक द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की गई थी। इसके अगले ही दिन पुलिस ने मनचले युवक को हिरासत में ले लिया। लेकिन इसके बाद युवक फिर से छोड़ दिया गया। वहीं अब युवक का वकील छात्राओं पर समझौते के लिए दबाव बना रहा है। जिसकी वजह से ही कई छात्राओं ने कॉलेज आना तक छोड़ दिया है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अब तक छात्राओं की सुरक्षा के लिए न तो गार्ड की व्यवस्था की गई है। और ना ही कैमरे लगाए गए हैं। जिसको लेकर छात्राएं लगातार विरोध कर रही है। प्रदर्शनकारी कोमल ने कहा कि 20 दिन से ज्यादा का वक्त बीत गया है। लेकिन अब तक हमारी सुरक्षा को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में हर दिन डर के साए में कॉलेज जाना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी प्रशासन आंख मूंद बैठा है। ऐसे में जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं छात्र नेता आन्या विजय ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े वादे तो करती है। लेकिन हकीकत में वादे पूरे नहीं होते। बल्कि महिलाओं को ही परेशान होना पड़ता है। ऐसे में सरकार जब तक नहीं जागेगी हमारा विरोध जारी रहेगा।

# गाड़ियों में एलपीजी गैस भरने के लिए रखे 49 सिलेंडर जब्त

- **रसद विभाग की टीम ने एयरपोर्ट रोड पर स्थित भूखंड पर कार्रवाई कर एक आरोपी को दबोचा**

**जयपुर (कासं)**। जयपुर जिला रसद अधिकारी की टीम ने मंगलवार को एयरपोर्ट रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक भूखण्ड से 49 घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर जब्त किए।

इन सिलेण्डर से कार व दूसरी गाड़ियों में लगी गैस किट में अवैध तरीके से एलपीजी भरी जा रही थी। इस दौरान मौके से 4 मोटर और 3 कांटे भी जब्त किए है। ये पूरा काम जहां होता है, वहां से सांगानेर पुलिस थाना महज 400 मीटर की दूरी पर है। जिला रसद अधिकारी कुंतल विश्नोई ने बताया कि हमें एक शिकायत मिली थी कि एयरपोर्ट रोड पर टर्मिनल नं.1 के सामने एक मकान में रसोई गैस सिलेण्डर का अवैध स्टॉक रखा जाता है। साथ ही यहां से गाड़ियों की गैस टंकियों में अवैध तरीके से रीफलिंग का काम हो रहा है। इस पर प्रवर्तन अधिकारी गौरव मीणा और अशोक कुमार योगी की टीम ने मौके पर छापा मारा तो वहां से 49 रसोई उपयोग के गैस सिलेंडर, 4 बिजली की मोटर और वजन नापने वाले 3 कांटे मिले। मौके पर टीम ने श्याम सुंदर पुत्र बंसीलाल निवासी बीकानेर मिला, जिससे पूछताछ की तो पता चला कि वह यहां 85 रुपए किलो में एलपीजी गाड़ियों में भरने का काम करता है। टीम ने मौके से जब्त किए सिलेण्डर को आलोक भारत गैस प्रताप नगर के यहां भिजवा दिए। इस दौरान श्याम सुंदर को टीम ने गिरफ्तार पुलिस को सौंपा।

# समाचार पत्र वितरक महासंघ ने किया सहस्त्र घट का आयोजन



**जयपुर**। समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर ने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रामनिवास बाग में सोमवार सहस्त्र घट का कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम वितरक संघ हर वर्ष करता रहा है जिसमें सुबह बबलू महाराज के सानिध्य में भगवान की पूजा व दोपहर में मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक को शाम को भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार करके महा आरती कि और भगवान के भगवान के भोग लगाया कार्यक्रम तत्पश्चात सभी ने भोलेनाथ की प्रसादी ग्रहण की। समाचार पत्र वितरक महासंघ ने प्रदेश में अच्छी बारिश व सभी वितरक परिवारों की खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की एवं ऐसे वितरक जो 50 वर्षों से अभी तक इस व्यवसाय को कर रहे हैं उनको माला, दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ, चेयरमैन जितेंद्र श्रीमाली एवं हाथोज धाम के श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज व महासंघ के (संगठन मंत्री) अजय यादव पूर्व चेयरमैन नगर निगम व महापौर प्रत्याशी कुसुम यादव पार्षद महासंघ के (कोषाध्यक्ष) हनुमान सैनी, कन्हैया लाल यादव, सांवत सिंह राठौड ,संजय यादव ,अनिल यादव, राजेश यादव, टीकम यादव, बी एल मीणा, ओमकार सैनी, कैलाश मीणा, गोविंद गुर्जर, महेश यादव, अनिल यादव झोटवाड़ा, चिरंजी लाल प्रजापति, गोपाल मेहरा, गजेंद्र सिंह, किशन तनेजा, अशोक सिंह, हजारीलाल जांगिड़ ,महेंद्र जैन, कुशाल सोनी, रमेश अजमेरा, प्रधान जी, महेंद्र यादव, रमेश सैनी, शिव सिंह, गोविंद यादव, सुंदर सिंधी, रतन कुमावत, किशन शास्त्री सहित सभी सेंटरों के वितरक बंधु कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## कन्हैयालाल का समझौता कराने आए लोगों से भी पूछताछ होगी

**जयपुर**। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून एवं व्यवस्था हवा सिंह घुमरिया ने बताया कि उदयपुर हत्याकांड में मरे कन्हैयालाल के खिलाफ 10 जून को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी डालने का मामला दर्ज कराया गया था, इस प्रकार के अन्य मामलों की भांति उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। अदालत से जमानत पर छूटने के बाद 15 जून को कन्हैया लाल ने थाने में पहुंचकर अपनी रिपोर्ट देकर कहा कि मुझे जान से मारने की धमकी मिल रही है।

स्थानीय थानाधिकारी ने इस रिपोर्ट मिलने के तत्काल बाद धमकी देने वालों सहित दोनों समुदायों के जिम्मेदार वरिष्ठ लोगों को थाने बुलाया और समझाइश की गई थी। दोनों पक्षों में बातचीत के बाद आपसी समझौता भी हो गया। समझौते के बाद कन्हैया लाल अपनी हस्तलिखित रिपोर्ट देकर गए कि हमारा मनमुटाव अब खत्म हो गया है और इस मामले में अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है। एडीजी ने बताया कि पुलिस द्वारा समझौता कराने आए व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है।

## खाते से रुपये निकाले

**जयपुर**। महारानी फार्म स्थित एटीएम बूथ पर रूपए निकालने गए गायत्री नगर-बी निवासी सत्यवीर सिंह का एटीएम कार्ड बदलकर दो युवकों ने खाते से 50 हजार रु. निकाल लिये।

# रेरा कानून की खामियों के कारण लोग, बिल्डरों के आगे बेबस होने को मजबूर?

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कानून की खामियों के कारण लोग रकम देकर भी बिल्डरों के आगे बेबस हो रहे है। दरअसल, बिल्डर आर्किटेक्ट के माध्यम से कम्पलीशन सर्टिफिकेट (पूर्णता प्रमाण पत्र) रेरा में जमा तो करवा रहे हैं, लेकिन बिल्डिंग का काम एक साल बाद भी पूरा नहीं हो रहा है। ऐसा ही मामला एफएस हाउसिंग प्रा. लि. के दुर्गापुरा स्थित 'द क्रस्ट' का है। बिल्डर ने पिछले साल 1 जून को रेरा को कम्पलीशन सर्टिफिकेट दे दिया। इस आधार पर कुछ बुकिंगकर्ताओं ने गृह प्रवेश भी कर लिया, लेकिन मौके पर अब भी निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे लोग काम पूरा होने और बिल्डर द्वारा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (अधिवास प्रमाण पत्र) लेने का इंतजार कर रहे है। नियमों के तहत इसके बाद ही वे लोग बिल्डिंग में रहने के पात्र होंगे। बिल्डर की इसी खामी के कारण बुकिंगकर्ताओं को पूरी रकम देने के बाद भी आवास के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो इस प्रोजेक्ट का काम पूरा करने के लिए रेरा 4 बार एक्सटेंशन दे चुका है। जबकि, ज्यादातर अन्य मामलों में अधिकतम 3 बार ही एक्सटेंशन दिया गया। 31 मई, 2021 को एक्सटेंशन खत्म होने से प्रोजेक्ट लेप्स हो गया। प्रमोटर की ओर से चौथी बार एक्सटेंशन के लिए आवेदन किया गया, लेकिन रेरा ने आवेदन को खारिज कर दिया। बाद में अथॉरिटी ने एक दिन का एक्सटेंशन स्वीकृत किया। इसके पीछे बिल्डर द्वारा औपचारिकता पूरी करने का तर्क दिया गया।

गंभीर मुद्दा यह है कि रेरा को सर्टिफिकेट के आधार पर मौके पर जांच का अधिकार नहीं है और संबंधित निकाय जांच करने से कतरा रहे है। रेरा के रजिस्ट्रार आर.सी.शर्मा का कहना है कि अथॉरिटी के आदेश के तहत बिल्डर ने पैसा जमा करा दिया। कम्पलीशन सर्टिफिकेट आ गया है, जब जांच संबंधित निकाय करे कि इसमें कोई कमी है या नहीं।

- **एफएस हाउसिंग प्रा. लि. के दुर्गापुरा स्थित 'द क्रस्ट' प्रोजेक्ट का बिल्डर ने गत वर्ष 1 जून को कम्पलीशन सर्टिफिकेट दिया था, लेकिन मौके पर अभी भी निर्माण कार्य जारी**
- **लोग अब बिल्डर द्वारा अधिवास प्रमाण पत्र लेने का इंतजार कर रहे है, क्योंकि इसके बाद ही वे बिल्डिंग में रहने के पात्र होंगे**

## सार-समाचार

### वैदिक गणित कार्यक्रम का पोस्टर लांच



**जयपुर**। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला अपने कार्यालय में आज गौरव और उनकी पत्नी रुचि के ''मिंशा'' का पोस्टर विमोचन करते हुए सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों को गणित विषय में रुचि जगाने के लिए वैदिक गणित और एबेकस का महत्व सर्वविदित है। इसी को ध्यान में रखते हुए आस्ट्रेलिया में अच्छे पैकेज की नौकरी छोड़कर आये गौरव और उनकी पत्नी रुचि ने ''मिंशा'' के नाम से एक स्टार्ट अप शुरू किया है। इन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा अनुमोदित ''आवास'' ( एबेकस एंड वैदिक एरिथमेटिक्स स्टडी) के साथ शाला साझेदारी कार्यक्रम ( स्कूल पार्टनरशिप प्रोग्राम ) प्रारंभ किया है जिसमें पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को एबेकस व छठी से दसवीं तक के बच्चों को वैदिक गणित रुचिकर तरीके से सरलीकृत करके सिखाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम सी. बी. एस. ई. पाठ्यक्रम के अनुसार बनाया गया है।

### कारोबारी को धमकाकर 5 लाख रु.मांगे

**जयपुर**। शहर के राजापार्क इलाके के एक बिजनेसमैन को 5 लाख रुपए की वसूली के लिए धमकाया गया। पैसे नहीं देने पर वॉट्सऐप मैसेज कर गोली मारने और बच्चों के किडनैप की धमकी दी गई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बिजनेसमैन को धमकी देने वालों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुनानकपुरा राजपार्क निवासी अरविन्द्र सुखिजा (50) को धमकी दी गई है। राजपार्क में सुखिजा टेंड्स के नाम से उनका मोबाइल का बिजनेस है। रविवार दोपहर करीब 3:15 बजे उसके मोबाइल पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। जिसने अपना नाम विकीगिल दुबई लिखा था और कैलाश मांजू (जोधपुर का हिस्ट्रीशीटर) का मैसेज होना अंकित था। मैसेज देकर बिजनेसमैन अरविंद ने उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। कुछ देर बाद दूसरे इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। मैसेज में कल 12 बजे तक 5 लाख रुपए की व्यवस्था करने और पहले वाले मोबाइल नंबर को अनब्लॉक करने को कहा गया। साथ ही 5 लाख रु. नहीं देने की स्थिति में उसे गोली मारने और बच्चों को उठाने की धमकी भरे मैसेज भेजे। धमकी देने वालों ने गोल्डी बरार, लोरेंस भाव और कैलाश भाव का मिलाप होना बताया।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर (कासं)**। शहर के चित्रकूट इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। 90 कि.मी प्रति घंटे की रफ्तार से बाइक दौड़ा रहे युवक ने महिला को कुचल दिया। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई और बेहोश हो गई। जिसकी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में गणेश नगर रोड नंबर-14 विश्वकर्मा निवासी संतोष देवी (50) पत्नी किशोर लाल जांगिड़ की मौत हुई है। महिला अपने बीमार भाई को देखकर 10 जून की शाम करीब 6 बजे अपने घर जाने के लिए निकली थी। जैन मंदिर के सामने रोड क्रॉस करते वक्त बाइक सवार दो लड़के उसे कुचलते हुए निकल गए। गंभीर हालत में संतोष देवी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। 14 जून को इलाज के दौरान संतोष देवी की मौत हो गई। मृतका के बेटे राकेश जांगिड़ ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। हादसे की जगह लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। इसके बाद घटना का वीडियो सामने आया। इसमें दिख रहा है कि रोड क्रॉस करते समय बाइक सवार दो लड़के काफी तेज स्पीड में आ रहे हैं। उन्हें संतोष देवी ने हाथ दिखाकर रुकने का इशारा भी किया था, लेकिन ओवर स्पीड होने के कारण बाइक ने महिला को कुचल दिया। बाइक सवार संतोष देवी को 20 फीट तक अपने साथ घसीट ले गए। रोड पर गिरकर संतोषी देवी बेहोश हो गई। कुछ सैकेंड खडे होकर बाइक सवार लडके देखते रहे, फिर भाग छूटे।

# प्रदेश में करोना संक्रमण से एक मरीज की मौत

## राज्य में मंगलवार को 134 नए संक्रमित मिले हैं

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण से बीकानेर में एक मरीज की मौत हो गई है। इस बीच राज्य में 134 नए संक्रमित मिले हैं। पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर नौ सौ के पार हो गए हैं।

राज्य में पिछले चौबीस घंटे में करोना से बीकानेर में एक और मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 9564 लोगों मृत्यु हो चुकी है। उधर प्रदेश में मंगलवार को थोड़ी वृद्धि के बाद 16 जिलों में 134 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 97 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान जिले में 56 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 22, जोधपुर में 16, बीकानेर में 14, नागौर में 7, चूरू व जालोर में 3-3, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, दौसा व सीकर में 2-2 तथा अजमेर, भीलवाड़ा, झालावाड़, कोटा और सवाई माधोपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 17 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झुंझुनूं, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में मंगलवार को भी नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम हुई है। इस दौरान 109 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर 904 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 373 मामले जयपुर में है। वहीं राजधानी जयपुर में मंगलवार को सबसे ज्यादा 9-9 नए संक्रमित मालवीय नगर व मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा जवाहर नगर में 7, दुर्गापुरा में 4, आदर्श नगर, अजमेर रोड व राजापार्क में 3-3, बरकत नगर, सिविल लाइन्स, प्रताप नगर व शास्त्री नगर में 2-2 तथा अम्बावाड़ी, बजाज नगर, बैनाड़, जगतपुरा, जोबनेर, सांगानेर, एसएमएस, सुभाष चौक और विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक मरीज का एड्रेस गलत मिलने पर उसे ट्रेस किया जा रहा है। इस बीच जिले में केवल 19 रोगी ठीक हुए हैं।

- **राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 56 नए मरीज पाए गए हैं।**
- **प्रदेश में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 900 के पार हो गए हैं।**

# अफसरों की मेहरबानी से ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार ने फिर उठा लिया पार्किंग टैंडर

## पांचबत्ती स्थित मॉल 21 से अहिंसा सर्किल तक की पार्किंग का मामला

**जयपुर (कासं)**। नगर निगम से 3 साल पहले ब्लैकलिस्ट हो चुके ठेकेदार भरत सिंह ने सोमवार को हैरिटेज नगर निगम की ई-नीलामी में भाग लेकर पांचबत्ती स्थित मॉल 21 से अहिंसा सर्किल तक की पार्किंग का टैंडर उठा लिया।

जबकि पिछले दिनों इसी ठेकेदार की फर्म महादेव एसोसिएट्स ने सी-स्कीम में मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर के पार्किंग स्थल का फर्जी रिन्यू ऑर्डर तक तैयार कर लिया था। ठेकेदार ने ना सिर्फ सरकारी कागज तैयार किया, बल्कि उस पर उपायुक्त के जाली हस्ताक्षर तक कर डाले। जिस पर राजस्व उपायुक्त दीपाली भागोतिया ने उसके खिलाफ अशोक नगर थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

ठेकेदार भरत सिंह की इस कारगुजारी से पहले ही हड़कंप मचा हुआ था कि उसने सोमवार को हैरिटेज नगर निगम की ई-नीलामी में शामिल होकर 21 लाख 1 हजार रुपये में पांच बत्ती स्थित मॉल-21 से लेकर अहिंसा सर्किल के बीच तक का पार्किंग स्थल ले लिया। इस पूरे मामले में राजस्व उपायुक्त दीपाली भागोतिया का कहना है कि उन्हें सोमवार शाम को ही मालूम चला कि ठेकेदार भरत सिंह को वर्ष 2020 में ही ब्लैकलिस्टेड किया जा चुका है।


राजस्व शाखा के जिन कार्मिकों ने यह तथ्य छिपाकर ठेकेदार की मदद की है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही ठेकेदार भरत सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।

उपायुक्त दीपाली भागोतिया ने बताया कि ठेकेदार भरत सिंह की फर्म महादेव एसोसिएट्स को मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर का पार्किंग ठेका 24 मार्च 2021 को दिया गया था, जो कि 22 मई 2022 को खत्म हो गया था। लेकिन ठेका खत्म होने से पहले ही महादेव एसोसिएट्स ने इस पार्किंग ठेके के नवीनीकरण का फर्जी आदेश 13 अप्रैल 2022 की तारीख के साथ तैयार कर लिया और राजस्व उपायुक्त के फर्जी हस्ताक्षर भी कर लिए। ये नकली कागजात नगर निगम के ऑफिस की फाइल तक में लगा दिए गए, लेकिन यह फर्जी आदेश सामने आया तो मैंने 3 जून को ठेका फर्म और प्रोपराइटर भरत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए अशोक नगर थाने में पत्र लिखा।

सोमवार शाम को जानकारी मिली है कि ठेकेदार भरत सिंह ने 3 अक्टूबर 2019 को ई-नीलामी में घाटगेट पार्किंग स्थल की उच्चतम बोली लगाकर टैंडर उठाया था, लेकिन टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर फर्म को नगर निगम के तत्कालीन राजस्व उपायुक्त ने 17 जुलाई 2020 को आदेश जारी कर ब्लैकलिस्टेड कर दिया था। साथ ही ग्रेटर व हैरिटेज नगर निगम के सभी टैंडरों और नीलामी में शामिल होने पर भी रोक भी लगाई थी। ऐसे में नगर निगम को गुमराह करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

दूसरी तरफ ठेकेदार भरत सिंह खुद को क्लीनचिट देने में जुटा है। उसका कहना है कि फर्म महादेव एसोसिएट्स को नगर निगम ने कभी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया। इस बार भी किसी अन्य व्यक्ति ने ही षड्यंत्र रचकर उसे फंसाने और छवि धूमिल करने की कोशिश की हैं।

- **पिछले दिनों मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर की पार्किंग का फर्जी रिन्यू ऑर्डर बनाने पर हैरिटेज राजस्व उपायुक्त दीपाली भागोतिया ने ठेकेदार भरत सिंह के खिलाफ अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी, अब दुबारा कार्रवाई करने की बात कही**
- **वर्ष 2019 में घाटगेट पार्किंग टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर तत्कालीन राजस्व उपायुक्त ने वर्ष 2020 में किया था फर्म महादेव एसोसिएट्स को ब्लैकलिस्ट**



## World Industrial Design Day

Industrial designers envision products that fill homes, offices, hospitals and schools. These visionaries serve diverse working environments and create innovations to help serve the leaders of the global economy. They work tirelessly and out of sight to give people the best tools of the trade. World Industrial Design Day is dedicated to the industrial designers that create the vision of the future; teaching people about the history of industrial design and potentially getting people interested in the profession.



#PERCEPTION

# How Animals See The World

Each type of animal on Earth has evolved a range of senses and skills which allow it to live successfully in its environment.



The world might look like a colourful place, but it really depends on what your eyes let you see. Humans, for example, are sensitive to just 3 colours: red, blue, and green; but this allows us to see the millions of colours derived from them. While animals have eyes that come with all different kinds of 'vision' with some even being able to see colours we can only imagine.


Many of these adaptations are different from how humans have evolved and compared to humans some of these adaptations feel like they belong in a superhero comic. Senses such as ultraviolet vision, extra colour receptors and echolocation are very hard for humans to imagine yet are part of the everyday life of hundreds of species of animals.

### Dragonflies Vision

The most efficient hunter on the planet is not the lion or shark. In fact, lions only successfully capture around 15% of animals they hunt and sharks catch around 47%. One animal has an astounding capture success rate of 95%, the dragonfly.

Dragonflies have compound eyes, which consist of a number of smaller visual units. While houseflies have 6000 compound eyes, dragonflies have up to 30,000. These units present the dragonfly with one picture not 30,000 little ones.

### Dog Vision



Whereas human eyes contain three types of colour-detecting cells called cones, dogs have just two. Their cone cells are specialised for picking up yellow and blue-to-ultraviolet light.

Each cone type contains a pigment sensitive to particular wavelengths of light. The range of colours an animal sees depends on the combination of colour-sensitive pigments in their eye and the processing by the brain.

With fewer cone types, dogs can't distinguish between as many colours as we can.

### Garden Snail Vision




Although the eyes of garden snails can't focus or see colour they would just about be able to make out this other snail moving past or a predator approaching.

The snail's ability to discern different intensities of light helps it navigate towards dark places.

### Dolphin Vision

Dolphins have pretty good eyesight underwater. As their eyes are located on either side of their head the dolphin's range of vision is wider than a human's including being able to see objects located behind them. It is still relatively unknown how detailed dolphin vision is or how many colours they can see. However, dol-



phins have another way to see the world, echolocation.

Echolocation also called sonar, is the act of sending out sound waves and listening to the changed sound waves bouncing back. Dolphins and bats are 2 species that regularly use echolocation to find food and navigate.

It is thought that dolphins are able to detect the shape of prey using echolocation, giving them an extra edge while hunting.

### Bird Vision



Birds have 4 types of cone cells in their eyes while humans only have 3. Not only can they see more colours than we can but they also see ultraviolet. Because of this when looking at a blackbird for example another bird might see them as colourful. That said no 2 birds are alike. Only a few birds for example canaries are believed to be able to see the colour blue.

### Cat Vision



Cats have more rods in their eyes than we do allowing them to see in poor light. Generally, the world looks much more blurry to cats than to humans but they have a larger visual field meaning they see more at once than we do. For comparison's sake we can see 180 degrees around us but cats see 200 degrees around themselves.

But the predominant image was of words. And those words have travelled the world and absorbed the meaning visible through photographs, identity cards, passports, notes, letters and typed drafts. These are words typed on yellowing sheets; words struck off with pencil; words rewritten with ink; words distilling and encapsulating an experience that became vivid after each rewrite. I wonder what kind of a writer Hemingway would have made today with the ease of editing that modern word processors offer making the act of retyping misspelt words redrafting and rewriting easy. For Hemingway revising a text was almost a religious experience. He said the more you throw away, the surer you could be that there was something substantial to begin with.

# Hemingway & his Wanderlust




**Vijay Salaskar**
*The writer loves travelling and writing about his adventures*



Following the footsteps of Ernest Hemingway is a passion many journalists and writers suffer from. There have been many articles about Hemingway's Paris, his Barcelona, his Madrid, his Africa, his Cuba – in each of which the writer following his footsteps imagines himself to be reliving a glorious past, made more glorious because of the circumstances in which he wrote (about the world wars); how he travelled (on rugged roads in Jeeps -- often in close proximity of death), and the landscape he made his own (seeing Africa, true at first light or the twilight of Paris, with the reflection of its lamps shimmering on the surface of the river). I'm a victim of that disease too; I blame him for part of my wanderlust.

### Male Writers

And the writers who follow Hemingway's footsteps are often male. He wrote about bullfighting and boxing, about wars and hunting, fishing and drinking. It is not as if women don't enjoy these pursuits but Hemingway's personality-his misogyny; his narcissism; his petty cruelties and his depression-was hardly endearing, even though his sharp, crystal-clear writing culled the essence of human experience in a manner that many have imitated but few have equalled.

### Images Made of Words

In early winter in New York, I went to The Morgan Library & Museum to see an excellent exhibition about Hemingway between the wars. There were indeed photographs and early yearbooks, but the predominant image was of words. And those words have travelled the world and absorbed the meaning visible through photographs, identity cards, passports, notes, letters and typed drafts. These are words typed on yellowing sheets; words struck off with pencil; words rewritten with ink; words distilling and encapsulating an experience that became vivid after each rewrite. I wonder what kind of a writer Hemingway would have made today with the ease of editing that modern word processors offer making the act of retyping misspelt words redrafting and rewriting easy. For Hemingway, revising a



Hemingway in Paris - by John F Kennedy Presidential Library and Museum - Wikimedia Commons.

text was almost a religious experience. He said the more you throw away, the surer you could be that there was something substantial to begin with.

### Transforming Wounds

And he did so by capturing in his words the essence of a lived experience. At a young age he was in Europe, during World War I, and he was wounded in a mortar attack in Austria. The experience would transform him; while recuperating, he would meet the nurse he would love deeply. When you see the drafts of his writing from that time, not

#PERSONALITY

only do you see how he compressed emotion in sentences but how even visually the commas, semi-colons and dashes broke the rhythm of the sentences at just the right time, making you feel the disruptive unpredictability that wars bring.

### The Beginning

Born in Oak Park, Illinois in 1899 to a physician father and musician mother, Hemingway began his career at seventeen, working as a journalist. He soon enlisted as a volunteer in the First World War, but was rejected by the Infantry Service, instead joining the Red Cross Medical Service on the Italian Front where he was badly injured. Following the war he embarked on a brief career as a foreign correspondent for the Toronto Star before returning home to the United States to focus on writing. Newly married, Hemingway would go on to settle in Paris, where he would be acquainted with the modernist American writers Ezra Pound and Gertrude Stein, who were also living in Europe.

### Roller Coaster Wars

The experience abroad shaped him so much that while he gained fame as a great young American author, he was leaving the US far behind.

His life after that became a roller-coaster ride through the history of the 20th century after the early experience of World War I. There was the Spanish Civil War (where he fought the fascists and wrote about the war), and then going on a landing craft to Normandy on D-Day in 1944, liberating Paris -- he claimed credit for liberating the bar at the Ritz hotel and Sylvia Beach's bookshop, Shakespeare and Company. And he cheered Fidel Castro's revolution in Cuba.

A period of creativity followed with Hemingway submitting eighty-eight short stories and various travel pieces to the Toronto Star. He released his first collection Three Stories and Ten Poems in



Ernest Hemingway and Marlene Dietrich in 1938.

> In his essay about the film Wizard Of Oz, Salman Rushdie writes: "...the truth is once we have left our childhood places and started out to make up our lives, armed only with what we have and are, we understand that the real secret of the ruby slippers is not that 'there's no place like home'."

1923, followed by In Our Time (1925), a collection of short story vignettes. He moved back to the United States in 1926, where he produced his first major novelistic triumph, The Sun Also Rises (1926), about a group of expatriate American and English expatriates travelling from Paris to Spain. Often autobiographical Hemingway's overseas travels informed much of his work, spanning the globe from his early literary sojourns in France to African Safaris, the Spanish Civil War, and excursions in Cuba and the Caribbean.

### A Local Travel

What made his writing so real was that he immersed himself in the societies in which he lived. He was not a correspondent, nor a tourist or a traveller; he became a local, so much so that Havana, Madrid, and Paris were as much home to him as were Key West (where he lived for many years) or Ketchum (where he died). About Oak Park, where he was born, he would write in a letter to his wife Mary Welsh: "Never have been back except to bury my Father that same fall (of 1928). Since, many time(s) (sic), I haven't gone because it would be rude to go and not see my mother and I can't stand to see her."

### Returning Home

It is not easy to return home, and where you return may not be where you began. T.S. Eliot put it profoundly in Little Gidding, one of the Four Quartets: "We shall not cease from exploration, and the end




Ernest Hemingway.

of all our exploring will be to arrive where we started and know the place for the first time." And it would inevitably not be what we had left." In his essay about the film Wizard Of Oz, Salman Rushdie writes: "...the truth is once we have left our childhood places and started out to make up our lives, armed only with what we have and are, we understand that the real secret of the ruby slippers is not that 'there's no place like home' but rather that there is no longer any such place as 'home': except, of course, for the home we make or the homes that are made for us in Oz: which is anywhere and everywhere, except the place from which we began."

### A New You

This is what it means to travel -- you leave your home, you wander across the world, you discover yourself, and if you return to where you began from, you find that the place is no longer what it was, that place is new and each visit is like a new discovery because home is what you one day leave, taking new paths, new alleys, new roads, taken or not, even if the detour is much longer.


writetoarbit@rashtradoot.com



Hemingway in Paris with his son, John.



Ernest Hemingway and his first wife Hadley.



Ernest and his girlfriend Pauline Pfeifferin Paris.

#VOX POP

# Sologamy

## Salf love, PR stunt or a way to stall traditional marriage?

In light of what is perhaps India's first case of Sologamy, women from Jaipur share their views on the idea with Arbit.




**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*




"Khudse mohabbat me pad gai, Kal mai apni hi dulhan ban-gai..." wrote the 24-year-old Kshama Bindu in an Instagram post following the act of marrying herself on June 8 in Vadodara, Gujarat. From the customary haldi, mehendi and pheras, Kshama's marriage was a full-fledged affair just like any Indian wedding sans one element – the groom. What is being considered as the first-of-its-kind case of sologamy in India has created a huge stir on social media. While some are applauding this step by her as a great expression of self love, others are of the opinion that this is merely a PR stunt to gain publicity. Some are ready to embrace sologamy just to get a breather from the perennial pressure of their family members and relatives to tie the knot. We asked some women from Jaipur to share their views on sologamy in the light of Kshama Bindu and here's what they had to say:

### Nothing is Taboo Any More



**The** recent ceremony of Kshama Bindu got a lot of eyeballs and it also went on to show that nothing is taboo any longer. This was her way of showing the world that the most important person in her life is nobody else but her, which is great and if that's what makes her happy, so be it.

***- Shagun Chowdhary***
*Olympian Trap Shooter*

### A Celebration of Choice



**I** think it's been one of the most positive news we have received in a while, simply because it celebrates the freedom of self-expression and choice. Not all of us are capable of showing love and commitment to self the way Bindu did, it takes guts – and I celebrate it.

Another very positive aspect for me was a reassuring message of this act. Unfortunately, women have been still proving their worth through their relationship with men – that's how patriarchal society functions, and Bindu demonstrated how a woman can feel fulfilled and complete in relationship with herself.

***- Anastassiya Savchenko***
*Founder, Indian Women Blog*

### No Form of Marriage has any Meaning



**Marriage** is basically a transactional social construct. It is what guarantees a protection of property rights, of ensuring the lineage survives and that there is a form of companionship that matches standards typically set by our societies. The very idea of an irrevocable contract obliging the parties concerned to a lifetime of romantic effort is utterly absurd. Therefore, no form of marriage has any meaning for me – sologamy or not. But if this means the person (here the girl in question) can legally and socially be exempt from further pressure of 'getting married', hell yeah I am all for sologamy!

***- Sanjana Sarkar***
*Director of French Institute in India, Jaipur*

### Sologamy is a Silver Lining in Our Social Construct



**Marriage** is an extremely patriarchal concept and unfortunately is often seen as the marker of being settled or stable in life. At one point in my life when I had just moved out of my parents' house, started living on my own and was also healing from an abusive relationship, I started knowing my own needs. I understood what it meant to be committed to taking care of myself. Later, I got to know about sologamy and even though I am not bold enough to take that step, I think it is a beautiful concept. Kshama Bindu's move calls for a celebration as it is a silver lining in our social construct and culture.

***- Lyla Freechild***
*Visual Artist, Activist, Entrepreneur*

### Societal Norms Need to be Adhered to



**The** traditions and formal wedding affairs are an intrinsic part of our culture which we have been following for centuries now. I understand one may need the freedom and liberty to follow their heart – which can be done in many other ways. For instance, one may dress up as a bride or go on a holiday to Goa just like that..one doesn't need to marry oneself or anyone else to do that. Keeping the larger picture in mind, we all owe a certain behaviour to our society and norms need to be adhered to.

*- Riccha Singh*
*Founder of a matrimonial website and a lifestyle show*

### I Wouldn't OPT for Sologamy



**Though** I love taking care of myself, I also want to be pampered and cared for by another human. It is a cosy feeling that only a partner can provide so I would not opt for sologamy. However, I am not surprised at Kshama Bindu's move. I am a firm believer of love and let live. So if she is happy marrying herself, I don't see why it is anyone's business.

*- Mariam Abuhaideri*
*Animal Rights Activist*

### A Unique Way to Tick off the 'Mandatory Milestone'



**Kshama** Bindu's self-marriage is a pleasant answer to the unpleasant questions which every single person over the age of 25 years is subjected to. We all grew up watching and reading love stories which often ended in a happily-ever-after. We didn't even realise when we developed an unspoken need/want for that someone special to come along and 'complete' our life. Marriage became a mandatory milestone and Kshama Bindu ticked it off her checklist in a unique way.

***- Nupur Agrawal***
*Digital Marketing Consultant*


### A Publicity Stunt



**To** me, this entire event seemed unnecessary and extreme. To prove the intensity of your self-love, you need not mock a holy ritual. Traditions like marriage need to be protected and valued and not be used as a strategy to win a million views online. You can be vocal about why a woman is not a 'damsel in distress' if she decides to remain single all her life using a lot of other ways. But again, as we say, each one has a choice of his own. While I admire her fearlessness and respect her relationship status and sexual preference, the process to authenticate it stands silly to me.


***- Lavanya Bahuguna***
*Writer*

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 120 किलो पोस्त बरामद, नाकाबंदी तोड़ पिकअप चालक फरार

## पिकअप सीज, आरोपी की धरपकड़ के टीम गठित

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के घड़साना. कस्बे से रामसिंहपुर की ओर जाने वाली सडक् पर गांव 7 जेएम तिराहे पर पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप चालक ने नाकाबंदी तोडकर फरार हो गया। नाकाबंदी तोड् कर तेज गति से पिकअप भगाने पर पुलिस ने गंभीरता से लेकर पीछा किया। पुलिस की गाड़ी पीछा करने को देखते हुए लूणिया गांव की गलियों में होकर पिकअप चालक टिब्बों में स्थित चक 5 एनएम की ओर फरार हो गया। पिकअप धोरों में फंस जाने पर चालक रात के अंधेरे में गायब हो गया। पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो पिछले हिस्से में छह थैलों में भरा पोस्त होना पाया। पिकअप कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार करने के लिए पूरी रात रोही को छान मारा। लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया है।

नईमंडी थाने के एसएचओ मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि रोजमर्रा के तहत अलग अलग स्थानों पर पुलिस द्वारा रात को 7 जेएम गांव के तिराहे पर एएसआई विनोद कुमार, कमाण्डों बंशीलाल, कांस्टेबल रामकेश के साथ नाकाबंदी की गई थी। देर रात को घड़साना की ओर से एक पिकअप आयी। पिकअप चालक ने पुलिस द्वारा तलाशी के गाड़ी रोकने का इशारा किया। तब चालक ने रोकने के लिए इशारा कर रहे पुलिस कर्मी की ओर तेज स्पीड से पिकअप लाने लगा। पुलिस ने बचाव करते हुए संभाला। नाकाबंदी तोडने के बाद पिकअप की स्पीड बढ ा दी। पुलिस ने तत्परता से पिकअप का पीछा किया। तीन किमी दूर लूणिया गांव की गलियों में पिकअप को मौड़ दिया। गांव को पार करते हुए पिकअप एक कच्चे रास्ते की ओर चली गई। पुलिस भी पीछा करने में लगी थी। इस बीच एक टिब्बा में पिकअप फंस जाने पर चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप की तलाशी लेकर 120 किलो साबुत पोस्त सहित गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक की तलाश जारी रखी। सीआइ ने बताया कि पिकअप से एक व्यक्ति उतर कर फरार होने के पद चिन्ह मिले हैं। इस पर संभावना जतायी जा रही है कि पिकअप में एक व्यक्ति चालक ही है। उन्होंने बताया कि संभावना है कि पिकअप के आगे एस्कॉर्ट गाड़ी हो सकती है।

सीआइ बिश्नोई ने बताया कि पिकअप के आरजे 13 से शुरु होने वाले नम्बर प्लेट की जांच तथा परिवहन विभाग से जानकारी जुटाने के बाद पता चला है कि यह पिकअप रायसिंहनगर तहसील के लुहारा गांव के एक व्यक्ति की है। पुलिस ने लुहारा में जाकर पड़ताल की तो उक्त व्यक्ति ने पिकअप को खाजूवाला में रहने वाले एक व्यक्ति को बेचना बताया है। पुलिस इस संबंध में जांच पड़ताल कर रही है कि गाड़ी बेची हुयी है अथवा नही। सीआई ने बताया कि अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर एसपी के आदेशों पर जांच के लिए रावला थानाधिकारी सुरेन्द्र पचार को पत्रावली भेजी गई है।

# बाड़मेर में एक ही दिन में अलग-अलग मामलों में पांच लोगों ने आत्महत्या की

## दामाद-सास, दो नाबालिग व एक विवाहिता ने की इहलीला समाप्त

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर जिले के लिए मंगलवार का दिन अमंगल साबित हुआ जहां तीन अलग-अलग मामलों में पांच लोगों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। अलग-अलग थानाक्षेत्र में हुई इन घटनाओं में पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाड़मेर के सरणू गांव के पास खरण्टिया निवासी दरिया देवी की पुत्री का विवाह एक वर्ष पूर्व केरावा निवासी होताराम के साथ हुआ था और उसके बाद सास और दामाद के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। बीती रात उन्होंने बाड़मेर जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्रामीण थाना क्षेत्र के लंगेरा फांटा के पास एक खेजडी के पेड़ पर अपने ही कपडों से फांसी का फंदा लगा दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से दोनों के शव नीचे उतारकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही के लिए जुट गई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

दूसरी तरफ रामसर थानाक्षेत्र में बसरा गांव में एक पेड़ पर एक नाबालिग लड़के और लड़की का शव लटका हुआ मिला। इस पर रामसर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को बुलाकर दोनों के शव नीचे उतारकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवाया। पुलिस का कहना है कि दोनों एक ही जाति के हैं और पड़ोसी हैं। दोनों की उम्र लगभग 16 वर्ष है। आसपास के लोगों का कहना है कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आत्महत्या से पहले दोनों ने साथ में फोटो खींचे और सोशल मीडिया पर अपलोड भी किये। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा बाड़मेर के सदर थाना क्षेत्र के हाथीतला गांव में देर रात एक विवाहिता ने अपने घर के बाहर बने पानी के टांके में मासूम बच्चे के साथ कूद गई जिसके बाद आसपास के लोगों ने कूदने की आवाज सुनने पर मासूम बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल दिया और विवाहिता की डूबने से मौत हो गई। विवाहिता का पति बाहर मजदूरी करता था। देर रात को करीब 12 बजे अपने घर पहुंचा तो पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखी। पति जब उस व्यक्ति के पीछे भागा तो पीछे से पत्नी ने बच्चे के साथ पानी के टांके में छलांग लगा दी। सदर पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

## करंट लगने से युवक की मृत्यु

**डूंगरपुर,** (निसं)। सेमारी थाना क्षेत्र में पानी की मोटर चालू करते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने घर के पास बने बाडे में पानी की मोटर चालू करने गया था। इस दौरान करंट का झटका लगने से वह नीचे गिर गया। नीचे गिरने के कारण उसके सिर में भी चोट आई। युवक के नीचे गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौडकर बाडे में पहुंचे और उसको बेहोशी की हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि शांतिलाल मीणा निवासी घोडासर नला फला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा पप्पू मीणा घर के पास ही बाडे में पानी की मोटर चालू करने गया था। उस दौरान करंट लगने से वह नीचे गिर गया। बाडे में किसी के गिरने की आवाज सुनकर हम दौडकर पहुंचे तो पप्पू बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरा था। इस पर उसको डूंगरपुर हॉस्पीटल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सेमारी थाना पुलिस डूंगरपुर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव काक पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने करंट लगने से मौत की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक पप्पू मीणा के 2 बेटे और 1 बेटी है।

# सूदखोरों से त्रस्त पीड़ित ने दी परिवार सहित आत्महत्या करने की चेतावनी

■ पीड़ित ने एसपी को परिवाद देकर लगाई न्याय की गुहार

**राजसमंद,** (निसं)। उधार ली गई पूरी राशि मय ब्याज चुकाने के बाद भी मनमाने ढ ंग से बाकियात बताकर प्रार्थी व परिवार को बेवजह प्रताडित करने को लेकर छह व्यक्तियों के विरूद्ध जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर इस सम्बन्ध में सख्त कानूनी कार्रवाई कराने एवं प्रार्थी व परिवार की जान-माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई गई है।

प्रार्थी रायपुर (भीलवाडा) हाल नाईयों की गली मालनिया चौक कांकरोली निवासी दिनेशचन्द्र सेन पुत्र जानकीलाल सेन ने उक्त आशय का परिवाद एसपी के समक्ष प्रस्तुत किया है। परिवाद में गंगापुर (भीलवाडा) निवासी विनोद खटीक पुत्र देवीलाल खटीक, पुर (भीलवाडा) निवासी सोहनलाल खटीक पुत्र गणेशलाल खटीक, ब्रह्मपुरी गंगापुर (भीलवाडा) निवासी रमाकांत शर्मा पुत्र रामेश्वरलाल शर्मा, रायपुर (भीलवाडा) निवासी मुरलीधर वैष्णव पुत्र भगवानलाल वैष्णव, कॉपरेटिव बैंक मैनेजर गंगापुर (भीलवाडा) निवासी ओम सांखला एवं रायपुर (भीलवाडा) निवासी चेतन सुकलेचा पुत्र अर्जुनलाल सुकलेचा पर यह आरोप लगाए गए है।

परिवाद के अनुसार प्रार्थी दिनेशचन्द्र सेन ट्रावेल्स लोकल बस सेवा संचालन का कार्य करता है। जिसे रूपयों की आवश्यकता होने पर बीते वर्षों में इन आरोपियों से अलग-अलग समय में पृथक-पृथक राशि उधार ली। राशि लेते समय प्रार्थी से साहूकारी ब्याज देना तय हुआ। लेनदेन के समय प्रार्थी से उक्त आरोपियों ने राशि पेटे सिक्योरिटी के रूप में हस्ताक्षरशुदा खाली चेक आदि लिए। वहीं किसी ने पांच सौ रूपए का स्टाम्प तो किसी ने उक्त सिक्योरिटी के अलावा गारंटर का खाली हस्ताक्षरशुदा चेक आदि भी लिए।

एसपी को सौंपे गए परिवाद में पीडित ने आरोप लगाया गया है कि उक्त सभी आरोपियों ने राशि उधार देते समय 2 प्रतिशत साहूकारी ब्याज तय करने किया। लेकिन बाद में मुकर गए और मनमर्जी से 6 प्रतिशत तक ब्याज वसूलने की नीयत से मोटी ब्याज राशि जोड कर लाखों रूपए का ब्याज बकाया बता दिया और राशि वसूली को लेकरदबाव बनाने लगे। प्रार्थी ने परिवाद में कहा कि उसने आरोपियों को उधार ली गई मूल राशि एवं तयशुदा ब्याज से भी कहीं अधिक राशि यानि बकाया सम्पूर्ण राशि चुकता कर दी। इसके बाद भी आरोपी मनमाने ढ ंग से जोडे गए ब्याज एवं पैनल्टी के आधार पर मोटी राशि बकाया बताकर लगातार उगाही की जा रही है। बताया गया कि पूरी राशि का भुगतान करने के बाद भी आरोपी अवैध रूप से वसूली करने पर आमादा है तथा आए दिन उसके घर आ धमकते है एवं उसे व उसके परिवार को बेवजह परेशान करते है। यही नहीं आए दिन रास्ते में प्रार्थी की बस को रूकवा कर हंगामा खडा कर देते है। जिससे बस में सवार यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

आरोपी अपने बाहुबल से अवैध तौर पर राशि वसूली कर रहे है एवं लेनदेन के दौरान प्रार्थी व उसके मित्र से लिए गए खाली हस्ताक्षरशुदा चेक, स्टाम्प आदि भी नहीं लौटाए जा रहे। आरोपियों द्वारा कई बार चेक, स्टाम्प आदि मांगने पर लगातार टालमटोल किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में चेक, स्टाम्प आदि का दुरूपयोग करने की आशंका है। आरोपियों द्वारा कई बार चेक बाउन्स करने एवं स्टॉम्प पर अवैध लिखा-पढी करने साथ ही धमकियां भी दे चुके है। परिवाद में कहा कि आरोपियों की धमकियों व अमानवीय व्यवहार के चलते प्रार्थी व उसका परिवार मानसिक रूप से काफी प्रताडित हो चुकेहै और अवसाद ग्रस्त है। यदि प्रताडना नहीं रूकी तो प्रार्थी अपने परिवार सहित आत्महत्या करने पर मजबूर होगा।

## साम्प्रदायिक वीडियो शेयर करने पर प्रतिबंध

**भरतपुर,** (निसं)। वर्तमान में प्रदेश में हुई साम्प्रदायिक घटना को देखते हुये धारा 144 के आदेश में संशोधन करते हुये किसी भी प्रकार से साम्प्रदायिक घटना का वीडियो रखने, सरकुलेट करने, चाहे वह व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर हो या अन्य सोशल मीडिया ग्रुप हो, पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस वीडियो को रखने वालों के खिलाफ विधि सम्मत एवं आई.टी. की धाराओं में सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही जिले में इंटरनेट भी बंद रहेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि धर्मगुरूओं के साथ शांति समिति की बैठक ली जायेगी। साथ ही समस्त थानों के स्तर पर भी सी.एल.जी. की मीटिंग की जायेगी। उक्त बैठक में जिला कलक्टर एवं एस.पी. द्वारा धार्मिक गुरूओं से निवेदन किया जायेगा कि वह धार्मिक उन्माद फैलाने वाले वीडियो, चित्र अथवा फोटो को फोरवार्ड न करने के लिये आमजन से भी अपील करें।

# कोचिंग सेंटर खोलने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी

■ पार्टनरशिप में काम का दिया था झांसा, न सेंटर खोला और न रुपए लौटाए

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के टाउन थाना क्षेत्र में कोचिंग सेंटर खोलने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक को पार्टनरशिप में कोचिंग सेंटर खोलने का झांसा दिया और उससे फर्नीचर, एडवांस किराया और अन्य व्यवस्था के लिए 10 लाख रुपए ले लिए। इस दौरान कोरोना संक्रमण फैलने और लॉकडाउन लगने के कारण कोचिंग नहीं खोल पाए। युवक ने इस साल 1 अप्रैल से कोचिंग शुरू करने या रुपए वापस देने के लिए कहा तो आरोपी ने मना कर दिया और रुपए वापस लौटाने की बात कही, लेकिन अब तक नहीं लौटाए हैं।

हेड कॉन्स्टेबल पुरुषोत्तम ने बताया कि आशुतोष पुत्र रामेश्वरदयाल चौधरी निवासी ए 23 श्याम विहार कॉलोनी चौमूं ने रिपोर्ट दी है। उसने बताया कि मेरे जीजाजी डॉ. सुरेश बाजिया हिसारिया हॉस्पिटल मे कार्डियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। फरवरी 2021 में मैं और राजबहादुर पुत्र कालूराम निवासी बामनवास, सवाईमाधोपुर के साथ हनुमानगढ़ घूमने आया था। यहां पर मैंने राजबहादुर को मेरे जीजा से मिलवाया था। उस दौरान राजबहादुर ने कहा कि हम दोनों मिलकर हनुमानगढ़ मे कोचिंग सेंटर खोलते हैं। राजबहादुर ने कहा कि रुपए तुम लगा दो और सारा काम मैं संभाल लूंगा। तब मैंने उससे इन्वेस्टमेंट के बारे में पूछा तो उसने कहा कि 10 लाख रुपए दे दो, जिससे मैं फर्नीचर, एडंवास, किराया वगैरा और अन्य सभी व्यवस्थाएं कर लूंगा। साथ ही जयपुर से अच्छे स्टाफ का इंतजाम कर लूगा। कोचिंग में हम दोनों 50-50 परसेंट के पार्टनर होगे।

आशुषोष ने बताया कि मैंने राजबहादुर पर विश्वास करके मेरे जीजा से 10 लाख रुपए उधार लेकर राजबहादुर को नकद दे दिए। इस दौरान हमारी 1 अप्रैल 2021 से कोचिंग शुरू करने की बात हो गई थी और इसके बारे में हमारी लिखा पढ़ी भी हो गई थी। फिर अचानक कोरोना संक्रमण फैल जाने और लॉकडाउन लगने के कारण कोचिंग सेंटर नहीं खोल पाए। पीड़ित ने बताया कि मैंने इस साल 1 अप्रैल से कोचिंग शुरू करने या मेरे पैसे लौटाने के लिए कहा तो राजबहादुर ने कोचिंग सेंटर खोलने के लिए मना कर दिया और कहा कि मैं तेरे पैसे वापस कर दूंगा, लेकिन अब तक उसने रुपए नहीं लौटाए हैं। राजबहादुर ने मेरे साथ कोचिंग सेंटर खोलने के नाम पर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है।

# अधिक राशि लेने पर ई-मित्र कियोस्कों पर कार्रवाई

**कोटा,** (निसं)। संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कार्यालय स्तर पर गठित टीम द्वारा शहर में संचालित ई-मित्र केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त निदेशक मुकेश विजय ने बताया कि शहर में स्थापित 45 ई-मित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें ई-मित्र सेवाओं की अधिक राशि वसूल कर रहे 17 ई-मित्र कियोस्कों पर कार्यवाही की गई।




**कोटा में ही मित्र पर अनियमितता पाए जाने पर उसको निष्क्रिय घोषित किया गया।**

उन्होंने बताया कि कियोस्कों में से प्रथम बार अनियमितता करने वाले 16 ई-मित्र कियोस्कों को 15 दिन के लिए निष्क्रिय एवं एक हजार रूपये की जुर्माना (शास्ति) लगाया गया एवं दूसरी बार अनियमितता करने वाले 1 ई-मित्र कियोस्क को 1 माह के लिए निष्क्रिय किया जाकर 30 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में संचालित 7 ई-मित्र कियोस्क पर राज्य सरकार द्वारा जारी नवीन रेट लिस्ट, को-ब्राण्डेड बैनर चस्पा नहीं करने पर राजधरा ऐप के माध्यम से शास्ति आरोपित की गई। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में ई-मित्र कियोस्कों द्वारा ई-मित्र केन्द्रों पर नवीन रेट-लिस्ट एवं को-ब्राण्डेड बैनर नहीं लगाए जाते हैं तो नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

उन्होंने जिला समन्वयक सभी स्थानीय सेवा प्रदाता को उनके अधीन संचालित ई-मित्र कियोस्कों को ई-मित्र सेवाओं प्रदान करेन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल नहीं करने एवं नवीन रेट-लिस्ट व को-ब्राण्डेड बैनर लगाने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी आमजन से आव्हान किया है कि ई-मित्र सेवाओं को आवेदन करने पर ई-मित्र से करवाए गए आवेदन की रसीद अवश्य प्राप्त करें एवं ई-मित्र केन्द्रों पर चस्पा नवीनतम रेट लिस्ट के अनुसार ही भुगतान करें।

## किसानों का धरना 8 वें दिन भी जारी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पल्लू तहसील के आगे चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आठवें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद निहालचंद मेघवाल पहुंचे और समर्थन दिया।

कृषि उप निदेशक से फोन पर बात की और जल्द से जल्द बीमा डलवाने के लिए पाबंद किया। किसानों ने निहालचंद के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता चंदूराम सिहाग ने बताया कि किसान परसों पल्लू तहसील का घेराव करेंगे और स्वैच्छिक गिरफ्तारी देंगे। प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिहाग ने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों के सब्र का इम्तिहान न लें। जिला परिषद सदस्य पवन सिहाग ने कहा कि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# बेवजह बिजली कटौती के विरोध में जेईएन का घेराव

**कोटा,** (निसं)। आए दिन लगातार हो रही बेवजह बिजली कटौती व लगातार बढ़ रहे बिजली के बिलों से परेशान होकर महावीर नगर तृतीय मे क्षेत्रवासियों व महिलाओं ने केईडीएल के एईएन अभिषेक चौधरी व जेईएन प्रणय के मीटर चेक करने के दौरान उनका घेराव किया व उन्हें अपनी शिकायत बताई।

इस दौरान इन अधिकारियों द्वारा महिलाओं से अभद्रता की गई इसकी सूचना स्थानीय निवासियों ने पीसीसी के पूर्व सचिव शिवकांत नंदवाना को दी जिस पर शिवकांत नंदवाना व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओ की तीखी कहासुनी व धक्का-मुक्की अधिकारियों से हुई कांग्रेस नेता शिवकांत नंदवाना की समझाईश पर कार्यकर्ता शांत हुए व मौके पर ही उनके द्वारा केईडीएल के उच्चाधिकारियों से वार्ता की गई व चेतावनी दी की अगर आगे से इस प्रकार बिजली कटौती की जाती है व बिजली के बिलो को बढ़ाया गया तो शहर मे बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा व अधिकारियों को उनके दफ्तर मे नही घुसने दिया जाएगा काफी समय अधिकारियों को वही रोक कर रखा गया बाद मे पुलिस को सूचना देकर अधिकारियों को गिरफ्तार करवाकर उनके खिलाफ महिलाओं से अभद्रता का मुकदमा दर्ज करवाया।

इसमे मुख्य रूप से युथ कांग्रेस जिला महासचिव यश गौतम, पार्षद कुलदीप गौतम, नितेश महावर, मयंक विजय, परमानंद सैनी, यश बजाज, अब्दुल मलिक, अनिल महावर, सौरभ पंकज, शुभम कोली आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्री मानसून के बाद बीकानेर फिर लू की चपेट में

**बीकानेर,** (कासं)। पिछले दिनों प्री मानसून की बारिश के बाद बीकानेर में तापमान काफी हद तक कम हो गया था लेकिन इसके बाद से बढ़ते तापमान ने लू जैसे हालात कर दिए हैं। स्थिति ये है कि पिछले चौबीस घंटे में तापमान 44.3 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। अगले दो दिन बीकानेर संभाग में कहीं कहीं बारिश होने की उम्मीद बन रही है। न सिर्फ बीकानेर बल्कि राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान एक बार फिर चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। बीकानेर के अलावा संभाग के चूरू में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस है तो श्रीगंगानगर में 44.2 डिग्री रह गया है। जोधपुर के फलौदी में तो 45 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम तापमान रहा है।

# चूरू में 46 सेंटरों पर 14 हजार 633 अभ्यर्थी पीटीईटी परीक्षा देंगे

**चूरू,** (का. सं.)। जिले में 3 जुलाई को प्रस्तावित पीटीईटी परीक्षा को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने इस संबंध में मीटिंग लेकर परीक्षा तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए गए हैं। पीटीईटी-2022 परीक्षा 3 जुलाई को प्रातः 11.30 से दोपहर 02.30 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए जिले में 46 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें दो तरह के चार वर्षीय और दो वर्षीय कोर्स की परीक्षा शामिल है। जिला समन्वयक लोहिया कॉलेज प्राचार्य दिलीप सिंह पूनिया ने बताया कि पीटीईटी के प्रश्न पत्र 30 जुलाई को चूरू पहुंच जायेंगे, जो कड़ी सुरक्षा में ट्रेजरी में रखे जाएंगे।

परीक्षा के दिन सुबह 7.30 बजे पेपर कॉर्डिनेटर और पुलिस सुरक्षा दस्ते की मौजूदगी में प्रश्न पत्र निकाले जाएंगे। हर परीक्षा केंद्र की वीडियोग्राफी भी होगी। पीटीईटी के दोनों कोर्स की परीक्षा में 14 हजार 633 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों का प्रवेश आधे घण्टे पूर्व प्रारम्भ होगा, यथोचित कारणों से सन्तुष्ट होने पर ही किसी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के अधिकतम 20 मिनट बाद तक बैठने की अनुमति दी जा सकेगी। हर परीक्षार्थी को अपने साथ प्रवेश पत्र तथा फोटोयुक्त कोई एक मूल दस्तावेज आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, पासपोर्ट आदि रखने होंगे। उन्होंने बताया कि कॉविड-19 हेतु राज्य/केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी केन्द्राधीक्षक की होगी।

परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक एवं केन्द्र पर्यवेक्षक के अतिरिक्त किसी भी कार्मिक को मोबाइल की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी को सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर वाले पूरे गोले केवल काले बॉलपेन द्वारा ही गहरे काले करने होंगे। अतः अपने साथ काला बॉल प्वॉइन्ट पेन ही लेकर आयें। मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर नहीं आएं। जूतों की बजाय सामान्य चप्पल पहनकर आएं। पीटीईटी-2022 परीक्षा के जिला समन्वयक प्रो दिलीप सिंह पूनियां प्राचार्य राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू ने बताया कि दो वर्षीय कोर्स वाले अभ्यर्थियों के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 11546 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। 35 में से 10 परीक्षा केन्द्र चूरू शहर में है, इनके अलावा सरदारशहर में 14 और रतनगढ़ में 11 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

## दिमागी हालत कमजोर व्यक्ति ने ट्रेन के आगे आकर की आत्महत्या

**सादुलपुर,** (निसं.)। घर से लापता हुए हमीरवास थाने के गाँव इन्द्रपुरा निवासी दीपकी हालात ठीक नहीं होने एक व्यक्ति ने सादुलपुर रेवाड़ी रेल खण्ड पर स्थित गाँव बेवड़ के पास ट्रेन के आगे आकर आत्म हत्या कर ली। हमीरवास थाना पुलिस अनुसार गाँव इन्द्रपुरा निवासी रामवतार पुत्र सीताराम जाति मेघवाल ने दर्ज मामले में बताया कि 27 जून की रात्रि को करीब 11 बजे उसके ताऊ राधेश्याम पुत्र हरजीराम घर से बिना बताए चले गए थे। जिस पर परिवार जनों ने आस पड़ोस में उनकी खोज बीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला।

वहीं 28 जून 2022 को सुबह 3.30 बजे पुलिस नें उन्हें सूचना दी कि गाँव गुगलवा किरतान और बेवड़ गाँव की रोही के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति नें ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली है। जिस पर पुलिस की ओर से शिनाख्त कार्यवाही में मृतक की पहचान उसके ताऊ राधेश्याम के रूप में की। वहीं दर्ज मामले में बताया कि उसके ताऊ की दिमागी हालत स काफी कमजोर थे तथा सोमवार को तेज गर्मी की वजह से दिमाग पर काफी ज्यादा जोर पड गया होगा और बिना बताए घर से निकल गए थे। हमीरवास थाना पुलिस नें मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल एक बड़ी शुरुआत है : कृष्णा पूनिया

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता के लिए मशाल चूरू पहुंची

**चूरू,** (कासं)। राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीणों प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों को लेकर जागरुकता के लिए चल रही मशाल मंगलवार सवेरे चूरू जिला स्टेडियम पहुंची। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष, विधायक एवं ओलंपियन डॉ कृष्णा पूनिया तथा जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने मशाल यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा कि राजस्थान सरकार की खेलों के प्रति बेहतरीन नीतियों का ही परिणाम है कि आज हरियाणा जैसे राज्य के खिलाड़ी भी राजस्थान से खेलना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि देश के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आगाज होगा। कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने इस मौके पर कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल एक बड़ी शुरुआत है। अंतिम छोर के व्यक्ति तक खेलों को पहुंचाने और ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारने की दिशा में यह बहुत अहम है। जिले में करीब 65 हजार खिलाड़ियों ने इसके लिए पंजीयन कराया है। उन्होंने कहा कि जिले का खेल परिदृश्य बहुत बेहतर है। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने जिले की खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी निसार अहमद खान, राधेश्याम चोटिया, महावीर नेहरा, ठाकुर मल शर्मा, रामसिंह पूनिया भी मंचस्थ रहे। इससे पूर्व खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, रमेश पूनिया, सरस्वती मुंडे ने अतिथियों का स्वागत किया। ओलंपिक संघ के ठाकुर मल शर्मा ने स्थानीय टूर्नामेंट्स के लिए उचित दरों पर स्टेडियम और सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ पूनिया से किया।




**राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष, विधायक एवं ओलंपियन डॉ. कृष्णा पूनिया तथा जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने मशाल यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

संचालन शिशपाल बुडानिया और जुम्मा खान ने किया। टीम लीडर जुम्मा खान ने बताया कि मशाल यात्रा सरदारशहर, रतनगढ़ , तारानगर होते हुए बुधवार सवेरे भादरा हनुमानगढ़ पहुंचेगी। इस दौरान सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय, बीसूका के पूर्व सदस्य जमील चौहान, रामसिंह सिहाग, जिला साक्षरता अधिकारी ओम फगेड़िया, पवन पूनिया, योगेश तिवाड़ी, ईश्वर सिंह लांबा, योगेश तिवाड़ी, विकास मील, आसिफ खान, ध्रुव पूनिया, प्रभुदयाल बुरड़क, राजेंद्र बुडानिया, सफी मोहम्मद, मसदुल हक, रामचंद्र ढाका, संजय शर्मा, महेंद्र ढाका, जयप्रकाश मेहड़ा, सुरेंद्र कस्वां, राकेश मोठसरा, शारदा बेनीवाल, स्नेहलता, सिलोचना, विमला कस्वां, स्टेडियम के प्रशिक्षक मोहित, अनिल भाखर, विजय कुमार, सोनिया, संदीप स्वामी, राहुल पीपलवा, रतन सिंह बीरड़ा, अब्बास काजी, सिराज जोइया, मुबारिक भाटी, राज मेहरा, दिनेश गुर्जर, विजय सिंह भांभू, खेल प्रशिक्षक मनीष राठौड़, पवन पूनिया, संदीप मील आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### अवैध मादक पदार्थ विक्रेता गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस थाना बनेठा ने अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार मादथ पदार्थो की तस्करी व रोकथाम के लिए चलाएं जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्रा एवं पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान ने के निर्देशन में बनेठा थानाधिकारी भंवरलाल, कानि. दयाराम, मुकेश ने एनडीपीएस एक्ट में 15 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रेता आरोपी जगदीश उर्फ जे.पी.महाराज उर्फ सियाराम मीणा पुत्र श्रीलाल मीणा 62 साल निवासी दौलतपुरा उर्फ कजोडया थाना घाड को गिरफ्तार किया है।

### अज्ञात अधेड़ का शव मिला

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के मुख्य चौराहे पर रोडवेज बस डिपो के सामने शरण मार्केट के कोने पर स्थित शराब ठेके के पास मंगलवार तडके एक अधेड का शव मिलने से कस्बे में सनसनी फैल गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर अचेत अवस्था में पाये गये व्यक्ति को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया है। मृतक ने हल्के हरे रंग की टीशर्ट, क्रिम कलर की पेंट पहन रखी है। मृतक के छोटी-छोटी सफेद दाढ़ी मुंछ व सिर में बाल है। पुलिस वारिसान का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### उपखंड स्तरीय मेगा शिविर को लेकर बैठक

**किशनगढ बास,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर 29 जून को प्रशासन गांव के संग लगने वाले उपखंड स्तरीय मेगा कैंप की तैयारियों को लेकर प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, बीडीओ राजकुमार बायला ने पंचायत समिति सभागार में ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक ली और प्रशासन गांव के संग लगने वाले मेगा कैंप को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास अधिकारी राजकुमार बायला ने बताया कि पंचायत समिति सभागार में ठाम विकास अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत उपखंड मुख्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं 29 जून को लगने वाले उपखंड स्तरीय मेगा कैंप में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने एवं प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में सहायक अभियंता रामजीलाल जेटीए, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### पेयजल सप्लाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

**निवाई,** (निसं)। पेयजल सप्लाई तथा पाइप लाइन डलवाने की मांग को लेकर महिलाओं ने पार्षद कमलेश किराड के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान वार्डवासियों ने जेईएन को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने जेईएन को बताया कि वार्ड नंबर 34 गली नंबर 16 में ऊपर की तरफ पानी की समस्या बनी हुई है। महिलाओं ने अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है जिससे भीषण गर्मी में परेशानी उठानी पड रही है साथ ही टेंकरों से पानी की व्यवस्था करनी पड रही है। इसके बाद जेईएन ने बुधवार की सुबह पेयजल सप्लाई के दौरान निरीक्षण करने का आश्वासन दिया। तब जाकर महिलाएं घरों को लौट गई।

# न्यायाधीश ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाएं जानी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने मूलभूत सुविधाओं व जेल में भोजन की गुणवता को देखा।

**टोंक,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजय शर्मा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश) टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोंक दीपेंद्र माथुर द्वारा जिला कारागृह टोंक का मासिक निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना व मौके पर ही अधीक्षक व कारापाल को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

■ बंदियों की समस्याओं को सुना व मौके पर ही अधीक्षक व कारापाल को समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया

जिला न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जेल में भोजन की गुणवता को भी देखा गया।

बंदियों द्वारा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा जिन बंदियों के पास पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है उनके निशुल्क विधिक सहायता हेतु आवेदन पत्र भरवाने हेतु अधीक्षक जिला कारागृह, टोंक को निर्देष प्रदान किये गये। न्यायाधीश द्वारा जेल परिसर की साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, विधिक सेवा क्लिनिक, महिला एवं पुरूष बैरक, परिसर, लाईब्रेरी, विडियॉ कॉन्फ्रेन्सिंग रूम, केन्टिन का भी निरीक्षण किया गया एवं बंदियों को उपलब्ध करवाई जाने वाली दैनिक एवं मासिक पत्रिका, टी.वी., सी.सी.टी.वी. कैमरा, लाईब्रेरी, जेल मैन्यूअल, बंदियों के लिए शिक्षा एवं साक्षरता, स्वास्थ्य, नेटवर्क जैमर, स्टाफ, संधारित किये जा रहे रजिस्टर, गर्मियों में बंदियों को अनुकूल वातावरण आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

### शराब के लिए नकदी नहीं देने पर मारपीट की

**टोंक,**(निसं)। शहर के पुरानी टोंक क्षेत्र में पहाडिया मैरिज गार्डन के पास बैठकर शराब पी रहे चार युवकों ने मोटरसाइकिल पर जा रहे दो जनों को रोककर शराब के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी तो उन्होंने परिजनों को बुला लिया, जिनसे भी शराबियों ने मारपीट कर घायल कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया, लेकिन इस मामले में पुलिस को रातभर मशक्कत हुई।

जानकारी के अनुसार पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में पहाडिया मैरिज गार्डन के पास पंकज, छोटू, बबलू व एक अन्य बैठकर शराब पी रहे थे, इस समय मोटरसाइकिल पर जा रहे इमरान व उसके साथी को चारों ने रोक लिया, शराब के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पर दोनों ओर से लोग पहुंचे गए। जिनसे भी मारपीट कर घायल कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुरानी टोंक पुलिस शहर कोतवाल जितेंद्र सिंह चारण ने मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश का उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इस पर वृतार्धिकारी टोंक सलेह मोहम्मद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल कल्लन का स्तर में भिजवाया। वही अफवाह उडी कि कल्लन की झगडे में मौत हो गई।

### जन सहभागिता शिविर आयोजित

**फुलेरा,**( निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने मंगलवार को फुलेरा थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मीयों को प्रोत्साहित भी किया। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम आकोदा में वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार एवं फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड की उपस्तिथि में जनसहभागिता शिविर का आयोजन किया गया। थानाधिकारी राठौड ने बताया कि शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए।


प्ररूप-13 (नियम 13(2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (जयपुर)**

क्रमांक/न.पा.पाव.प्रा./2022-23/227 दिनांक- 24.06.2022

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी मे यह लाया गया है कि खसरा सं. 2041/1, 1970/2, 1970/3, 1970/4, 1970/6, 2028, 2028/1, 2028/2, 2028/3, 2028/4, 2028/5, 3034/2029, 3035/2029, 3036/2029, 3037/2029, 3038/2029, 3039/2029, 3040/2029, 3045/2032, 3047/2032, 3048/2032, 3049/2032, 3050/2032, 3051/2032, क्षेत्र नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा ग्राम पावटा तहसील पावटा जिला जयपुर में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून, 1999 से पूर्व/बाद की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2022 (वर्ष) जून (मास) के 9 (नौ) दिन को जारी की जाती है।

दिनांक- अधिशाषी अधिकारी

स्थान- नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा, जयपुर (राज.)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1371-72 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-27.06.2022

श्री सन्नी अरोडा पुत्र स्व. कृष्ण कुमार अरोडा जाति पंजाबी निवासी वार्ड नं. 21 सुराणी बाजार कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.21 ठठेरा का मोहल्ला सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में आम रास्ता, पश्चिम दिशा में सुरेश कुमार कसेरा व अन्य का मकान, उत्तर दिशा में छाजूराम कयाल व दुकान सुराणी बाजार व दक्षिण दिशा मे लक्ष्मीनारायण प्रभुदयाल कसेरा का गोदाम अवस्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 49.9 फुट व उत्तर से दक्षिण 38 फुट कुल क्षेत्रफल 210.05 वर्गगज या 175.63 है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1374-75 **आपत्ति आंत्रण सूचना** दिनांक-27.06.2022

श्रीमती दर्शना अरोडा पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार अरोड जाति पंजाबी निवासी वार्ड नं. 21 ठठेरो का मोहल्ला सुराणी बाजार कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष मे अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.21 ठठेरा का मोहल्ला सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में बृजमोहन बाहेती का का नोहरा, पश्चिम दिशा मे आम रास्ता, उत्तर दिशा में बसंत लाल पवन कुमार कयाल की दुकान व दक्षिण दिशा मे लक्ष्मी नारायण प्रभुदयाल कसेरा का का गोदाम अवस्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 34.9 फुट व उत्तर से दक्षिण 15.9 फुट कुल क्षेत्रफल 61.77 वर्गगज या 51.65 है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1380-81 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-27.06.2022

(1) श्रीमती शीतल नारंग पत्नी श्री धर्मपाल नारंग (2) श्रीमती सिमरन नारंग पत्नी श्री नरेन्द्र नारंग जाति पंजाबी निवासी वार्ड नं. 21 सुराणी बाजार कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.21 सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा मे व्यक्तिगत रास्ता, पश्चिम दिशा में अजीम खान की दुकान, उत्तर दिशा में सुराणी बाजार रोड व दक्षिण दिशा में गली छोडकर धर्मेन्द्र व नरेन्द्र का मकान अवस्थित है। | दुकान व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 16.5 फुट व उत्तर से दक्षिण 96 फुट कुल क्षेत्रफल 71.13 वर्गगज या 14.47 है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1377-78 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-27.06.2022

श्री सीताराम अग्रवाल (हलवाई) पुत्र श्री गुलाबचन्द अग्रवाल (हलवाई) निवासी वार्ड नं. 03 सीकर बाजार रोड श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.03 सीकर बाजार रोड श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में आम रास्ता, पश्चिम दिशा में आम रास्ता, उत्तर दिशा में आवेदक का नोहरा व दक्षिण दिशा में बाबूलाल सोनी का कॉम्लेक्स अवस्थित हे। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 52 फुट व उत्तर से दक्षिण 19 फुट कुल क्षेत्रफल 109.78 वर्गगज या 91.77 है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1400-01 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-28.06.2022

श्रीमती संतोष देवी धर्मपत्नी श्री मनोज महर्षि निवासी वार्ड नं. 03, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.03 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में प्लाट श्री भंवरलाल इत्यादि महर्षि का, पश्चिम मे प्लाट श्री नारायण महर्षि का उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में 6'-3 चौड़ी शामिलाती गली होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 20'-5" दक्षिणी भुजा 20'-4" एवं उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 50'-6" व पश्चिमी भुजा 48'-1" होकर कुल रकबा 92.87 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# समूह की महिलाओं ने प्रोत्साहन राशि ना मिलने पर रोष जताया

**बहरोड/नीमराना,** (निसं)। बहरोड कस्बे में दीनदयाल अंत्योदय के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जो कि शहरी गरीबी उपशमन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम, नगर परिषद आदि निकाय क्षेत्रों में संचालित है। नगर पालिका बहरोड क्षेत्र में योजना से संबंधित महिलाओं के 10 समूहों की बैठक आयोजित की गई। बहरोड नगर पालिका क्षेत्र में चल रही केंद्र सरकार की योजना शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रोत्साहन राशि ना मिलने को लेकर बैठक में रोष प्रकट किया।

इस दौरान स्वयं सहायता समूह के बृजराज शर्मा के निर्देशन में महिलाओं का स्वयं सहायता समूह चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिलाओं ने बताया कि अब तक 13 ग्रुप पूर्णतया संचालित हैं। जिनमें से 5ग्रुपों की प्रोत्साहन राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। परन्तु शेष अन्य ग्रुप की महिलाएं प्रोत्साहन राशि से वंचित हैं। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों की ओर से संतुष्टि पूर्ण जवाब ना मिलने के कारण महिलाओं ने रोष प्रकट किया था। जिस के मामले में राज्य स्तरीय अधिकारी मनमोहन से समस्या की जानकारी लेने पर उन्होंने पैसा पोर्टल के माध्यम से रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए ग्रुप की सभी महिलाओं को संतुष्ट करते हुए महिलाओं को फंड न मिलने की चर्चा पर प्रक्रियाधीन कार्यवाही होने की जानकारी दी जो 10 से 15 दिन के अंदर जारी होने का आश्वासन दिया। जिसके मामले में बृजराज शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय अधिकारी ने जो प्रक्रिया बताई है उसके अधीन कार्यप्रणाली पर अमल किया जाएगा। ग्रुप राधे राधे, राधे श्याम, गोवर्धन, गिरिराज जी, विश्वास महिला, कबीर, श्री राधे, यात्रा, श्री बांके बिहारी, संगम आदि ग्रुप की महिलाओं ने बैठक में भाग लिया।

# निशुल्क ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ, अलवर विधायक ने किया उद्घाटन

**अलवर,** (निसं)। खेरली, कस्बा स्थित परशुराम वाटिका ब्राह्मण समाज खेरली धर्मशाला में सु-शांति ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ मंगलवार दोपहर अलवर विधायक संजय शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। गत माह 8 मई को परशुराम जयंती समारोह में गांव सौंखर खेरली निवासी आरएएस अधिकारी डॉक्टर गोवर्धन लाल शर्मा ने अपने माता पिता की स्मृति में सु-शांति पुस्तकालय खोलने की घोषणा की थी जिसमें विधायक अलवर संजय शर्मा ने ई-लाइब्रेरी भी खोलने की राय दी थी।

इस पर मंगलवार को डॉक्टर गोवर्धन शर्मा ने अपनी 29वी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर इसका उद्घाटन विधायक संजय शर्मा के हाथों करवाया। जिसमें 5 कंप्यूटर डाटा सहित लगा दिए गए है। डॉ गोवर्धन लाल शर्मा ने बताया कि इसके अंतर्गत यूट्यूब वीडियो एवं लाइव क्लासेज द्वारा समस्त प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। इस दौरान विधायक संजय शर्मा ने युवाओं से इसका अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान रविदत्त वकील, अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, राज कुमार पंडा, द्वारिका प्रसाद शर्मा, बालकिशन तिवारी, आकाश मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, कमलेश अवस्थी, राजेश शर्मा, उदय चंद्र अवस्थी, दीपेश शर्मा, बाबूलाल सौंखरी सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।



अलवर विधायक संजय शर्मा ने सु-शांति ई-लाइब्रेरी का फीता काटकर लोकार्पण किया।

# शराब ठेका, डकैती प्रकरण का 5वां आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सांगटेडा में विगत 17 अप्रैल को एक शराब ठेके पर हुई डकैती के प्रकरण में पनियाला थाना पुलिस ने 5 वें आरोपी को गिरफ्तार किये जाने में सफलता हांसिल की है।

एसएचओ हितेश शर्मा ने बताया कि परिवादी महेन्द्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया था कि वह सांगटेडा शराब ठेके पर सैल्समैन है। विगत 17 अप्रैल 2022 को डीआई जीप में सवार होकर 8-9 व्यक्ति आये एवं ठेके से अंग्रेजी शराब आरएस की पेटी उठाकर ले गये।

■ दो माह से चल रहा था फरार

घटना के चार मुल्जिमों को पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मंगलवार को मुखबीर की सूचना पर 5 वें आरोपी महेन्द्र कुमार (34) पुत्र रामौतार गुर्जर निवासी ग्राम नांगल लाखा, थाना हरसौरा, अलवर को थाना पुलिस ने लाखा का नांगल नदी में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने पुलिस टीम के सदस्यों को पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की है।



घटना में चार मुल्जिम पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके है।

# देवर ने भाभी पर गंडासे से ताबड़तोड़ आठ वार किए, मौत

**अलवर,** (निसं)। देवर-भाभी के बीच झगडा आम बात है। लेकिन अलवर में यह झगडा इतना बढ गया कि देवर ने पशुओं का चारा काटने वाले गंडासे से भाभी का गला ही काट डाला। महिला की मौत हो गई। बीच-बचाव करने आई मां पर भी उसने हमला कर गंभीर घायल कर दिया।

■ पुलिस गांव में आई तो देवर बिजली ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, करंट से झुलसा

इसके बाद पुलिस आई तो बिजली के खंभे पर चढ गया। करंट लगकर नीचे गिरा तो पुलिस ने हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। मामला अलवर के सालबाडी ग्राम पंचायत के कंचन का बास गांव का है। सोमवार रात 8 बजे के करीब 40 साल के योगेंद्र शर्मा ने गंडासे से भाभी संता देवी पर कई वार किए। भाभी को मौत के घाट उतारने के बाद मां को घायल कर दिया। उस वक्त पिता रामवतार व भाई विनोद घर पर नहीं थे। पडोसी घायल मां को अस्पताल ले गए। पुलिस को वारदात की सूचना दी। तब तक आरोपी घर में ही बैठा रहा। पुलिस आई तो वह भागकर बिजली के पोल पर चढ गया।

रात 11 बजे तक उसका ड्रामा चला। बाद में करंट लगने से वह ट्रांसफार्मर पोल से गिर पडा। पुलिस ने झुलसी हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक महिला संता का सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। झगडे का कारण घरेलू कलह बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि योगेंद्र और संता के बीच बात-बात पर झगडे होते थे। परिवार खेती-बाडी का काम करता है। पुलिस के मुताबिक योगेंद्र पुत्र रामवतार शर्मा ने अपनी भाभी संता पर धारदार हथियार से हमला किया। संता के शरीर पर 8 जख्म हैं। बीच बचाव करने आई 60 साल की मां तारा देवी पर भी हमला किया। मां की हालत भी गंभीर है।

बुजुर्ग महिला को खेडली से रेफर कर दिया गया है। भाई विनोद की पत्नी संता देवी की मौत हो गई। सोमवार देर शाम संता घर के बाहर पशुओं के चारे का इंतजाम कर रही थी। उसी वक्त से योगेंद्र ने गंडासे से भाभी पर ताबडतोड वार कर दिए। परिजनों व पडोसियों ने मृतक महिला व घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस के आने के बाद आरोपी योगेंद्र पास में एक बिजली के ट्रांसफॉर्मर पर चढ गया।

जिसके करंट से लाइन में फाल्ट आ गया। योगेंद्र झुलस कर नीचे गिर गया। उसे खेडली के सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निजी शिक्षण संस्थानों में एक ही पाठ्यक्रम लागू करने की मांग

**कोटपूतली,** (निसं)। केन्द्र व राज्य सरकार की बोर्ड कक्षाओं के अतिरिक्त निजी शिक्षण संस्थानों में संस्था संचालकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग पाठ्य पुस्तक के पाठ्यक्रम लागू किये जाते है। जबकि सरकारी विधालयों में सरकारों द्वारा पाठ्यक्रम लागू किया जाता है। निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम निर्धारित दुकानों पर ही मिलता है।

जिसका दुकानदारों द्वारा मनमानी कीमत पर विक्रय किया जाता है। इसी समस्या को लेकर अधिवक्ता दीपक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में दिनेश अग्रवाल, ललित शर्मा, पवन बंसल, चन्द्रशेखर शर्मा, रत्नेश यादव आदि अभिभावकगणों ने मंगलवार को स्थानीय नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, जिला कलेक्टर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की माँग की है। ज्ञापन में बताया कि निजी शिक्षण संस्थानों की दुकानदारों से मिलीभगत रहती है। जिसका नुकसान अभिभावकों को उठाना पड़ता है।

■ मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

कस्बे में कक्षा 5 तक की पाठ्य पुस्तक सामग्री का विक्रय 2 से 3 हजार रूपयों की किमत पर किया जा रहा है। उक्त किमतें सरकारी पाठ्यक्रम के मुकाबले कई गुणा ज्यादा है। यही नहीं उक्त पाठ्यक्रमों पर 25 से 50 प्रतिशत तक का कमिशन भी निजी शिक्षण संस्थानों को दिया जाता है। अभिभावकों ने समस्त निजी शिक्षण संस्थानों में भी शिक्षा बोर्ड द्वारा लागू पाठ्यक्रमों को चलाये जाने की माँग की है।



कोटपूतली में नायब तहसीलदार को अभिभावकों ने ज्ञापन सौंपा।

### नगर पालिका ने आमजन से मांगे सुझाव

**किशनगढ बास,** (निसं)। सुंदर शहर विकसित शहर बनाने के लिए नगर पालिका की और से किशनगढ बास का मास्टर प्लान 2041 तैयार किया जा रहा है। इसके लिए पालिका ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ स्टेक होल्डर बैठक का आयोजन कर शहर वासियों से सुझाव मांगे हैं जो सोमवार 4 जुलाई तक दिए जा सकते हैं। ईओ महेश गुर्जर ने बताया की मास्टर प्लान 2041 तैयार किए जाने के लिए सुझाव मांगे गए हैं। शहर के सौंदर्यकरण के लिए आम नागरिक अपने सुझाव पालिका में 4 जुलाई तक लिखित में दे सकता है। अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ने 14 सुझाव अधिकारी को लिखित में देते हुए 2041 के मास्टर प्लान में शामिल करने का आग्रह किया है।


**कार्यालय नगर पालिका, रींगस (राज.)**

क्रमांक-न.पा.रींगस/2022-23/1683 दिनांक- 28.06.2022

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका कार्यालय में आवासीय एवं व्यवसायिक नियमन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुये है-

| क्र. सं. | नाम आवेदक | भूमि खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोहनलाल पुत्र कजोडमल ढाणी लादूबाबा वाली कोटडी धायलान | 4922/4927 | 177.66 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 2 | श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री गणपत राम, बरसिंहपुरा, खण्डेला | 4903/5804 | 193.88 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 3 | श्रीमति मंजू देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार सामोता ढाणी ढेहरावाली कल्याणपुरा श्रीमाधोपुर | 4903/5804 | 138.89 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 4 | श्री शिवपाल सिंह पुत्र श्री बनवारी लाल, वार्ड 7, दूधवालो का बास खण्डेला | 4922,4924 | 166.66 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 5 | श्रीमति चन्द्रकला पत्नी श्री पंकज कटारिया अम्बेडकर कॉलोनी पलसाना | 4922,4924 | 166.66 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 6 | श्रीमति ममता पत्नी श्री सागर मल चौधरी पुलिस थाने के सामने नीमकाथाना | 4903/5804 | 138.89 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 7 | श्रीमति प्रियंका मीणा पत्नी श्री दयानन्द मीणा उदयपुरिया चौमू | 4903/5804 | 138.89 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 8 | श्री गौरीशंकर राजोरिया पुत्र श्री बंशीधर ज्ञानपुरा खण्डेला | 4922,4924 | 166.66 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 9 | श्री परमेश्वर कुमार राजोरिया पुत्र श्री बंशीधर राजोरिया ज्ञानपुरा, मलिकपुर तह. खण्डेला | 4922, 4924 | 272.41 वर्गगज | आवासीय नियमन |
| 10 | श्री विजय सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह, नई ढाणी थोसल्या की, पटवारी का बास खण्डेला | 4903/5804 | 138.89 वर्गगज | आवासीय नियमन |

अतः यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध मे कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर-भीतर कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि 07 दिवस पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा कार्यालय द्वारा आवेदकों के आवेदन अनुसार प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर प्रकरण का निस्तारण किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी

नगर पालिका रींगस

## संक्षिप्त

### लायंस क्लब के अजय यादव अध्यक्ष



**राजगढ,** (निसं)। लायंस क्लब राजगढ की नवीन कार्यकारिणी के अजय यादव को नॉमिनेशन कमेटी के पांच सदस्यों में सदस्यों की सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया है। लायंस क्लब के प्रशासक एवं समिति अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने बताया कि साधारण सभा की बैठक ने 5 सदस्यों की नॉमिनेशन कमेटी जिसमें एन एल वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मदन लाल शर्मा एवं संजय राजस्थानी प्रमुख रहे। अध्यक्ष अजय यादव का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रारंभ होगा। नवीन कार्यकारिणी में अजय यादव अध्यक्ष के अलावा वीरेंद्र दाधीच सचिव एवं प्रदीप महावर कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

### बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**अलवर/जयपुर,** (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा एवं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव मंडल की सदस्य रईसा की ओर से जिला कलेक्टर अलवर, जिला पुलिस अधीक्षक भिवाडी, अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली, राज्य अनुसूचित जाति आयोग एवं अध्यक्ष राज्य महिला आयोग जयपुर को ज्ञापन भेजकर खैरथल के बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक मैनेजर मान प्रकाश गुप्ता द्वारा दलित महिला बैंक कर्मी को प्रताडित किए जाने के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग

**दौसा,** (निसं)। नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेन्द्र मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को जिले भर के सीएचओ ने उपस्थिति प्रमाणित के अधिकार एएनएम को दिये जाने के विरोध में सीएमएचओ कार्यालय के बाहर धरना दिया तथा जमकर प्रदर्शन किया। धरना एवं प्रदर्शन के बाद जिला अध्यक्ष महेन्द्र मीणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि ने सीएमएचओ को 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्याओं का समाधान 15 दिन में करने की मांग की है। साथ ही मांगे नहीं माने जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

### महवा अनाज मंडी में शिविर आज

**दौसा,** (निसं)। जिले में संचालित शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत 29 जून को 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनाज मंडी महवा में शिविर आयोजित किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर में व्यापारी खाद्य लाईसेंस बनवा सकेंगे और रजिस्टेकृशन भी करवा सकेंगें। इसके अलावा शिविर में आमजन को शुद्घा खाद्य सामग्री के प्रति जागरूक भी किया जाएग।

### ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार से स्नातक पार्ट प्रथम कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुयी। प्राचार्य डॉ. ज्ञानप्रकाश दायमा ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी 27 जून से महाविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन प्रवेश के लिये आवेदन कर सकत है। आवेदन की अन्तिम तिथि 9 जुलाई है। अंतरिम सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 13 जुलाई को होगा।

# चिकित्सा मंत्री ने बजट घोषणाओं के क्रियांवयन एवं प्रगति कार्यों की जानकारी ली

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति के सभा भवन में चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा बजट घोषणाओं की हो रही क्रियान्वयन एवं प्रगति कार्यों की जानकारी ली व आमजन की समस्याएं सुनी तथा आयोजित बैठक के दौरान राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

सरकार की बजट घोषणा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र लालसोट के लिए की गई बजट घोषणाओं की पालना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री मीणा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी राज्य सरकार की बजट घोषणा की पालना के लिए सक्रिय रह बजट घोषणा का कार्य पूर्ण कर आमजन को लाभान्वित करवाने का कार्य करें।

> ■ 'आमजन की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें लाभान्वित करवाने का प्रयास करें'



**चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने सुनवाई के दौरान पेयजल व बिजली सहित निर्माण विभाग के अधिकारियों से विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।**

इस दौरान चिकित्सा मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों से सभा भवन में जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर उन्हें लाभान्वित करवाने का प्रयास करें इसके लिए राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई तीन स्तरीय जनसुनवाई योजना का लाभ उठाए। सुनवाई के दौरान मंत्री मीणा द्वारा पेयजल व बिजली सहित निर्माण विभाग के अधिकारियों से विकास कार्यों के टेंडर प्रक्रिया में हो रही लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जताते हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत समिति लालसोट के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर आर के मीणा, एसडीएम मोहर सिंह मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार, विकास अधिकारी हरकेश मीणा, तहसीलदार मदन लाल मीणा अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा, सहायक अभियंता घनश्याम मीणा अंकित जैन मांगीलाल मीणा, पीसीसी सदस्य रामविलास हेमावास ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राडा पूर्व सरपंच दीपक पटेल, सरपंच प्रतिनिधि लालाराम बैरवा सहित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी जनप्रतिनिधि आदी उपस्थित रहे।

## पूज्य सिन्धी पंचायत की कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**खैरथल,** (निसं)। पूज्य सिन्धी पंचायत की कार्यसमिति की बैठक मुखी मनोहरलाल रोघा की अध्यक्षता में झूलेलाल मंदिर में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से जनहितकारी आवश्यकताओं को शुरू करने की योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए समाज का ट्रस्ट गठन करने पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया।

पूज्य सिन्धी पंचायत के प्रवक्ता प्रहलाद मंगलानी ने बताया कि सामाजिक एवं सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए की गई चर्चा में पूज्य सिन्धी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने पूज्य सिन्धी पंचायत खैरथल के ट्रस्ट के गठन कर रजिस्ट्रेशन कराने की प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने इस बात का समर्थन करते हुए इसे शीघ्र गठित करने की मंशा जताई। इस अवसर पर खैरथल नगर पालिका अध्यक्ष हरीश रोघा ने भी खैरथल सिन्धी समाज सहित आसपास के गांवों के सिन्धी समाज के लोगों को ट्रस्ट से जोडने की बात रखी जिस पर सभी ने खैरथल सिन्धी समाज के बाद आसपास के लोगों जोडने का निर्णय लिया गया। आनंद नगर कॉलोनी एवं मुख्य बाजार स्थित झूलेलाल मंदिरों में झूलेलाल भगवान की नवीन प्रतिमा स्थापित करने आदि मुद्दों पर चर्चा कर विभिन्न निर्णय लिए गए।

## निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में अर्जित करें : एडीएम प्रथम

**अलवर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम अखिलेश कुमार पिपल ने कृषि गतिविधियों से जुडे अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित विभागीय लक्ष्यों को समय सीमा में अर्जित कर किसानों को लाभांवित करावे।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेन्सी (जायका) द्वारा वित्त पोषित राजस्थान जल क्षेत्रा आजीविका सुधार उप परियोजना के अन्तर्गत जिले में प्रगतिरत सिंचाई परियोजना हेतु जिला तकनीकी समर्थित दल (डीपीएससी) की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि योजना के तहत जिले में शामिल की गई सिंचाई परियोजना के कार्य को विभागीय निर्देशानुसार गति प्रदान करे। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक को निर्देश दिये कि विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी किसानों को रहे इसके लिए जिले भर में योजनाबद्ध रूप से व्यापक प्रचार-प्रसार करावे। इसमें महिला अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग एवं महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना की जानकारी के उपरान्त किसानों को योजना से लाभांवित करावे। साथ ही किसानों को प्रशिक्षित भी करे। उन्होंने निर्देश दिये कि आधुनिक तकनीकी से कृषि करने के साथ ऑर्गेनिक खेती को भी बढ ावा देवे। उन्होंने सीसीबी बैंक के महाप्रबंधक को निर्देश दिये कि कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने में किसानों को ऋृण उपलब्ध करावे। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता संजय खत्री, उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक लीलाधर जाट आदि अधिकारी उपस्थित थे।

> ■ कलक्ट्रेट सभागार में जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेन्सी (जायका) द्वारा जिला तकनीकी समर्थित दल (डीपीएससी) की बैठक

## पर्यवेक्षक ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका का निरीक्षण किया

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका कार्यालय में मंगलवार को स्वायत्त शासन विभाग डीएलबी जयपुर संभाग पर्यवेक्षक श्याम सिंह राजपुरोहित ने पहुंचकर निरीक्षण किया। इसके बाद नगरपालिका प्रशासन के तत्वाधान में संचालित प्रशासन शहरों के संग अभियान का जायजा लेकर पात्र व्यक्तियों को पट्टे जारी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी दौरान 10 पात्र व्यक्तियों को भूखंड आदि के पट्टे भी दिए गए।

> ■ पर्यवेक्षक ने निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों व रिकॉर्ड आदि की जांच की

पर्यवेक्षक राजपुरोहित ने नगरपालिका कार्यालय में निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों व रिकॉर्ड आदि की जांच की। जिसके बाद प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों से वार्ता करके व्यवस्थाओं में शिविर में किए गए कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारी को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की ओर से संचालित शिविर के दौरान के सभी पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक पट्टे दिए जाएं साथ ही पत्रावली में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान करवाकर आमजन को लाभ दें। पर्यवेक्षक राजपुरोहित ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में राज्य सरकार की ओर से दिए गए लक्ष्य को पूरा करना है। साथ ही लक्ष्य से अधिक कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का निपटारा करवाते हुए अधिक से अधिक लोगों को आवासीय वाणिज्यिक के पट्टे दिए जाएं। जिससे पात्र व्यक्ति पट्टे से वंचित ना रहे। इस दौरान पावटा प्रागपुरा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव, अध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, पालिका कार्मिक मुकेश सैनी, योगेश गुर्जर, रिंकू यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, मुखराम गुर्जर, संजय कुमार मीणा, घनश्याम पारीक आदि मौजूद रहे।



**पर्यवेक्षक राजपुरोहित ने 10 पात्रों को भूखंड आदि के पट्टे दिए।**

# अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेसियों ने सत्याग्रह किया

**पावटा,** (निसं)। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई सेना में भर्ती अग्निपथ योजना का विरोध लगातार जारी है। युवाओं के विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन देने विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में एक दिवसीय शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन हनुमान जी की बगीची मैन बस स्टेंड विराटनगर में कोर्डिनेटर युवरेंद्र सिंह व युवा कांग्रेस साथी एवं पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन की उपस्थिति मे किया गया।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ सत्याग्रह आंदोलन में विचार विमर्श कर उनमें जोश भरा। उन्होंने केंद्र की योजनाओं को आडे हाथ लेते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अग्निपथ योजना के बहाने सेना का राजनीतिकरण करना चाहती है। अग्निवीर योजना में चार साल के कान्ट्रैक्ट पर सैनिक भर्ती करना सिर्फ देश की युवाओं की भावनाओं से खिलवाड करना चाहते हैं। बल्कि यह राष्ट्र सुरक्षा के लिए भी खतरा है।



**शांतिपूर्ण धरने को विधायक इन्द्राज गुर्जर ने संबोधित किया।**

> ■ विधायक ने सैनिक भर्ती को देश की युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करना बताया

एक युवक 17.5 साल की उम्र में अग्निवीर बनेगा और 21.5 साल की उम्र में वापस बेरोजगार हो जाएगा। 21 साल के बाद अग्निवीर बने युवा का करना क्या है, यह भी केंद्र सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाई गई सेना में भर्ती अग्निपथ योजना से फौज को कमजोर नहीं होने देंगे, देश को कमजोर नहीं होने देंगे। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लाई गई युवा विरोधी अग्निपथ योजना के विरोध में आज हनुमान जी की बगीची मैन बस स्टेंड विराटनगर में शांतिपूर्ण धरना दिया गया।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड नहीं चलेगा। मोदी सरकार को इसे वापस लेना होगा।अग्निपथ योजन लागू करने के निर्णय से देश भर के युवाओं में निराशा, मायूसी और गहरा रोष है। सरकार कभी नोटबंदी, कभी कृषि कानून तो कभी अग्निपथ भर्ती के नाम पर युवाओं को परेशान करती है।

इस मौके पर विधायक इंद्राज सहित कांग्रेस पदाधिकारियो व कार्यकर्ता ओ सहित आमजन ने सत्याग्रह करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

# नकबजनों ने सेंधमारी कर नगदी व जेवरात सहित पांच लाख का माल पार किया

**मंडावरी,** (निसं)। थाना क्षेत्र के मंडावरी कस्बे के गोरा वाली ढाणी में बीती रात अज्ञात नकबजनों द्वारा कृषक केदार प्रसाद मीणा के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। बीती रात मकान की खिडकी तोडकर घर में अज्ञात चोर दाखिल हुए एवं कमरों में रखें कीमती सोने चांदी के आभूषण सहित एक लाख बीस हजार रुपए चोरी कर ले गए।

थाना अधिकारी रामपाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि दूरभाष पर सूचना मिली थी कि गोरा वाली ढाणी में एक मकान में अज्ञात नकद जनों द्वारा चोरी कर ली गई है। सूचना के बाद मंडावरी थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश में पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल का जायजा लिया। इसी के साथ आसपास सीसीटीवी फुटेज ओ को भी खंगालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अज्ञात नकबजनों का पता लगाया जा सके।



**नकबजनी की घटना पर मंडावरी थाना पुलिस ने जायजा लिया।**

वही पीडित परिवार से इस घटना के बारे में जानकारी लेने पर पीड़ित द्वारा बताया गया कि वह घर को बंद कर घर के बाहर गेट पर ही सो रहे थे मध्यरात्रि बाद यह घटना संभवतया अज्ञात नकबजनों द्वारा कारित करना बताया है। पीडित द्वारा जानकारी दी गई कि उनके मकान के बगल में एक मकान के रोशनदान को तोडकर अज्ञात चोर घर में दाखिल हुए एवं कमरों में रखे बक्से आदि से नगद रुपए एवं कीमती आभूषण चुरा कर फरार हो गए।

> ■ बीटीएस टीम ने सबूत जुटाने के किए प्रयास

वहीं घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला मुख्यालय से बीटीएस की टीम को घटनास्थल पर बुलवाया गया एवं घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य एकत्र करने का प्रयास किया गया। वहीं दूसरी ओर गोरा वाली ढाणी के लोग चोरी की घटना को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के मंडावरी स्थित निवास पर पहुंचे एवं चोरी के घटनाक्रम के बारे में बताते हुए घटना का खुलासा करने की मांग की.. वही मंत्री मीणा द्वारा दूरभाष के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को इस चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए एवं ढाणी के लोगों को घटना का जल्द खुलासा होने के लिए आश्वस्त किया गया।

## टंकी में एक डूबने लगा तो दूसरा दोस्त बचाने कूदा, दोनों की मौत

**अलवर,** (निसं)। अलवर में सोमवार को नहाने गए दो दोस्त टंकी में डूब गए। शाम तक जब घर नहीं लौटे तो फोन किया। रिंग भी गई लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। चिंता में आए परिजन ढ ूंढ ने निकले तो गांव में बने श्मशान घाट के पास कपडे दिखाई दिए। पास बनी टंकी में जाकर देखा तो दोनों के शव तैर रहे थे। परिजन निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

घटना अलवर के कैमाला गांव की है। सोमवार को कैमला निवासी सागर (15) पुत्र गणेश कुमार और नितिन (16) पुत्र विनोद दोनों दोपहर करीब 12:30 बजे घर से निकले थे। इसके बाद श्मशान घाट के पास बनी पानी की टंकी में नहाने चले गए। बताया जा रहा है कि दो बजे के करीब सागर पानी की टंकी में नहाने उतरा था। इस दौरान सागर डूबने लगा तो नितिन बचाने के लिए टंकी में कूद गया लेकिन, इस हादसे में दोनों डूब गए और मौत हो गई। दोनों के पिता मजदूरी करते हैं। सागर तीन बहन-भाई हैं। वहीं नितिन दो भाई हैं। नितिन 12वीं और सागर 11वीं का स्टूडेंट था। दोपहर 2 बजे के करीब यह घटना हुई थी। शाम तक दोनों नहीं लौटे तो नितिन के नंबर पर कॉल किया।

जब कॉल रिसीव नहीं किया तो ढ ूंढ ने निकले। शाम करीब 7 बजे टंकी के पास पहुंचे तो बाहर सागर के कपडे पडे थे। इस पर टंकी में जाकर देखा तो दोनों के शव पडे थे। इस दौरान वहां मौजूद ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकाला। बचाने का भी प्रयास किया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कर दोनों के शव परिजनों को सौंपे।

इस घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। वहीं गांव में मायूसी छा गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गरीब परिवार से थे। दोनों अच्छे दोस्त भी थे। हमेशा साथ रहते थे। अब उनकी आखिरी सांस भी साथ में निकली है। एक दोस्त ने दूसरे को बचाने के लिए जान दे दी। इस हादसे से गांव में शोक छाया हुआ है।

## सार-समाचार

### दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग



**राजगढ,** (निसं)। ऐतिहासिक महत्व के भगवान जगन्नाथ महाराज के मेला स्थल गंगा बाग पर दशकों से दुकान लगाते आए मनिहारों ने जगह बदलने को लेकर रोष जताया है। इधर मेले में आए सैकडों की संख्या में आए दुकानदारों एवं उनके परिजनों को पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने को लेकर भी मेला कमेटी एवं नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खडे हो गए हैं। विदित रहे कि तीने चार दशकों से मेले में मनिहारी की दुकान लगाने वाले महिला पुरुषों का कहना था कि मुख्य दरवाजे से मंदिर स्थल के दोनों और सडक मार्ग को छोडकर मनिहारों की दुकान लगती आई हैं। इस बार उनको मेला स्थल से दूर जाकर पार्क में दुकान लगाने को कहा है मगर मेले के दौरान वर्षा की संभावना को देखते हुए उनका कामकाज प्रभावित हो सकता है। पीडित महिला पुरुषों ने बताया कि मेले के दौरान वर्षा का पानी बढ जाने के बाद उनकी आजीविका प्रभावित होगी। मेले में दो वक्त की रोटी कमाने आए महिला पुरुषों ने बताया कि बिजली पानी एवं खानपान सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिलने से करीब 10:दिन पूर्व में आए दुकानदारों के परिवारों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। महिला पुरुषों ने उपखंड प्रशासन से मनिहारी की दुकान लगाने वाले दुकानदारों को पूर्व के स्थानों पर ही दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग की है।

### अमरनाथ के लिये पहला जत्था रवाना



**सांभरझील,** (निसं)। यहां मनकामेश्वर महादेव सेवा समिति की तरफ से अमरनाथ यात्रा के लिये पहला जत्था रवाना हुआ। पार्षद गौत्तम सिंघानिया व आरएसएस पदाधिकारी मनीष सूंठवाल की अगुवायी में रवाना हुये जत्थे को देवयानी सरोवर स्थित जागेश्वर दरबार से महंत अर्जुनदास ने ध्वज दिखाकर धार्मिक यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर ललित सोनी, दीपक व्यास, गणेश शर्मा, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा, मयंक दाधिच, श्याम सोनी, राहुल कांवड़िया, विनायक दाधिच, गिरधर गोयल, गोलू जोबनेरिया, चिराग अठावाल विक्की शर्मा, उम्मेद चौधरी, राधेश्याम जाट, अशोक यादव, रामेश्वर लाल सेफ्ट, मनोज जेन, लक्ष्मीनारायन सोनी, तनुज सोनगरा, मितेश सोनी, धर्मराज तंवर ने यात्रा में भाग लिया।

### दुष्कर्मी की जमानत याचिका खारिज

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। पोक्सो एवं परिवार न्यायालय सवाई माधोपुर ने दुष्कर्म के आरोपी अरबाज खान निवासी गंगापुर सिटी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीडिता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि एक पीडिता ने थाने में उपस्थित होकर बताया कि प्रार्थीया 25 मार्च 2022 को दोपहर 3 बजे अपने घर के बाहर खडी थी। तभी आरोपी अरबाज खान ने दुकान पर अंबर लाने को भेजा एवं अंबर देने गई तो घर के अंदर बुला कर कुंदी लगा दी। एवं जबरदस्ती करने लगा जब मैं चिल्लाई तो मुंह पर कपडा बांध दिया एवं दुष्कर्म कर वीडियो बना ली। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी अरबाज खान निवासी गंगापुर सिटी को 30 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है।

### चोरों ने नकदी व जेवर पार किये

**निवाई,** (निसं)। गांव मोटूका में सोमवार की रात परिवार के लोग छत पर सोते रहे और चोरों ने नीचे नकदी व आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घर में चोरी होने का पता सुबह परिवारजनों के नींद उठने के बाद लगा। पीडित ने तत्काल बरोनी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि पीडित रतिराम गुर्जर ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि सोमवार की रात वह परिवार सहित छत पर सो रहा था। रात में चोरों ने नीचे कमरों में लगे ताले काटकर बक्से का कुंदा तोड दिया और उसमें रखी 53 हजार 500 रुपये की नकदी और चांदी की बंगड़ी जोडी एवं एक किलो ड्राईफ्रुट चुराकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि चोरों ने मोरपाल गुर्जर, बुद्धराम व हरिराम के घरों के ताले तोडने की सूचना है। पीडित श्योजीराम के घर में एक साल पूर्व भी चोरी की वारदात हुई थी लेकिन पुलिस अभी तक उसका खुलासा नहीं कर पाई है।

### पेड़ काटने को लेकर खूनी संघर्ष

**बौंली- बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के पीपलदा गांव में दो परिवारों में बाडे में पेड काटने को लेकर विवाद हो गया जो खूनी संघर्ष में बदल गया। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से बौंली थाने में मामला दर्ज कराया है। दोनों ही पक्षों की ओर से 5- 5 लोग घायल हो गए। जिनका सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। एक पक्ष ने 18 व एक पक्ष ने 19 लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर श्री किशन मीणा ने बताया कि सुनीता देवी योगी ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह बाडे में लकड़ी लेने गई थी पीछे से दिलीप जितेंद्र नेपीछे से बाथ भरली व अन्य 19 लोगों ने मारपीट की। दूसरे पक्ष के रामविलास योगी ने मामला दर्ज कर बताया कि वह जेसीबी लेकर बाड़े में पेड़ काटने गया था तभी बलराम वगैरा 18 लोगों ने लाठी-डंडे व अन्य धारदार हथियार से हमला कर मारपीट कर दी। रामविलास पक्ष के घायलों को बौंली चिकित्सालय प्राथमिक उपचार के बाद 5 लोगों को सवाईमाधोपुर रेफर किया गया है। जबकि सुनीतापक्ष के घायलों ने सीधे ही सवाई माधोपुर चिकित्सालय जाकर उपचार कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### राज्य स्तरीय टीम ने भौतिक सत्यापन किया

**मालपुरा,** (निसं)। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल मालपुरा का मंगलवार को राज्य स्तरीय स्वच्छ विद्यालय टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। टीम में शामिल शिक्षा विभाग अजमेर कार्यालय संयुक्त निदेशक चन्द्रशेखर, प्रारम्भिक जिला शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, एडीपीसी रमेश सिंह व चौथमल जाट एवं एसएएमएसए के एपीसी श्योराज मीणा ने विद्यालय का भौतिक सत्यापन कर स्कूल प्रबंधन आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विद्यालय प्रभारी हनुमान जांगिड, शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी सहित स्टाफकर्मियों से राज्य स्तरीय टीम ने आवश्यक जानकारी ले स्वच्छ विद्यालय को लेकर निर्देशित किया।

### विनोद सुनारा अध्यक्ष नियुक्त

**निवाई,** (निसं)। श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर कमेटी का अध्यक्ष विनोद सुनारा को बनाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि श्री पाश्र्वनाथ बिहारी भवन पर श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल सरावगी समाज की बैठक सरावगी समाज के प्रमुख अशोक बिलाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई । सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर विनोद सुनारा को नियुक्त किया गया। जौंला ने बताया कि अध्यक्ष के साथ कमेटी में राजेश सोनी एवं विमल सोगानी को सदस्य बनाया गया। बैठक में नेमीचंद गंगवाल, महेन्द्र ठोल्या, विमल छाबडा, राजेन्द्र सेदरिया, मनोज पाटनी एवं बाबूलाल झांझरी मौजूद थे।




मेरे लिये यह अधिक से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में खेलने से जुड़ा था। यह अनुभव महत्वपूर्ण था। जब आप फॉर्म में वापसी करना चाहते हैं, जब आप अपनी लय हासिल करना चाहते हैं, जब आपके पास वह एकाग्रता हो तो कुछ लंबी पारियां खेलना महत्वपूर्ण होता है। - चेतेश्वर पुजारा

भारतीय बल्लेबाज, प्रथम श्रेणी क्रिकेट से फॉर्म हासिल करने पर।




**आज का खिलाड़ी** ▶ **रविचन्द्रन अश्विन**



**कोविड-19** पॉजिटिव पाए जाने के कारण एकमात्र 'पांचवें टेस्ट' के लिए भारतीय टीम के साथियों के साथ ब्रिटेन रवाना नहीं होने वाले सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन लीसेस्टर में टीम के साथ जुड़ गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पृथकवास से गुजर रहे अश्विन लीसेस्टर में टीम के अपने साथियों से जुड़ गए जहां भारतीय टीम अभ्यास मैच खेल रही है। भारतीय टीम 16 जून को ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी। सूत्र ने बताया, ''हां, अश्विन टीम के साथ जुड़ गए हैं लेकिन वह अब भी उबर रहे हैं। वह अभ्यास मैच खेलने के लिए फिट नहीं हैं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंद फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# दीपक हुड्डा का शतक, भारत ने बनाया 227 रन का विशाल स्कोर

## आयरलैंड ने मैच को रोमांचक बनाया, 16 ओवर में 4 विकेट खोकर बना लिए 174 रन

डबलिन, 28 जून। दीपक हुड्डा के शानदार शतक और संजू सैमसन के तूफानी 77 रन के दम पर भारत ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में 227/7 का स्कोर बनाया। हुड्डा ने अपनी पारी में 57 गेंदों का सामना किया और 9 चौके, 6 छक्के जमाए। वहीं सैमसन ने 42 गेंदें खेली और 9 चौके और 4 छक्के जमाए। जवाब में आयरलैंड ने 15 ओवर में चार विकेट खोकर 164 रन बना लिए हैं। दीपक ने मात्र 57 गेंदों में नौ चौकों और छह छक्कों की मदद से 104 रन की बेहतरीन पारी खेली।

ईशान किशन (3) का विकेट मात्र 13 के स्कोर पर गिरने के बाद दीपक ने संजू सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 176 रन की बड़ी साझेदारी की। सैमसन ने 42 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव पांच गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। सूर्य ने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। दिनेश कार्तिक और अक्षर पटेल खाता खोले बिना 19वें ओवर में पवेलियन लौट गए। उन्हें अपना 50वां मैच खेल रहे क्रैग यंग ने आउट किया। हर्षल पटेल का भी खाता नहीं खुला और वह आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। कप्तान हार्दिक पांड्या ने नौ गेंदों में नाबाद 13 रन बनाये। आयरलैंड के लिए मार्क ऐडेर ने तीन विकेट लिए लेकिन इसके लिए चार ओवर में 44 रन खर्च किए।



भारतीय टीम में इस मैच के लिए तीन बदलाव हुए। चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ की जगह पर संजू सैमसन, आवेश ख़ान की जगह पर हर्षल पटेल और युज़वेंद्र चहल की जगह पर रवि बिश्नोई टीम में आए। राहुल त्रिपाठी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के लिए अभी थोड़ा और इंतज़ार करना होगा। वहीं आयरिश टीम में कोई बदलाव नहीं हैं। यह क्रेग यंग का 50वां टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच है।

### भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड

दीपक और संजू ने दूसरे विकेट की पार्टनरशिप में 176 रन जोड़े। यह टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड केएल राहुल और रोहित शर्मा के नाम था। उन दोनों ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 165 रन की पार्टनरशिप की थी।

# विश्व की नंबर एक शूटर बनी अवनि लेखरा

नयी दिल्ली, 28 जून। भारत की शीर्ष शूटर और टोक्यो पैरा ओलंपिक चैम्पियन अवनि लेखरा विश्व रैंकिंग की दो श्रेणियों में पहले स्थान पर काबिज़ हो गयी हैं। ताज़ा रैंकिंग के अनुसार, अवनि आर2-10एम एयर राइफल महिला एसएच1 और आर8 - 50एम राइफल थ्री-पोज़ीशन में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंच गयी हैं।



लेखरा ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, आर2 - 10एम एयर राइफल महिला एसएच1 और आर8 - 50एम राइफल 3 पोज़ीशन महिला प्रतियोगिता की विश्व रैंकिंग में पहला स्थान पाकर बेहद खुश हूं। इस उपलब्धि ने मुझे प्रेरित किया है। 20 वर्षीय अवनि पिछले साल टोक्यो पैरालंपिक में दो पदक जीतकर ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। उन्होंने इतिहास रचते हुए 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 प्रतियोगिता में स्वर्ण और 50 मीटर राइफल 3-पोज़ीशन एसएच1 में कांस्य पदक जीता था।

अवनि पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। उन्हें 2021 में प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार से भी नवाजा गया था। टोक्यो में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, लेखरा ने इस महीने की शुरुआत में फ्रांस के शैटौरौक्स में पैरा शूटिंग विश्व कप में वापसी की और आर2 - महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में 250.6 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## विम्बल्डन के दूसरे दौर में पहुंचे मरे

लंदन, 28 जून। ब्रिटेन के टेनिस स्टार एंडी मरे ने ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप विंबलडन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस महीने स्टटगार्ट ओपन के फाइनल में पेट की चोट के बाद पहली बार खेल रहे मरे ने सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट में डकवर्थ को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। अब मरे का सामना 20वीं नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी जॉन इस्नर से होगा। मरे और इस्नर आठ बार आमने सामने आए हैं, और मरे ने हर बार बाघी मारी है। मरे ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, 'यहां फिर से पूरी भीड़ के साथ वापस खेलना हैरतअंगेज था। अद्‌भुत माहौल। जाहिर है कि मेरी उम्र बढ़ रही है, इसलिए मुझे नहीं पता कि मुझे इस कोर्ट पर खेलने के और कितने मौके मिलेंगे, इसलिए मैं अब यहां आकर हर बार अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।''

## इंग्लैंड के कप्तान इयोन मॉर्गन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन, 28 जून। सीमित ओवरों की क्रिकेट में इंग्लैंड पुरुष टीम के कप्तान इयोन मॉर्गन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फ़ैसला किया है। वह दोनों प्रारूपों में इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले तथा सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। साथ ही वह इंग्लैंड को वनडे विश्व कप जिताने वाले पहले पुरुष भी हैं। मॉर्गन के इस फ़ैसले की संभावना थी क्योंकि लंबे समय से खराब फ़ॉर्म तथा चोटों से जूझ रहे थे। वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे और 'द हंड्रेड' प्रतियोगिता में लंदन स्पिरिट की कप्तानी भी करेंगे। 2015 में एलेस्टर कुक का उत्तराधिकारी नियुक्त किए जाने के बाद से मॉर्गन ने 126 वनडे और 72 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में इंग्लैंड का नेतृत्व किया। इस दौरान उनकी कप्तानी में इंग्लैंड 2016 वर्ल्ड टी 20 का उपविजेता रहा था और बाद में टीम ने 2019 वनडे विश्व कप अपने नाम किया। 2009 में इंग्लैंड के लिए खेलने से पहले मॉर्गन आयरलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सीमित ओवरों की क्रिकेट में 340 बार इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मॉर्गन ने 2010 और 2012 के बीच 16 टेस्ट मैच भी खेले हैं।



# हमें हर विभाग में सुधार करने की आवश्यकता है : शाकिब अल हसन

### शाकिब ने विंडीज से मैच हारने के बाद कहा मैच जीतने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किया

सेंट लूसिया, 28 जून। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा है कि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ सेंट लूसिया टेस्ट में मैच जीतने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किया। इस मैच के चौथे दिन ही वेस्टइंडीज़ ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हरा दिया। तीसरे दिन बांग्लादेश ने अपने छह विकेट गंवाए थे लेकिन उनके पास एक सम्मानजनक लक्ष्य देने का पूरा मौक़ा था। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और बांग्लादेश की टीम पहले घंटे में ही ऑल आउट हो गई। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज़ ने इस टेस्ट सीरीज़ को 2-0 से जीत लिया।



शाकिब ने मैच के बाद कहा, ''इस टेस्ट को अगर देखा जाए तो हमने ड्रिंक ब्रेक, लंच ब्रेक या बारिश से ठीक पहले विकेट गंवाया। अगर हमने ये विकेट नहीं गंवाए होते तो चीज़ें काफ़ी अलग होती। यहां पूरा मामला यह था कि आप मैच के परिस्थितियों के प्रति कितने जागरूक हैं। मैच में जीतने का प्रयास करने या उसे सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह की चरित्र की आवश्यकता होती है, उसमें हम काफ़ी पीछे थे।'

शाकिब ने कहा, ''हमें टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हर विभाग में सुधार करना होगा। अगला टेस्ट खेलने से पहले हमारे पास काफ़ी समय है। जो लोग टेस्ट खेलने में रुचि रखते हैं, वे इस समय के दौरान ख़ुद को सुधार सकते हैं।'' शाकिब को लगता है कि दिसंबर में भारत के ख़िलाफ़ शुरू होने वाली सीरीज़ से पहले टेस्ट खिलाड़ियों को अपने खेल पर काम करना चाहिए। बांग्लादेश इस सप्ताह के अंत में अपने टी20 सत्र में प्रवेश करेगा, जो टी20 विश्व कप तक चलेगा। वे टी20 विश्व कप के आयोजन से पहले एशिया कप और न्यूज़ीलैंड में एक त्रिकोणीय श्रृंखला का हिस्सा बनेंगे।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा, ''अगर हम सभी और बाहर के कुछ खिलाड़ी इस संदर्भ में एक साथ योजना बना सकते हैं, तो हम अच्छा कर सकते हैं। अन्यथा अगर हम इसी तरह से खेलना जारी रखते हैं तो हम बहुत सारे बदलावों की उम्मीद नहीं कर सकते। हमें कई पहलुओं में बदलाव लाने होंगे।''

शाकिब का मानना है कि टीम को आत्मविश्वास हासिल करने के लिए घर पर नियमित रूप से मैच हारना बंद करना होगा। बांग्लादेश लगातार तीन टेस्ट श्रृंखला हार चुका है। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ इस सीरीज़ में उन्हें हार मिली है।

उन्होंने कहा, कोई भी टीम अधिकतर विदेशी दौरों पर अंडरडॉग होती हैं। उदाहरण के लिए न्यूजीलैंड को लें, वे विदेश में हार रहे हैं। इंग्लैंड वेस्टइंडीज में हार गया। ऑस्ट्रेलिया विदेश में खेल रहा होता है तो वहां हार जाता है। भारत के लिए भी ऐसा ही है। भारत में भी टीमें हारती हैं। इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम घर पर ना हारें। या तो हम मैच जीतें या ड्रा करें। यह सुधार हमें तब मदद करेगा जब हम विदेश में खेल रहे हों।

### कोरोना के कारण विम्बल्डन से बाहर हुए बेरेटिनी

लंदन, 28 जून। इटली के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी मातियो बेरेटिनी ने मंगलवार को कोरोना संक्रमित होने के बाद ग्रैंड स्लैम आयोजन विंबलडन से नाम वापस ले लिया। बेरेटिनी ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा की। बेरेटिनी ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मैं कोविड-19 से संक्रमित हो गया हूं, जिसके कारण मुझे विंबलडन से हटने की आवश्यकता है। मेरे पास अपनी निराशा के वर्णन के लिए कोई शब्द नहीं है। इस वर्ष के लिए सपना टूट हो गया है, लेकिन मैं मजबूत होकर वापस आऊंगा।''

### पोकरबाजीडॉटकॉम ने शाहिद कपूर को अपना ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

नयी दिल्ली, 28 जून। भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ीडॉटकॉम ने बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहिद कपूर को अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की मंगलवार को घोषणा की। पोकरबाज़ी भारत में पोकर के लिये एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना चाहता है और इस ब्राण्ड के साथ शाहिद का जुड़ना पोकर को जन-साधारण के बीच लोकप्रिय बनाने और उस पर जागरूकता निर्मित करने के लिये इसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। शाहिद कपूर के आने के साथ आज जल्दी ही अपना नया मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करेगा। इसमें आने वाले दिनों में एक टेलीविजन विज्ञापन को लाया जाएगा।

## विंडीज ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा, श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की

### काइल मेयर्स को पहली पारी में 146 रन बनाने के लिये मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया

सेंट लूसिया, 28 जून। वेस्ट इंडीज ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को 10 विकेट से रौंदते हुए श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। बांग्लादेश पहली पारी में 174 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में सिर्फ 186 रन ही बना सकी और कैरिबियाई टीम के सामने 13 रन का न्यून लक्ष्य रखा। वेस्ट इंडीज ने यह लक्ष्य 2.5 ओवर में ही हासिल कर लिया।



बांग्लादेश ने चौथे दिन 132/6 से शुरुआत करते हुए अंतिम चार विकेटों के लिये सिर्फ 54 रन जोड़े। बांग्लादेश के लिये नूरुल हसन ने सर्वाधिक 60 रन की नाबाद पारी खेली। हसन ने 50 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाये। इसके अलावा बांग्लादेश का कोई खिलाड़ी अर्द्धशतक भी नहीं लगा सका। वेस्ट इंडीज के लिये केमार रोच, अलजारी जोसेज और जेडेन सील्स ने तीन-तीन विकेट लिये। काइल मेयर्स को पहली पारी में 146 रन बनाने के लिये मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। वेस्ट इंडीज ने सीरीज के दोनों मैच जीतकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बहूमूल्य 24 पॉइंट भी हासिल कर लिये हैं।

# ओलंपिक पदक विजेता वरिंदर सिंह का निधन

जालंधर, 28 जून। भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वरिंदर सिंह का मंगलवार को 75 वर्ष की आयु में पंजाब के जालंधर में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। वरिंदर का जन्म 16 मई, 1947 को हुआ था और वह 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में हॉकी में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने 1976 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भी हिस्सा लिया था। भारत की तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने वरिंदर को 2007 में ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया था।



जालंघर की सुरजीत हॉकी सोसाइटी ने ओलंपियन वरिंदर के निधन की जानकारी साझा करते हुए कहा, 'सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्य ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें।

हॉकी इंडिया ने ओलंपियन निधन पर शोक व्यक्त किया : हॉकी इंडिया ने मंगलवार को भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वरिंदर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। हॉकी इंडिया ने यहां जारी एक बयान में कहा ''वरिंदर की उपलब्धियां दुनियाभर के हॉकी समुदाय में याद की जाएंगी।' 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे वरिंदर 70 के दशक की कई यादगार जीतों में शामिल थे। उन्होंने मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 1975 पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक भी जीता था। वरिंदर सिंह ने इसके अलावा 1973 विश्व कप, 1974 एशियाई खेलों और 78 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था।

# इंग्लैंड में भारतीय टीम को 4 पहेलियों को सुलझाना होगा

**बर्मिंघम पहुंची भारतीय टीम एक जुलाई से होने वाले एजबेस्टन टेस्ट की कर रही तैयारी** | **जो 2021 में शुरू हुए पटौदी ट्रॉफ़ी का आख़िरी टेस्ट मैच होगा** | **पांच मैच की टेस्ट सीरीज़ में चार मैच पिछले साल खेले गए थे। भारत सीरीज में 2-1 से आगे है**

बर्मिंघम, 28 जून। भारत सोमवार को बर्मिंघम पहुंच चुका है और एजबेस्टन टेस्ट की तैयारी कर रहा है। एक जुलाई से यह मैच शुरू होगा, जो 2021 में शुरू हुए पटौदी ट्रॉफ़ी का आख़िरी टेस्ट मैच होगा। पांच मैच की टेस्ट सीरीज़ में चार मैच पिछले साल खेले गए थे। भारत सीरीज में 2-1 से आगे है।

हालांकि उसके बाद भारतीय टीम के लिए काफ़ी कुछ बदल चुका है। भारतीय टीम को एक नया कप्तान और नया कोच मिल चुका है। लेकिन भारतीय टीम के चयन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न हैं जिनका जवाब ढ़ूंढ ना जरूरी है।

अगर रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं तो ओपन कौन करेगा?:अगर कप्तान रोहित शर्मा फ़िट हो जाते हैं तब तो कोई चिंता ही नहीं है। वैसे में इस सवाल का औचित्य ही ख़त्म हो जाएगा। तब रोहित के साथ शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज़ी करेंगे। गिल ने वॉर्म अप मैच में तीन बार बल्लेबाज़ी की थी। अगर रोहित कोविड 19 संक्रमण से ठीक नहीं हो पाते हैं तो भारतीय टीम को गिल का जोड़ीदार ढ़ूंढ ना पड़ेगा। टीम के पास तीन विकल्प होंगे: चेतेश्वर पुजारा, केएस भरत और मयंक अठावाल। मयंक मैच से तीन दिन पहले बर्मिंघम पहुंचेंगे। पुजारा ने इस से पहले भी ओपन किया है। पिछली बार उन्होंने न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू धरती पर गिल के चोटिल होने के बाद ओपन किया था। मयंक एक विशेषज्ञ ओपनर हैं, लेकिन उनके पास अभ्यास करने के लिए काफ़ी कम समय बचा है और ऐसे में जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और मैथ्यू पॉट्स का सामना करना आसान नहीं होगा।

के एस भरत को टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया था। उनको टीम में दो कारणों से शामिल किया जा सकता है। वह उन चुनिंदा बल्लेबाज़ों में से हैं, जिन्होंने अभ्यास मैच की दोनों पारियों में रन बनाया था। लेस्टरशायर के जिस बोलिंग अटैक के सामने वह बल्लेबाज़ी कर रहे थे, उसमें जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज़ शामिल थे। इसके अलावा उनके पास ओपन करने का एक लंबा अनुभव है। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 77 बार इस जिम्मेदारी को संभाला है। अगर उन्हें यह मौक़ा मिल जाता है तो उनके लिए शायद यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

क्या पुजारा को नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करना चाहिए?:भारतीय चयनकर्ताओं ने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ खेली गई घरेलू श्रृंखला में अजिंक्य रहाणे के साथ पुजारा को टीम से बाहर रखने का निर्णय लिया था। उस वक़्त पुजारा लंबे समय से ख़राब फ़ॉर्म से जूझ रहे थे। 2020 की शुरुआत से अब तक 20 टेस्ट में उनका औसत सिर्फ 26.29 था। अब भारतीय चयनकर्ता विराट कोहली के साथ मध्यक्रम में नए बल्लेबाज़ों की तलाश कर रहे थे। हालांकि हमेशा की तरह दृढ़ पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन 2 में ससेक्स के साथ एक छोटे से कार्यकाल में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने चयनकर्ताओं को एजबेस्टन टेस्ट के लिए टीम में उन्हें शामिल करने के लिए पर्याप्त कारण दिए। इसी कारणवश टीम में पुजारा को एक बार फिर से नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करने का मौक़ा दिया जा सकता है, जहां वह सालों से बल्लेबाज़ी करते आए हैं। हालांकि नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करने की सूची में हनुमा विहारी का भी नाम सामने आ सकता है। मार्च में श्रीलंका के ख़िलाफ़ उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाज़ी की थी। इस दौरान अपनी तीन पारियों में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया था। इसके अलावा अभ्यास मैच में लेस्टरशायर के ख़िलाफ़ उन्होंने दो बार नंबर तीन पर और एक बार नंबर चार पर बल्लेबाज़ी की।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7927624 7928038 15132636 और 35697306 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. यश अट्रैक्शन प्रो. पवन भाटिया 2. तनु भाटिया 3. पवन भाटिया | 24.06.2022 | 85,35,058.43/- | दुकान नं. 5, क्षेत्रफल 27.88 वर्गमीटर, नेहरू बाजार, चौकड़ी मोदीखाना, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-दुकान नं. 4, पश्चिम-दुकान नं. 6, उत्तर-नेहरू बाजार बरामदा, दक्षिण-शहर दीवार |

आपको एतद्‌द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 29.06.2022
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्तियों का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम-3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों को जारी किया गया था जिसमें मांग नोटिस के निम्न परिशिष्ट में उल्लेखित राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अन्दर उस राशि पर आगे लाने वाले ब्याज व अन्य प्रभारों को मांग नोटिस जारी होने की तारीख से भुगतान होने/भुगतान की वसूली होने तक का अदा करना होगा।


चूंकि कर्जदार, सह-कर्जदार/जमानतीगण उक्त कथित राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों, सह-कर्जदारों/जमानतियों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों को भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | कर्जदार (एस) सह-कर्जदार (एस) व जमानतियों के नाम | गिरवी रखी गई सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | अधिग्रहण का प्रकार व तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तारीख | शेष बकाया राशि (रूपये) | |
| 14237214 | 1. प्रकाश चन्द छीपा 2. राजेश छीपा | सम्पत्ति प्लाट नं. 214, क्षेत्रफल 175.17 वर्गगज, स्कीम गोकुल एनक्लेव, दौलतपुरा कलवाडा, सेज सांगानेर के बाद अजमेर रोड की सीमा के अन्दर, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. 215, उत्तर-प्लाट नं. 213, पश्चिम-रोड 30', दक्षिण-रोड 30' | 07.08.2021 | रूपये 10,43,093.90/- | 27.06.2022 भौतिक कब्जा |
| 17921837 | 1. मोहित नामा 2. शिशांशी नामा | सम्पत्ति प्लाट नं. 1150, गोकुल एनक्लेव iii ग्राम छतरपुरा कलवाडा, सेज सांगानेर के बाद, अजमेर रोड, क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 30 फिट, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं. 1149, दक्षिण-प्लाट नं. 1151 | 19.04.2021 | रूपये 6,66,032.98/- | 27.06.2022 भौतिक कब्जा |

विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदारों/जमानतियों एवं आमजनता को एतद्‌द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेन-देन नहीं करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन मांग नोटिस में उल्लेखित राशि भुगतान मांग नोटिस में उल्लेखित राशि का भुगतान मांग नोटिस जारी होने की तारीख से भुगतान करने/वसूली होने तक पर आगे लगने वाले ब्याज व अन्य शुल्कों सहित भुगतान करना होगा।

दिनांक- 27.06.2022
स्थान - जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)



*क्या आप जानते हैं इतिहास का सबसे छोटा युद्ध केवल एक घंटे चला था। एंग्लो-ज़ंज़ीबार युद्ध को यह विशेष दर्जा दिया जा सकता है। हुआ यूँ था कि, ज़ंज़ीबार के सुल्तान हमाद बिन थुवैनी की 25 अगस्त 1896 में मृत्यु हो गई। उसके भतीजे, खालिद बिन बरगाश ने अपनी ताकत के बल पर तुरंत सल्तनत को हथिया लिया। पूर्वी अफ्रीका का एक छोटा सा द्वीप ज़ंज़ीबार, जो वर्तमान में तंजानिया का हिस्सा है, कभी एक अलग देश था, जहां अंग्रेजों का संरक्षण का शासन था। हालांकि सुल्तान हमाद पूरी तरह से अंग्रेजों के काबू में था पर फिर भी उसने शाही तख्त के प्रति वफादार, एक हज़ार सैनिकों की सेना बनाई हुई थी। उसकी मृत्यु के बाद जब खालिद बिन बरगाश सुल्तान बना तो उसने इस मिलिटरी फोर्स का उपयोग अपने लाभ के लिए करना शुरु कर दिया। ज़ंज़ीबार के फलते-फूलते लौंग उद्योग के कारण अंग्रेजों की ज़ंज़ीबार में गहरी दिलचस्पी थी। लेकिन जब सुल्तान के भतीजे ने यह जता दिया कि वह काबू में आने वाला नहीं है तो अंग्रेज नाराज हो गए। जिस दिन युद्ध हुआ, सुबह 8 बजे चीफ डिप्लोमैट बासिल केव ने खालिद को चेतावनी दी और आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन, खालिद ने महल नहीं छोड़ा, उसी समय बासिल केव ने फॉरेन ऑफिस को तार भेजा कि "अगर शांति के सभी प्रयास विफल हो जाएं तो क्या हम महल पर बमबारी कर सकते हैं।" जवाब "हाँ" में मिलते ही ब्रिटिश सैनिक युद्ध पोतों में सवार होकर ज़ंज़ीबार पहुंच गए। खालिद को अगले दिन एक और चेतावनी दी गई। पर खालिद ने कहा "हम अपना झण्डा नहीं उतारेंगे हम नहीं मानते कि आप हम पर फायर करेंगे।" ज़ंज़ीबार की सेना भी हथियारों के साथ तैयार थी। खालिद की बागी टिप्पणी ने अन्ततः युद्ध घोषित करवा दिया। भारी बमबारी हुई। ज़ंज़ीबार की सेना ब्रिटेन की सेना की तुलना में काफी छोटी थी और 30 से 45 मिनट में ही शाही नौका डूब गई तथा 500 सैनिक और नागरिक मारे गए। इस पूरी कवायद में सिर्फ एक ब्रिटिश अफसर को चोट आई। चूंकि एकमात्र क्लॉक टावर बमबारी में गिर गया था, इसलिए सही समय की जानकारी तो नहीं है, पर यह ज्ञात है कि युद्ध एक घंटे भी नहीं चला। खालिद बच निकला और उसने समीपवर्ती जर्मन कॉन्सलेट में शरण ले ली। सन् 1960 के बाद यह क्षेत्र तंजानिया को मिल गया।*

# जालोर जिले के आहोर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में कार में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत

## सभी युवक रात्रि को करीब बारह बजे कार में सवार होकर तखतगढ़ से चरली आ रहे थे, उस दौरान उम्मेदपुर के पास सड़क पर खड़े पत्थर से लदे ट्रक से उनकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई

आहोर, 28 जून (निसं)। जालोर जिले के आहोर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर उम्मेदपुर के पास सोमवार की रात हुउ भीषण सड़क हादसे में कार में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों को आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इस हादसे के विरोध में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग भी जाम किया।

जानकारी के अनुसार चरली निवासी दिनेश कुमार पुत्र परसुराम प्रजापत, रामलाल पुत्र जेठाराम प्रजापत, कमलेश पुत्र चंपालाल प्रजापत, छगनलाल पुत्र जगदीश प्रजापत और मानाराम पुत्र शांतिलाल हीरागर ये सभी युवक रात्रि को करीब बारह बजे कार में सवार होकर तखतगढ़ से चरली आ रहे थे,उस दरम्यान उम्मेदपुर के पास सड़क पर खड़े पत्थर से लदे ट्रक से उनकी जबरदस्त भिडंत हो गई। कार ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार होने की नीयत से ट्रक को भगाने लगा। चालक ट्रक में फंसी कार

■ **हादसे के बाद ट्रक चालक फरार होने की नीयत से ट्रक को भगाने लगा और ट्रक में फंसी कार को काफी दूरी तक घसीटकर ले गया। यह नजारा देखकर दूसरे वाहन वालों ने ट्रक को रूकवाया। बाद में देखा तो कार में सवार सभी युवकों की मौत हो चुकी थी।**

को काफी दूरी तक घसीटकर ले आया। यह नजारा देखकर दूसरे वाहन वालों ने ट्रक को रूकवाया। बाद में देखा तो कार में सवार सभी युवकों की मौत हो चुकी थी।

सूचना पर आहोर थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और ट्रक में फंसी कार को कडी मशक्कत के बाद अलग किया और शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बाद में सभी शवों को आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

हादसे की जानकारी मिलने पर कलैक्टर निशांत जैन, एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल भी आहोर पहुंचे और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। सड़क हादसे में एक साथ पांच युवकों की मौत की खबर सुनकर चरली गांव में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों को जब यह पता चला कि चालक की लापरवाही से ये सारे युवक काल के ग्रास बने हैं, तो उनमें आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण आहोर थाने के सामने व चरली बस स्टैंड पर एकत्रित हो कर विरोध प्रदर्शन करने लग गए। इस बीच चरली सरपंच डॉ दिनेश मेघवाल, जिला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत व ग्रामीण आहोर पुलिस से मिलने थाने पहुंचे और ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। समय बीतने के साथ ग्रामीणों का गुस्सा भी बढ़ने लगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चरली बस स्टैंड पर धरना देकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे विधायक छगनसिंह राजपुरोहित,डीएसपी हिम्मत सिंह चारण, तहसीलदार हितेष त्रिवेदी, थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह ने समझाइश कर जाम को खुलवाया। इसके बाद ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल और आहोर थाने में मौजूद एएसपी अनुकृति उज्जेनिया, एसडीएम विवेक व्यास, विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, कांग्रेस नेता सवाराम पटेल व आहोर सरपंच सुरजाराम प्रजापत के बीच वार्ता हुई।

ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपी ट्रक चालक व मालिक पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक मदद देवें। लेकिन यह मांग पूरी नहीं हो पाई। प्रशासन व पुलिस ने कहा कि सरकार की ओर से जो भी मदद दी जा रही है उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। आखिरकार दोपहर बाद परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए। पुलिस ने पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है, और ट्रक भी जब्त कर लिया गया है।

# प्रोटोकॉल तोड़कर यू.ए.ई. के राष्ट्रपति खुद प्रधानमंत्री मोदी को लेने एयरपोर्ट पहुंचे

## इससे एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने दौड़कर प्रधानमंत्री मोदी के पास आकर हाथ मिलाया था

रियाद, 28 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेशों में लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। एक दिन पहले ही जी7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री मोदी से मिलने को बेचैन दिखे थे। अब संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति ने पी.एम. मोदी के अबू धाबी पहुंचने पर प्रोटोकॉल तोड़ते हुए एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया है। दोनों नेता एयरपोर्ट पर एक दूसरे से गले मिलकर खुशामदीद करते नजर आए। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि पी.एम. मोदी की छवि वैश्विक नेता के तौर पर लगातार मजबूत होती जा रही है। बड़ी

■ **ये दोनों ही घटनायें बताती हैं कि, अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी और देश का कद कितना बढ़ गया है।**

बात यह है कि दो महीने पहले ही पाकिस्तान के नए नवेले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी यू.ए.ई. पहुंचे थे, लेकिन उनको एयरपोर्ट पर रिसीव करने के लिए यू.ए.ई. सरकार ने बस एक मंत्री को ही भेजा था।

प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक छवि उनके हर विदेश दौरे में नजर आती है। जर्मनी में जी-7 की बैठक से इतर पी.एम. मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा की। इस अनौपचारिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और कई मोर्चों पर एक साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से भी मुलाकात की।

एक दिन पहले ही जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जब सभी नेता ग्रुप फोटो के लिए इकट्ठा हो रहे थे, उस दौरान जो बाइडेन की हरकत ने सबका ध्यान खींच लिया। उस समय पी.एम. मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से बात कर रहे थे। इतने में ही अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन काफी दूर से कई नेताओं को पीछे छोड़ते हुए पीएम मोदी की तरफ बढ़े और पीछे से उनके कंधे पर हाथ रख अपनी मौजूदगी जताई। पी.एम. मोदी ने बाइडेन को देख उनके हाथ मिलाया और दोनों नेताओं ने एक दूसरे का अभिवादन किया।

## प्री-प्राइमेरी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साथ शपथ पत्र पेश करने का आदेश दिया है।

न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश शुभा मेहता की खंडपीठ में स्माइल फॉर आल सोसायटी और अभ्यूथानम सोसायटी की जनहित याचिकाओं सुनवाई हुई। स्माइल फॉर आल सोसाइटी की ओर से अधिवक्ता विकास जाखड़ ने कहा कि प्रथम कक्षा से प्रवेश दिए जाने से गरीब व वंचित वर्ग के बच्चे निजी स्कूल में पहले से अध्ययनरत बच्चों से पिछड़ जाते हैं। ऐसे में प्रवेश प्री-प्राइमरी कक्षाओं से ही दिलाया जाए। आरटीई कानून के तहत प्री प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश दिया जाता रहा है। लेकिन राज्य सरकार ने नियमों की मनमानी व्याख्या करते हुए 2019-20 सत्र से आरटीई के तहत प्रथम कक्षा से प्रवेश देने का फैसला किया। इससे गरीब बच्चों का प्रवेश बाधित हुआ है, जो कानून की मूल भावना के खिलाफ है। कोर्ट ने 23 अक्टूबर 2021 को बच्चों को प्री-प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश का अंतरिम आदेश दिया, लेकिन इसकी पालना नहीं की गई।

# शिंदे ग्रुप क्या राज ठाकरे की पार्टी में विलय हो सकता है

## इसमें केवल एक बड़ी हिचकिचाहट इस बात के कारण है कि, विलय के बाद राज ठाकरे इस "ग्रुप" का नेता होने का दावा करेंगे, यह स्थिति एकनाथ शिंदे को मंजूर नहीं होगी

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो**

नई दिल्ली, 28 जून। शिवसेना का एकनाथ गुट जिन विकल्पों पर विचार कर रहा है, उनमें एक यह भी है कि शिन्दे गुट का विलय राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एम.एन.एस.) में कर दिया जाये।

संविधान की दसवीं अनुसूची में 2003 में किया गया संशोधन, जिसे आम भाषा में दल-बदल-विरोधी कानून कहा जाता है, किसी पार्टी से अलग हुये गुट के विधानसभा में एक पृथक रूप में आने का निषेध करता है। डिस्क्वालिफिकेशन से बचने के लिये ऐसे ग्रुप को किसी अन्य राजनैतिक दल में विलीन हो जाना चाहिये।

जहाँ सर्वोच्च न्यायालय ने शिन्दे ग्रुप को यह कहकर मोहलत दे दी है कि वह महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर द्वारा भेजे गये डिस्क्वालि-फिकेशन नोटिसों का जवाब 12 जुलाई तक दे सकता है, वहीं, विद्रोही गुट की यह दुविधा बरकरार है कि, वह शिवसेना की अपनी पहचान को छोड़ना नहीं चाहता।

ग्रुप का भाजपा में विलय एक विकल्प हो सकता है, लेकिन इस गुट के बहुत सारे सदस्य इस बात से आशंकित हैं कि ऐसा होने से, वे राष्ट्रीय पार्टी, भाजपा के दबदबे के नीचे आ जायेंगे।

एम.एन.एस. के साथ विलय होना भी एक आसान विकल्प नहीं है, क्योंकि इस स्थिति में, इस ग्रुप के नेता राज ठाकरे माने जायेंगे, शिन्दे नहीं। शिन्दे गुट के समक्ष तीसरा विकल्प है- प्रहार जनशक्ति पार्टी (पी.जे.पी.) में विलय होना, जिसके महाराष्ट्र विधानसभा में केवल दो विधायक हैं। इस पार्टी के नेता तथा वर्तमान विधायक ओमप्रकाश बाबाराव बच्चू काडू शिन्दे गुट को समर्थन दे ही चुके हैं तथा शिन्दे गुट के साथ, गुवाहाटी में डेरा डाले हुये हैं।

तथापि, शिन्दे गुट को यह कोई आकर्षक विकल्प नहीं लग रहा, क्योंकि पी.जे.पी. एक छोटी सी पार्टी है तथा उसका मुख्य जोर किसानों के अधिकारों पर ही है। एम.एन.एस. में विलय होना शिन्दे गुट के लिये एक ज्यादा मजबूत संभावना है क्योंकि राज ठाकरे पूरे महाराष्ट्र में एक जाना-पहचाना चेहरा हैं तथा उन्हें बाल ठाकरे की विरासत का लाभ भी मिला हुआ है। इस विलय से एम.एन.एस. को ज्यादा लाभ है, जिसका इस समय विधानसभा में केवल एक ही विधायक है। पिछले कुछ समय से राज ठाकरे एम.वी.ए. सरकार पर प्रहार भी करते आ रहे हैं और ऊपरी तौर पर भाजपा के प्रति कुछ नरम भी हो गये थे। पिछले अप्रैल में, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योदि आदित्यनाथ की नीतियों का गुणगान भी किया था।

मई में उन्होंने प्रधानमंत्री की "नई कश्मीर" नीति के लिये, उनकी भी सराहना की थी।

## मुंबई में 4 मंजिला इमारत ढही

मुंबई, 28 जून। मुंबई के कुर्ला पूर्व के नाइक नगर में सोमवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ढह गई। बी.एम.सी. के अनुसार, मलबे के नीचे से 12 लोग बचाए गए हैं और अब तक 17 लोगों की मौत हो गई है। अभी कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। वहीं मौके पर पहुंचीं बी.एम.सी. की

■ **इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई।**

अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े ने कहा कि इमारत जर्जर हो चुकी है और 2013 से पहले मरम्मत और फिर इमारत को गिराने के लिए नोटिस दिए गए थे।

महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने कुर्ला भवन ढहने की साइट का दौरा किया।

# दो एडीजी, डीआईजी व आरएससी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

को अपने अपने इलाकों में गश्त बढ़ाए जाने, फोर्स की संख्या बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पुलिसकर्मियों को फील्ड में उतारने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट पर भी पैनी नजर रखने का आदेश दिया है। मुख्यालय ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की हिदायत दी है। साथ ही सभी सूचनाएं तत्काल मुख्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय से जिले में तैनात पुलिस अधिकारियों को सभ्रांत और अच्छे लोगों से संपर्क में रहकर लोगों से अपील करने के लिए कहा गया है कि वे उत्तेजित ना हो।

उधर इस मामले को लेकर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने मंगलवार शाम उच्च स्तरीय बैठक लेकर सभी संभागीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला कलेक्टरों को प्रदेशभर में विशेष सतर्कता और चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से प्रदेशभर में आगामी 24 घण्टे के लिए इंटरनेट बंद किये जाने, सभी जिलों में आगामी एक माह तक धारा 144 लागू कर चार पुलिस व प्रशासन के सभी अधिकारियों के अवकाश निरस्त करने, शांति समिति की बैठकें आयोजित करने और उदयपुर जिले में आवश्यकतानुसार कर्फ्यू लगाये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों को रेंज में भेजने के निर्देश दिये है।

मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि उदयपुर की घटना के वीडियो के मोबाइल व अन्य माध्यमों से प्रसार पर सख्ती से रोक लगाई जाए। साथ ही वीडियो को प्रसारित करने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि धर्म गुरूओं से अपील की जाए कि वे साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति बनाये रखने में सहयोग करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार ने कहा कि सभी जिलों में पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर रखी जाए। पुलिस एवं प्रशासन के सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

## दुष्कर्म...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कराया। अभियोजन पक्ष की ओर से कहा गया कि घर से जाने के बाद से लेकर वापस आने के बीच अभियुक्त ने कई बार पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

## मुंबई तट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अलावा एक अन्य यात्री व दो पायलट सवार थे। हेलीकॉप्टर मुंबई तट से करीब 50 नॉटिकल मील दूर अरब सागर में गिर गया। हालांकि हेलीकॉप्टर में लगे फ्लोटर्स के चलते यह समुद्र की सतह पर तैरता रहा। हेलीकॉप्टर में दो पायलट के अलावा छह ओ.एन.जी.सी. कर्मी सवार थे और एक कंपनी के लिए काम करने वाला ठेकेदार था। फिलहाल जिन परिस्थितियों के कारण आपात कालीन लैंडिंग हुई, वे अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। ओ.एन.जी.सी. के अरब सागर में कई रिग और प्रतिष्ठान हैं जिनका उपयोग समुद्र तल के नीचे स्थित जलाशयों से तेल और गैस का उत्पादन करने के लिए किया जाता है।

## पी.सी.आई...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हिरासत में भेज दिया।

पी.सी.आई. ने कहा कि, यह फैक्ट चैकिंग साइट "ऑल्ट न्यूज़" भ्रामक जानकारियों के जंगल को साफ करने के एक साधन के रूप में काम कर रही थी, जो मनगढ़ंत खबरों द्वारा फैलाया जाता है तथा समाज में दरारें पैदा करता हैं।

पी.सी.आई. ने कहा, "दुनिया के इस गुंजायमान, वैविध्यपूर्ण तथा विशालतम लोकतन्त्र के बने रहने के लिये सतत निगरानी की कीमत चुकाई जा रही है तथा "ऑल्ट न्यूज़" इस भूमिका को पूरा करने में लगी हुई है।

# क्या अमेरिका में संसद...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खेल के मैदान में प्रार्थना की अगुवाई करने का अधिकार रखता है और टैक्सपेयर्स के धन का इस्तेमाल धार्मिक स्कूलों के संचालन के लिए किया जा सकता है।

वह देश जो अन्य सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अपने विचार पर दृढ़ रहता आया है, अब एक धार्मिक कट्टरता आधारित राजनीति पर सहमत होता जा रहा है।

इस निर्णय के निहितार्थ अमेरिका के चरित्र को परिवर्तित करते हैं। यह निर्णय चर्च और राष्ट्र के बीच एक निर्विवाद विभाजन को कमजोर करता है।

इस फैसले के विविध परिणाम होंगे। इसके आधार पर लोग धार्मिक स्कूल खोल सकेंगे, जिन्हें जनता के धन से फण्डिंग प्राप्त होगी।

महत्वपूर्ण यह है कि यह आदेश उन्हीं छह रिपब्लिकन जजों ने दिया है जिन्होंने कहा था कि, महिलाओं को अपरिहार्य गर्भ को समाप्त करने का कोई अधिकार नहीं है।

अलोकप्रिय रो बनाम वेड केस में दिए गए आदेश के बाद अमेरिका में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे।

महिलाधिकार ग्रुपों ने सर्वोच्च न्यायालय के विचार की आलोचना की है तथा महिलाओं के लिये गर्भपात के अधिकार की वापसी की माँग की है। पहले के एक फैसले में महिलाओं को ये अधिकार दिए थे कि वो अपना गर्भ कायम रखने के बारे में निर्णय ले सके।

सामाजिक क्षेत्र इस बात को लेकर चिंतित हैं कि समलैंगिक विवाह से संबंधित कानूनी अधिकारों से लेकर किन्नरों से संबंधित कानूनों तक, सभी पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

लैंगिक स्वतन्त्रता पर दिये गये फैसले अमेरिकन न्यायशास्त्र के एक स्तम्भ "लॉ बाय प्रेसिडैंस" को भी ध्वस्त करते हैं। ब्रिटिश न्यायशास्त्र द्वारा स्वीकृत, आम कानूनी कवायदों में, कोई पूर्ववर्ती न्यायिक मान्यता, किसी विषय पर कानून के अंश की तरह ही अच्छी एवं सही मानी जाती है।

पुरानी मिसालों को उलट देना तथा नये नैतिक कानूनों को स्थापित किये जाने का, अमेरिका की विधायिकाओं के निर्वाचित सदस्यों ने विरोध किया है। उन्होंने इन विवादास्पद विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की "वैधता" एवं औचित्य पर प्रश्न खड़े किये है।

सर्वोच्च न्यायालय के रूढ़िवादी तत्वों की ओर से व्यक्तिगत स्वतन्त्रता पर होने वाले हमले शासन तन्त्र की दो शाखाओं, निर्वाचित सांसदों तथा जजों के बीच टकराव के लिये मंच तैयार होने की सम्भावना दिखाई दे रही है।

# उद्धव के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की योजना बनाई जा सके।

सूत्रों ने कहा कि, आगे की योजना बनाने वाले, शिन्दे के प्रति सभी 40 विधायकों की निष्ठा को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं तथा इसीलिये यह आवश्यक है कि आगे कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले, सभी बचाव के रास्त अच्छी तरह सील कर दिये जायें।

इससे पूर्व, विद्रोही विधायकों से की गई अपील में उद्धव ठाकरे ने कहा: "किसी के गलत कदमों के शिकार नहीं बनें, अर्थात् किस के बहकावे में नहीं आयें। जो सम्मान आपको शिवसेना ने दिया है, वह आपको कहीं नहीं मिलेगा। अगर आप आगे आकर बात करेंगे तो हम सारे मुद्दों का समाधान निकालेंगे। शिवसेना प्रमुख तथा परिवार के मुखिया के रूप में, मैं अब भी आपके लिये चिन्ताग्रस्त हूँ। बातचीत के लिये यहाँ पधारिये।"

इस बीच, शिन्दे ने कहा है कि, वे शीघ्र ही मुम्बई लौटेंगे तथा उनका गुट "बाला साहब की शिवसेना को आगे ले जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, विधायकों के शिवसेना नेताओं के साथ सम्पर्क में होने को लेकर, गलत सूचनाएं एवं जानकारियाँ जनता में फैलाई जा रही हैं। शिन्दे का यह बयान उस समय आया, जब शिवसेना सांसद ने यह दावा किया कि पार्टी कुछ विधायकों की वापसी को लेकर आशान्वित है, जिन्हें पार्टी विद्रोही नहीं मानती क्योंकि वो लोग अब भी उनके सम्पर्क में हैं।

शिन्दे ने कहा, "किसी के मन में सन्देह पैदा करने की कोई जरूरत नहीं है।..........हमारे पास जो 50 लोग (विधायक) हैं, वे स्वेच्छा से आये हैं तथा (हमारे साथ) प्रसन्न हैं हम यहाँ एक भूमिका, एक विचार लेकर आये हैं। हम केवल यहाँ अपने स्वार्थ के लिए नहीं आये, ये लोग यहाँ हिन्दुत्व और बाल साहेब की विचारधारा के साथ आये"

शिवसेना सांसद संजय राउत, जिन्हें एक मनी लॉन्डरिंग केस के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने तलब किया था, ने एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने के लिये मंगलवार को कुछ और मोहलत माँगी। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुये, राउत ने कहा कि, एम.वी.ए.सरकार में खुलकर सामने आये संकट में महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फड़नविस को शामिल नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा, "अगर वे ऐसा करते हैं तो उनकी पार्टी, फड़नविस तथा प्रधानमंत्री मोदी के नामों पर धब्बा लग जायेगा।

मीडिया ने बताया कि इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यंमंत्री ने अपरान्ह में मंन्त्रिमंडल की एक बैठक बुलाई, जिसमें वे वर्चुअली शामिल हुये। सोमवार को, मुख्यमंत्री ने असम के गुवाहाटी नगर में डेरा डाले हुये विद्रोही मंन्त्रियों के विभाग उनसे वापस लेकर मन्त्रिमंडल के अन्य साथियों को आवंटित कर दिये।

ई.डी. के अधिकारियों ने मंगलवार को शिवसेना सांसद संजय राउत को नए समन जारी करके, 1 जुलाई को हाजिर होने के लिये कहा।

दूसरी तरफ, आर.एस.एस. और भाजपा नेताओं द्वारा उद्धव ठाकरे की लोकप्रिय छवि को घूमिल करने के प्रयास जारी रहे। ये नेता ना केवल अफवाहें फैला रहे थे, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे थे कि मराठी मीडिया भी इन्हें प्रसारित और प्रकाशित करे। अब यह कहा जा रहा है कि, बाला साहेब ठाकरे के पुत्र में खुद की बुद्धि नहीं है और वे एन.सी.पी. के चतुर एवं चालाक नेता शरद पवार की सलाह पर अपनी चाले चल रहे हैं। मराठी मीडिया में ऐसे मत और लेख प्रकाशित किए जा रहे हैं कि, ठाकरे ने पवार की सलाह पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर शिव सेना को मुश्किल स्थिति में खड़ा कर दिया है।

आर.एस.एस के एक नेता ने कहा कि, जब यह स्पष्ट हो गया था कि बाजी हाथ से निकल चुकी है, उद्धव ठाकरे ने उसके तुरन्त बाद इस्तीफा देने का मन बना लिया था, किन्तु पवार ने उन्हें डटकर मुकाबला करने को राजी किया, " जिसके कारण, जैसा कि कई नेता कहते है, उन्होंने "उच्च नैतिक आधार" खो दिया।

20 जून को जैसे ही खबर आई कि शिवसेना के भीतर विद्रोही हो गया है, तथा यह जानने के बाद कि आघात कितना गहरा है, ठाकरे ने अपने अधिकारिक आवास "वर्षा" पर देर रात्रि एक मीटिंग ली। अगले दिन, उन्होंने फिर मीटिंग बुलाई, जिसमें सभी निर्वाचित सदस्यों से उपस्थित रहने के लिए कहा गया। जब कम उपस्थिति ने बुरा संकेत दिया, तब कथित रूप से उद्धव ने मान लिया कि खेल खत्म हो चुका है।

सूत्रों ने बताया कि, यही कारण है कि, उन्होंने "वर्षा" से सार्वजनिक रूप से अपना सामान खाली कर दिया और अपने पुत्रों, आदित्य व तेजस तथा पत्नी रश्मि के साथ अपने निजी आवास "मातोश्री" में चले गए। इन दोनों आवासों के बीच की दूरी को एक विदाई समारोह का रूप दिया गया, जिसमें उनके समर्थक उनकी जयजयकार कर रहे थे और साथ-साथ सुबक रहे थे, एवं ठाकरे परिवार इस समर्थन के लिए लोगों को अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा था।

## उदयपुर में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अतिरिक्त किसी भी स्थान पर असाधारण परिस्थिति में जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर संबंधित उपखण्ड के उपखण्ड मजिस्ट्रेट से इस आदेश में छूट प्राप्त करने के लिये विशेष अनुमति प्राप्त करनी होगी। जिला कलैक्टर ने शहरवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## अमेरिका में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इसी ट्रैक्टर-ट्रेलर पर पड़ी थी, जिसके दरवाजे आधे खुले हुए थे और अंदर इंसानों के शव थे।

सेंट एंटोनियो के दमकल विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड ने कहा, 12 वयस्कों और चार बच्चों सहित कुल 16 लोगों को पास के एक चिकित्सा सुविधा केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया है। जितने लोग बचे हुए पाए गए हैं, उनमें ज्यादातर थकावट, बेचैनी और बेहोशी की हालत में मिले।

हुड ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रेलर के अंदर का न तो एयर कंडीशनर काम कर रहा था और न अंदर ठंडे पानी का इंतजाम था। इस बीच, तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिसके बारे में मैकमैनस ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि वे घटना से जुड़े थे या नहीं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908